आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.44
सूर्यास्त 06.08

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
# अमृत विचार
बरेली

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी 11:10 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082
रविवार, 22 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 89, पृष्ठ 14+4 ▪ मूल्य 6 रुपये


राहुल भिवंडी की अदालत में पेश हुए सपकाल को नया जमानतदार बनाया- 12


कारपोरेट सामाजिक दायित्व को राष्ट्र निर्माण की पूंजी बनाने की जरूरत : सीपी राधाकृष्णन - 12


सर्वसम्मति पर आधारित होगा हिंद महासागर में संयुक्त समुद्री तंत्र - 13


दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तिलक और सूर्यकुमार को संभालना होगा मोर्चा - 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, त्योहार में मनमुटाव दूर कर लगाएं अपनों को गले व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## भारत-ब्राजील रिश्तों को नई मजबूती
# 20 अरब डॉलर का व्यापार समझौता
### प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के बीच खनिज, सुरक्षा को लेकर हुई वार्ता

- मोदी बोले- लातिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है ब्राजील

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा शनिवार को व्यापक वार्ता की। दोनों देशों ने अगले पांच वर्ष में 20 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया तथा महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने रक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा एवं डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना सहित कई अन्य क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने का भी संकल्प लिया, और साथ ही अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति से निपटने के लिए भारत-ब्राजील के बीच गहन रणनीतिक जुड़ाव पर जोर दिया।

मोदी ने कहा, भारत और ब्राजील इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद और उसके समर्थक मानवता के दुश्मन हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार आवश्यक है। राष्ट्रपति लूला पांच दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। उनकी यह यात्रा 18 फरवरी से शुरू हुई थी जिसका मुख्य उद्देश्य 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेना और मोदी के साथ वार्ता करना है। वर्ष 2024-25 में भारत-ब्राजील व्यापार 12 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें भारतीय निर्यात 6.77 अरब अमेरिकी डॉलर और ब्राजील से आयात 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। मोदी ने कहा कि जब भारत-ब्राजील मिलकर काम करते हैं, तो 'ग्लोबल साउथ' की आवाज मजबूत होती है।


नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी। • एजेंसी

### राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमलों की निंदा की

वहीं, लूला ने अपनी टिप्पणियों में पहलगाम में हुई आतंकी हमलों की निंदा की और कहा कि आतंकवाद को किसी भी धर्म या राष्ट्रीयता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अशांत वैश्विक माहौल के लिए भारत और ब्राजील को अपने रणनीतिक संबंधों को गहरा करने की आवश्यकता है तथा दोनों शक्तियों के बीच संवाद सर्वोत्तम स्तर की बातचीत है। उन्होंने कहा, हम सिर्फ 'ग्लोबल साउथ' के दो सबसे बड़े लोकतंत्र ही नहीं हैं। यह एक डिजिटल महाशक्ति और नवीकरणीय ऊर्जा महाशक्ति का मिलन है। हम दोनों ही अत्यधिक विविधता वाले देश हैं और हम दोनों ही बहुपक्षवाद एवं शांति के समर्थक हैं।

### विकसित भारत के लिए 'मेड इन इंडिया' चिप अत्यंत महत्वपूर्ण : मोदी

**ग्रेटर नोएडा।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत की नींव आत्म-निर्भरता के आधार पर रखी जाएगी, जिसके लिए भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप का होना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम 'इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड' के सेमीकंडक्टर संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटी चिप की कमजोर आपूर्ति शृंखला ने कई अर्थव्यवस्थाओं के विकास को रोक दिया था और विभिन्न कारखानों में काम ठप हो गया था। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए भारत में बनी चिप बहुत जरूरी हैं।

(विस्तृत कारोबार पेज पर)

## ब्रीफ न्यूज

### आतंकी खतरा : प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों की बढ़ाई सुरक्षा

नई दिल्ली। दिल्ली में आतंकी खतरे की आशंका संबंधी खुफिया जानकारी मिलने के बाद शनिवार को लाल किले के आसपास के इलाके और चांदनी चौक के कुछ हिस्से सहित राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया था कि पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटीटी) ने कथित तौर पर भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को हमले वाले स्थानों की सूची में रखा है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने लाल किले के पास संभावित विस्फोट के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है, जो प्रमुख पर्यटन स्थल और उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है।

## ट्रंप ने 24 घंटे के भीतर ग्लोबल टैरिफ 10% से बढ़ाकर 15% किया

नई दिल्ली, एजेंसी



- राष्ट्रपति बोले- भारत से ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ 10% से बढ़ाकर 15% करने का ऐलान किया है। उन्होंने शनिवार को टुथ सोशल पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार रात सभी देशों पर 10% टैरिफ लगाने की बात कही थी। राष्ट्रपति ने व्यापक शुल्क आदेशों को उच्चतम न्यायालय की तरफ से रद्द कर दिए जाने के बाद नया वैश्विक शुल्क लगाने की घोषणा की है।

अब भारत को अब पहले के 25 प्रतिशत के बजाय केवल 15 प्रतिशत के जवाबी सीमा शुल्क का ही सामना करना होगा। ट्रंप की इस घोषणा के मुताबिक, यह अस्थायी आयात शुल्क 15 प्रतिशत का होगा। आयात शुल्क वह कर है जो कोई देश अन्य देशों से आयात की गई वस्तुओं पर लगाता है। अप्रैल, 2025 में अमेरिका ने भारत सहित लगभग 60 देशों पर यह शुल्क लगाया था, ताकि अमेरिकी निर्यातकों को समान अवसर मिल सके।

उदाहरण के लिए, यदि कोई देश अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाता है, तो अमेरिका भी उस देश की वस्तुओं पर उतना ही शुल्क लगाएगा। यह मौजूदा शुल्कों के अतिरिक्त लगाया जाता है। भारत के संदर्भ में अमेरिका ने अप्रैल, 2025 में 25% जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। जुलाई में यह 25 प्रतिशत कर दिया गया और अगस्त में रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगाया गया। इस तरह भारतीय उत्पादों पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया। फरवरी की शुरुआत में भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनने के बाद अमेरिका ने कहा कि भारत पर यह शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा और अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क हटा दिया जाएगा। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह आगे बढ़ेगी।

### भारतीय मूल के वकील नील ने अवैध टैरिफ के खिलाफ दलील दे पलटा ट्रंप का खेल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापक प्रभाव वाले वैश्विक टैरिफ को निरस्त करने संबंधी ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में एक भारतीय मूल के वकील नील कात्याल हैं, जिन्होंने इन शुल्कों की अवैधता के खिलाफ दलील दी। भारतीय प्रवासी के पुत्र और राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में पूर्व अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल रहे नील कात्याल ने छोटे व्यवसायों की ओर से इस महत्वपूर्ण टैरिफ मामले में बहस की और जीत हासिल की। फैसला आने के तुरंत बाद कात्याल ने एक्स पर पोस्ट किया, विजय। कात्याल ने कहा मैं प्रवासी माता-पिता का बेटा हूं, मैं अदालत में गया और अमेरिका के छोटे व्यवसायों की ओर से यह दलील दी, देखिए, राष्ट्रपति अवैध तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अपना पक्ष रखने में सक्षम था, उन्होंने मुझसे बेहद कठिन सवाल पूछे।



# अन्नदाताओं के खाते में 460 करोड़ ट्रांसफर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


लखनऊ में किसान को चेक प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी।

- 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ की बीमा राहत 3500 परिवारों को 175 करोड़ सहायता

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ-2025) के तहत 2.51 लाख अन्नदाता किसानों को 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि वितरित की। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 3500 लाभार्थी परिवारों को 175 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। एक बटन दबाकर कुल 460 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर किए गए।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि डबल इंजन सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों के खातों में राशि हर हाल में अगले 24 घंटे में पहुंच जानी चाहिए। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख भी मौजूद रहे।

सीएम योगी ने कहा कि हाल ही में पारित 2026-27 के बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों के खातों में पहुंचे।

**2.51 लाख किसानों को संबल :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सूखा और अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल बीमा संकट की घड़ी में सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। गत 16 जून 2025 को भी 11,690 किसानों और आश्रितों को 561.86 करोड़ वितरित किए गए थे।

**पांच शहरों में डॉप्लर वेदर राडार :** मुख्यमंत्री ने बताया कि लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी व आजमगढ़ में डॉप्लर वेदर राडार लगाए जाएंगे। इससे मौसम पूर्वानुमान के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावित जगह की सटीक जानकारी मिल सकेगी। प्रदेश में 450 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन और 2000 ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश

- यौन शोषण मामले में एडीजे (पॉक्सो एक्ट) ने दिया आदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज की एक विशेष अदालत ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) विनोद कुमार चौरसिया ने पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज कर विधिवत विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। अदालत के आदेश के बाद झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यह अर्जी शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(4) के तहत दाखिल की गई थी। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और सच्चाई सबके सामने आ जाएगी।

## नशा तस्करी गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार, सभी बदायूं के रहने वाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- 60 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में स्मैक की आपूर्ति करने वाले अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ गिरोह से जुड़े पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से लगभग 60 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं।

मुख्य आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी अमीन खान (24) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान खान ने खुलासा किया कि वह बदायूं के आपूर्तिकर्ताओं से स्मैक खरीदता था। इसके बाद पुलिस ने बदायूं से उसके दो आपूर्तिकर्ताओं राशिद (38) और बलबीर (34) को गिरफ्तार किया। खान के कॉल रिकॉर्ड की जांच के बाद उसके दो स्थानीय सहयोगियों आसिफ (27) और इकरार (42) का पता चला और गिरफ्तार कर लिया गया।

# फर्जी ट्रस्ट बना करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- असेंबलीज ऑफ गॉड चर्च की भूमि पर प्लॉटिंग की कोशिश
- 26 अप्रैल को न्यायालय ने निरस्त किया आदेश, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** शहर में चर्च की कीमती जमीन को फर्जी ट्रस्ट के जरिए हड़पने और प्लॉटिंग कर बेचने के प्रयास का मामला सामने आया है। एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी निवासी रेव्ह लारेन्स जोसफ ने बताया कि वह दी असेंबलीज ऑफ गड नार्थ इंडिया कोलकाता का जनरल सेकेट्री द्वारा मुख्तारआम है। लखीमपुर तहसील सदर के गांव नौरंगाबाद

में आराजी संख्या 303 रकबा 0.405 हेक्टेयर भूमि असेंबलीज ऑफ गॉड चर्च कोलकाता पश्चिम बंगाल द्वारा पादरी पीसी सैमुअल जनरल सुपरिटेंडन के नाम से दर्ज थी, जिसका संस्था ने बैनामा कराया था। पादरी पीसी सैमुअल की मौत होने पर लखीमपुर शहर के मोहल्ला महाराजनगर निवासी विपक्षी सैल्वेस्टर गिलवर्ट ने जालसाजी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर गोरखपुर निवासी अमर जय सिंह, इंदौर मध्य प्रदेश निवासी हाबिलल, सदर कोतवाली लखीमपुर के गांव ओदरहना निवासी निजामुद्दीन और महेवागंज निवासी देवेंद्र सिंह के साथ मिलकर असेम्बलीज ऑफ गॉड चर्च के नाम से फर्जी ट्रस्ट गठित कर 6 नवंबर 2015 को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय सदर में पंजीकरण कराया। इसके बाद वर्ष 2023 में राजस्व अभिलेखों में अपने नाम दर्ज कराने का प्रयास किया। सक्षम न्यायालय ने 26 अप्रैल 2025 को उक्त आदेश निरस्त कर दिया है। बावजूद इसके आरोपी कथित भूमि पर भूमि पर प्लाटिंग का प्रयास कर रहे हैं। जिसे राजस्व अधिकारियों के हस्तक्षेप से रोका गया है।

पुलिस अधीक्षक ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सदर कोतवाली पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई रमेश कुमार कन्नौजिया को सौंपी है।

PARIJAT CHARITABLE EYE HOSPITAL
पारिजात चैरिटेबिल आई हास्पिटल
डॉ. भ्रमरेश शर्मा
MBBS, M.S. (Optho.)
CONSULTANT EYE SURGEON



मोतियाबिन्द
✔ MICS फेको विधि
✔ मल्टी फोकल लैंस
✔ टोरिफ, EDOF लैंस
✔ न इंजेक्शन, न परहेज
✔ MICS सबसे पावरफुल मशीन
✔ Optical Biometer
मल्टी फोकल लैंस
✔ चश्में पर कम निर्भरता
✔ अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ
कालापानी
✔ सम्पूर्ण जाँच
✔ RFNL Analysis
✔ VF Analysis
✔ लेजर ऑपरेशन
रेटिना (पर्दा)
✔ OCT, FFA
NFL Analysis
✔ B.Scan
अल्ट्रासाउण्ड
पुतली (Cornea)
✔ Topography
✔ Keratoconus
अन्य
✔ Yag Laser
✔ भेंगापन का इलाज
✔ नाखूना ऑपरेशन
✔ पलकों का ऑपरेशन
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत
मुफ्त इलाज की सुविधा
सूद धर्मकांटा, मैकनियर रोड, बरेली।
89793-00360, 89790-69333



**इफ्तार**
रविवार
सुन्नी : 6:10
शिया : 6:20

**सहरी**
सोमवार
सुन्नी : 5:15
शिया : 5:9

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को अगवा कर ले गया युवक

**पीलीभीत, अमृत विचार** : सुनगढ़ी क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके मकान के ऊपर फ्लोर में विमल गुप्ता पत्नी नवल गुप्ता रहती है। उनके मकान में उनकी बहन सुनीता गुप्ता का पुत्र रोहित गुप्ता आता है। इसी बीच उसने उसकी बेटी से फोन पर बातचीत करना शुरू कर दिया। 19 फरवरी को घर उसकी बेटी अकेली थी। तभी आरोपी युवक उसको फुसलाकर ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### नशे में पत्नी को पीटा रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : सुनगढ़ी क्षेत्र चिड़ियादाह निवासी वीना की ओर से पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। उन्होंने बताया कि उसकी शादी को 20 साल हो चुके हैं। उसके तीन बच्चे हैं। शादी के कुछ समय बाद से पति मोहनस्वरुप पुत्र केसरीलाल का व्यवहार खराब होता जा रहा है। आए दिन उसके साथ मारपीट की जाती है। दो दिन पहले भी उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# शहर में खुदी पड़ीं सड़कें, नहीं सुधरे हालात

## पाइप लाइन डालने को खोदकर छोड़ दीं सड़कों पर गड्ढे, निर्माण सामग्री के लगे हैं ढेर, हादसे का रहता डर

- कहीं लगे निर्माण सामग्री के ढेर, कई स्थानों पर चल रहा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार**: होली पर्व को महज 11 दिन बाकी है। मगर, शहर की सड़कों की दशा में सुधार नहीं हो सका है। कई जगह सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है तो अव्यवस्था फैली हुई है। सड़कों पर गड्ढे के साथ ही निर्माण सामग्री के ढेर लगे हैं। इसके अलावा कई मोहल्लों में पाइप लाइन डालने के लिए खुदाई की गई है। जिसके चलते सड़क की दुर्दशा है। स्थानीय लोगों को एक ही चिंता सता रही है कि अगर होली से पहले सड़कों का सुधार नहीं कराया गया तो हादसे तय हैं। फिलहाल अभी सड़कों की दशा के सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है।

वैसे तो शहर की सड़कों की दुर्दशा लंबे समय से खराब है। इन दिनों नगर पालिका की ओर से 28 दिन 28 लोकार्पण अभियान के तहत कई स्थानों पर जर्जर सड़कों की मरम्मत कराई जा रही है। कई वार्ड की सड़कों को बनवाने के बाद लोकार्पण कराया जा चुका है। वहीं, पाइप लाइन डालने का काम भी कई स्थानों पर चल रहा है। जिससे सड़कों पर होली से पहले की गई खुदाई हादसे का सबब बन चुकी है। वार्ड नंबर 26 की तमाम गलियों में पखवाड़ा भर से अधिक समय से खुदाई करने के बाद सड़क पर गड्ढे के साथ ही पत्थर पड़े हैं। जिससे पैदल निकलना भी दूभर हो रहा है। मोहतसिम खां मोहल्ला, चरक का कुआं व आसपास की कई गलियों में आलम ये है कि कई वाहन चालक गिरकर चोटिल हो चुके हैं। इनकी मरम्मत भी नहीं कराई गई है।

होली पर रंगों की बौछार के बीच वाहन दौड़ाए जाते हैं। कई नशे की हालत में वाहन चला रहे होते हैं। ऐसे में हादसे का खतरा बना रहता है। आवास विकास चौराहा से नकटादाना की तरफ जाने वाले मार्ग पर भी सड़क किनारे मलबा है।



आवास चौराहा से नकटादाना की तरफ जाने वाली सड़क किनारे खुदाई के बाद छोड़ा मलबा।



मोहल्ला मोहतसिम खां में खोदकर छोड़ी गई सड़क। ● अमृत विचार



चरक का कुआं चौराहा के पास खोदकर छोड़ी गई सड़क। ● अमृत विचार

### टनकपुर हाईवे समेत कई जगह बदतर तस्वीर

आम गली मोहल्ले ही नहीं, मुख्य मार्गों पर भी हादसे की वजह बनने वाले गड्ढे दूर नहीं हो सके हैं। लंबे समय से टनकपुर हाईवे की सड़क से काफी नीचे हो चुकी पटरी का सुधार नहीं हो सका है। कई पूर्व डीएम भी इसे लेकर शासन स्तर तक पत्राचार कर चुके हैं, लेकिन समाधान नहीं हो सका। ठेका पुलिस चौकी के बराबर वाली मुख्य सड़क भी जर्जर है। इसका भी सुधार नहीं हो सका। मोहल्ला आसफजान की गलियों में भी कई जगह जर्जर स्थिति है। मगर होली नजदीक आने के बाद भी कोई सुध नहीं ली गई है।

> जल निगम की ओर से पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है। होली को देखते हुए जल निगम को नोटिस दिया जा चुका है, कि जहां पर भी खुदाई की जाए वहां पर सड़क को समतल कर दें। इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। कहीं कोई खामी है तो उसे गंभीरता से लिया जाएगा। –**संजीव कुमार**, ईओ नगर पालिका पीलीभीत।

कई अन्य वार्डों में भी अव्यवस्था की भरमार है। गहरे गड्ढे हो रखे हैं, जिसका इन 11 दिन में सुधार हो पााना मुमकिन नहीं लग रहा। इस दिशा में कोई सुध नहीं ली जा रही है। नई सड़कें भी बन रही है, तो वहां पर भी निर्माण सामग्री के ढेर लगे हुए हैं। जिम्मेदारों की नजदअंदाजगी के चलते अगर सुधार न हुआ तो खुद ही ख्याल रखना होगा।

# गांव बिलगवां में विशेष शिविर का आरंभ



शिविर के दौरान गांव में पहुंची स्वयं सेविकाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ग्रामीणों को एकल-उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार**: राम लुभाई साहनी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से गोद लिए गए ग्राम बिलगवां में सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य स्वयंसेविकाओं में सेवा, समर्पण, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है।

पहले दिन स्वच्छता अभियान एवं प्लास्टिक उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयंसेविकाओं ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। जागरुकता रैली निकालकर ग्रामीणों को एकल-उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री रहे। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है और स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने में छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

डॉ. सचिन गिराह ने अध्यक्षता की। छात्राओं को ग्राम विकास एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि फैजुल रहमान ने प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया।

स्वयंसेविका पिंकी ने कहा कि हम सभी को अपने घरों से ही स्वच्छता की शुरुआत करनी चाहिए और प्लास्टिक का प्रयोग कम करना चाहिए। स्वयंसेविका रिया गंगवार ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे कपड़े एवं जूट के थैलों का प्रयोग करें। पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहयोग दें। छात्राओं ने स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बिलगवां बनाने का संकल्प लिया। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई।






# प्राथमिक स्कूल गुटैहा में छात्र-छात्राओं के रंगारंग कार्यक्रमों ने मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत किए गए बच्चे व शिक्षक। ● अमृत विचार

- विजेताओं को स्कूल प्रबंधन की ओर से किया गया पुरस्कृत

**अमृत विचार**: ललौरीखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल गुटैहा में शनिवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शारदा संगोष्ठी एवं अभिभावक अध्यापक बैठक भी कराई गई।

वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष हरिशंकर, श्याम विहारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कराई। खेल, भाषण प्रतियोगिता कराई गई।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रधानाध्यापक मीना कुमारी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरिशंकर ने पुरस्कार बांटे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष, सदस्य, अभिभावक, एआरपी सुरजीत गंगवार, शिशिर माहेश्वरी ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। शारदा संगोष्ठी के तहत अभिभावकों की रिले रेस और नींबू दौड़ प्रतियोगिता हुई। कक्षा एक से कक्षा चार के सर्वाधिक बच्चे उपस्थित रहे। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मीना कुमारी,साहबलाल यादव, जिज्ञासा, प्रकाश चन्द्र, जय वर्मा, निर्मला रानी, मीना देवी, बाबूराम, ममता देवी आदि मौजूद रहे।

## चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : अमरिया क्षेत्र के गांव मुलाखेड़ा निवासी कृष्ण कुमार ने जहानाबाद पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 10 फरवरी को अपनी बहन कुसमा देवी निवासी उसैनिया रम्पुरा थाना जहानाबाद को बाइक से घर छोड़ने के लिए जा रहा था। तभी निसरा के पास एक डंपर ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# स्वरोजगार और पहचान दिलाने को प्रदर्शनी 22 को

**पीलीभीत, अमृत विचार** : महिलाओं को स्वरोजगार और पहचान दिलाने के उद्देश्य से 22 फरवरी को एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में महिला कामगार और उद्यमी अपने हाथों से बनाए उत्पादों को प्रदर्शित करने के साथ ही उनकी बिक्री भी कर सकेंगी।

श्रीपरिधान की ओर से बीसलपुर अग्रवाल सभा हॉल में आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी में करीब तीन दर्जन स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हैंडमेड सामान, ज्वैलरी, साड़ी-सूट और बच्चों से जुड़ा सामान लोगों के लिए उपलब्ध रहेगा। आयोजक नेहा अग्रवाल और प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसी महिलाओं को मंच देना है, जो घर से छोटे स्तर पर काम कर रही हैं। इस तरह के आयोजनों से उन्हें पहचान मिलती है और उनके उत्पादों की बिक्री भी बढ़ती है। प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी।

# यातायात नियम पालन हमारी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- सड़क सुरक्षा मुहिम के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**अमृत विचार**: डिवाइन कॉलेज में सड़क सुरक्षा मुहिम के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित यातायात के महत्व को समझाना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी डॉ. हरचरन लाल ने कराई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात नियमों की जानकारी भर नहीं, बल्कि यातायात के नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों की महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को दी थी। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता में अंजली, मुन्तहा, अभय राठौर, सुनील कुमार, शिवांगी वर्मा, प्रियांशी, दानिया, मानसी कश्यप, दीपिका रावत, चित्रा तिवारी, दीपा नेहा गंगवार, हेमन्त, रतन प्रभा, खुशी भारती, मेघा, पायल, रामसिंह, श्रेयांशी गुप्ता, अनुष्का सिंह, स्नेहा शर्मा, खुशी सक्सेना, स्वाति गुप्ता, आकाश मौर्य, यश गंगवार, मधु संजना, पूजा, स्वाति वर्मा, धनदेवी मनुपाल, नीलोफर, पंखुड़ी, सपना, सोनी वर्मा, ऊषा राना, मीनू पाण्डेय, विशाल, अमित आदि ने प्रतिभाग किया।

यातायात से संबंधित संकेत, गति सीमा, प्राथमिक उपचार, सुरक्षित ड्राइविंग से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गए। अन्त में प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार जायसवाल ने विचार रखे।

## शहर में आज

- बीसलपुर के अग्रवाल सभा भवन के हॉल में प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से।
- टीईटी अनिवार्यता के विरोध में हैशटैक अभियान दोपहर 01 बजे से।
- गांधी स्टेडियम में तीन दिवसीय सरस मेला सुबह 10 बजे से।
- पुष्प इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज एंड हायर स्टडीज में स्थापना दिवस कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से।
- गांधी प्रेक्षागृह में कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह दोपहर 03 बजे से।
- सीएचसी -पीएचसी पर जन आरोग्य मेला सुबह 09 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### कारखाने के हिसाब को लेकर भाई को पीटा

**पीलीभीत,अमृत विचार** : सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव टांडा निवासी इंकलाब अहमद पुत्र जमील अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके भाई एजाज अहमद का साझे का घर है। 20 फरवरी की रात 11 बजे उसका भाई एजाज अहमद कारखाने के हिसाब को लेकर चर्चा करने लगा। इसी दौरान गाली गलौज शुरु कर दी। विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवक को मारपीट कर किया लहूलुहान

**बीसलपुर, अमृत विचार** : क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी निवासी पंकज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रामलीला मार्ग स्थित बारात घर में शुक्रवार रात विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। तभी अभिषेक ने उसे कॉल कर बारात घर के गेट पर खड़ा बताया। तभी पांच साथियों के साथ हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### महिला के कुंडल लूटे, अज्ञात पर रिपोर्ट

**बिलसंडा, अमृत विचार** : करेली थाने में दी गई तहरीर में ग्राम ढकपुरा निवासी आकाश पुत्र शिवचरन ने बताया कि उसकी पत्नी सरिता 19 फरवरी की दोपहर एक बजे गांव के बाहर सड़क किनारे चारागाह की जगह पर उपले उठा रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो युवक आए और सोने के कुंडल खींच ले गए। शोर पर लोग जमा हुए लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### गुल्लक से रुपये चोरी

**बीसलपुर** : मोहल्ला बख्तावरलाल निवासी दंत चिकित्सक आशीष गुप्ता का गोपी टॉकीज रोड पर क्लीनिक है। शनिवार शाम को वह घर आए थे। गुल्लक में चाबी लगी हुई भूल गए थे। वापस दुकान पर पहुंचे तो बीस हजार रुपये चोरी हो चुके थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कैमरे भी चेक किए जा रहे हैं।

### हादसे में बाइक सवार घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : शाहजहांपुर जिले के थाना सिधौली क्षेत्र के गांव शेखूपुर निवासी सत्येंद्र कुमार पुत्र सरनाम अपने साथी थाना बिलसंडा के गांव बमरौली निवासी मीनू कुमार पुत्र हेतराम के साथ शनिवार शाम को पूरनपुर में मजदूरी करके बाइक से जराकोठी से होते हुए घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक कोतवाली दियोरियाकलां क्षेत्र के गांव रमबोझा चौराहे पर पहुंची। चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए, उन्हें सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

# ससुरालियों पर संगीन आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **एसपी के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार** : एसपी के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने क्षेत्र की एक महिला की ओर से उसके ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें पीड़िता ने संगीन आरोप लगाए हैं।

सुनगढ़ी क्षेत्र के भंगा मोहम्मदगंज निवासी पूजा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 21 मई 2021 को बहेड़ी बरेली के ग्राम मिर्जापुर निवासी प्रेमशंकर पुत्र वेदप्रकाश से हुई थी। पति प्रेमशंकर, ससुर वेदप्रकाश, सास नत्थो देवी, जेठ ओमकार और ननद सुमन देवी अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये और बाइक की मांग कर रहे थे। इसके पूरा न होने पर उत्पीड़न किया। किसी तरह वह मायके पहुंची और दहेज उत्पीड़न व खर्चे से जुड़े मुकदमे न्यायालय में दायर किए। पति ने भी परिवार न्यायालय में तलाक का वाद दायर किया था। बाद में परिवार न्यायालय में समझौता होने पर पति उसे फिर से अपने साथ ससुराल ले आया। कुछ दिन बाद फिर से दहेज की मांग शुरू हो गई। आरोप है कि 15 फरवरी को मारपीट की। सास और ननद ने पकड़ा और पति ने गर्म चाकू से चोट दी। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। मौका पाकर भाई को सूचना दी। इस पर भाई आया और पुलिस की मदद से बचाया। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है। विवाहिता का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है।

## राज्यमंत्री ने बताया फेसबुकिया, सपा जिलाध्यक्ष ने पूछा कोतवाल का क्या हुआ

# राज्यमंत्री के बयान के बाद सोशल मीडिया पर गरमाई सियासत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार**: बीते दिनों सदर कोतवाली क्षेत्र में हत्या के एक मामले में पीड़ित परिवार की ओर से दी गई तहरीर पर 30 घंटे बाद भी कार्रवाई न होने पर कोतवाल पर कार्रवाई के निर्देश देते हुए राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार का वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर छिड़ी सियासी बयानबाजी ने जिले की राजनीति को गरमा दिया है। इसे लेकर सपा जिलाध्यक्ष की ओर से की गई सोशल मीडिया पोस्ट के बाद अब राज्यमंत्री ने उन्हें फेसबुकिया बताते हुए निशाना साधा। वहीं, कुछ ही देर बाद सपा जिलाध्यक्ष की ओर से भी व्हाट्सएप ग्रुपों पर पलटवार करते हुए बयान जारी कर दिया गया।


राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

शनिवार दोपहर को गांधी सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने प्रेसवार्ता की। इस दौरान सवालों पर राज्यमंत्री खुलकर बोले। भाजपा सरकार में हुए विकास कार्यों को बताया और विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष को लेकर निशाना साधा। सपा जिला अध्यक्ष को राज्यमंत्री ने फेसबुकिया जिलाध्यक्ष बताया। कहा कि उनको ये कहना चाहूंगा कि हमारे जिलाध्यक्ष (भाजपा जिलाध्यक्ष) से ट्रेनिंग ले लीजिए।

हमारे जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी कोई चुनाव हारी नहीं और उनके (सपा जिलाध्यक्ष) के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी कोई चुनाव जीती नहीं। इससे उनकी कार्यक्षमता पता चलती है कि सिवाय डकैती डालने के अलावा इन्होंने कोई काम नहीं किया है। जनता को लूटने का काम किया है। उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाने का काम किया है।एक डिस्ट्रिक्ट एक माफिया देने का काम किया है। जबकि पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज आया। भाजपा ने एक जिला एक मेडिकल कॉलेज दिया है।

अगर आंकड़ा जोड़ा जाए तो जब से मेडिकल कॉलेज पीलीभीत में संचालित हुआ, गरीबों के 250 करोड़ से अधिक रुपये बचे हैं। फिलहाल इस बयान के बाद सियासत और गरमा चुकी है।

### सपा जिलाध्यक्ष बोले: हमारा तो सीधा सवाल, क्या हुआ कोतवाल का



राज्यमंत्री के हुए बयान के बाद सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की ओर से भी एक बयान जारी किया गया है। जिसमें कहा कि पोस्ट ग्रेजुएट मंत्री का बयान उनकी घबराहट और हताशा का प्रतीक है। फेसबुकिया जिलाध्यक्ष बताने को लेकर कहा कि आज सोशल मीडिया जनता की आवाज़ है। अगर जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाना उन्हें फेसबुकिया लगता है, तो मुझे इस पर गर्व है कि मैं जनता की आवाज़ को हर मंच पर बुलंद कर रहा हूं। भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में चुनाव जीतने की बात को लेकर सवाल किया कि मंत्री यह भी स्पष्ट करें कि क्या लोकतंत्र में जीत केवल सत्ता के बल पर होती है या जनता के विश्वास से? विधानसभा में झूठ बोलकर और जनता को भ्रमित कर राजनीति चमकाने की कोशिश ज्यादा दिन नहीं चलेगी। कहा कि मेरा तो वही सीधा सवाल आज भी कायम है, जनता जानना चाहती है कि क्या हुआ उस कोतवाल का ?


# नदी पार पांच किमी दूर पहुंचा लंगड़ाता तेंदुआ

## शुक्रवार रात कजरी निरंजनपुर गांव के नजदीक तेंदुआ देखे जाने से ग्रामीणों में फैली दहशत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार**: पूरनपुर तहसील क्षेत्र में लंगड़ाते तेंदुआ को पकड़ने के लिए करीब सप्ताह भर से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है, मगर तेंदुआ वन महकमे की पकड़ से बाहर है। बताते हैं कि शुक्रवार रात निगरानी के बीच तेंदुआ अपने मौजूदगी स्थल से नदी पार कर 05 किमी दूर शाहजहांपुर वन प्रभाग में आबादी क्षेत्र के नजदीक जा पहुंचा। आबादी के नजदीक तेंदुआ को देख दहशत फैल गई। स्थानीय रेंज कर्मियों ने इसकी सूचना शाहजहांपुर वन प्रभाग के कर्मियों को दी है।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव रम्पुरा कोन में बीती 12 फरवरी की रात एक तेंदुआ गांव निवासी सोनू सिंह के घर में जा घुसा था। तेंदुआ आंगन में सो रहे एक कुत्ते को मुंह में दबोचकर ले भागा था। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। अगले दिन वन एवं वन्यजीव प्रभाग पूरनपुर रेंज की टीम मौके पर पहुंची थी। टीम ने घर को सुरक्षित करने के लिए जाल लगाने के साथ निगरानी बढ़ाने का दावा किया था।


शुक्रवार रात कजरी निरंजनपुर में झाड़ियों के पास बैठा तेंदुआ।


रम्पुरा कोन में तेंदुआ को रेस्क्यू करने के लिए लगाया पिंजड़ा।

इधर घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया था।

वायरल वीडियो में तेंदुआ पैरों से लंगड़ाकर चलते देखा जा रहा था। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर वन महकमे ने जांच पड़ताल की तो मामला सही पाया गया। लंगड़ाते तेंदुआ के बारे में उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया गया था। इसके बाद बीते 15 फरवरी को ही उच्चाधिकारियों की ओर से लंगड़ाकर चल रहे तेंदुआ की हकीकत जानने के लिए उसे रेस्क्यू करने की अनुमति दी गई थी। जिसके बाद लंगड़ाते तेंदुआ को रेस्क्यू करने के लिए संबंधित क्षेत्र में पिंजड़ा लगाते हुए 24 घंटे लगातार निगरानी के लिए टीमें भी जुटाई गई थीं। तेंदुआ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए 03 कैमरा ट्रैप भी लगाए गए थे।

### झुकना नदी पार कर पहुंचा कजरी निरंजनपुर गांव

रम्पुरा कोन में बीते करीब सप्ताह भर से लंगड़ाता तेंदुआ देखा जा रहा था। टीमें भी लगातार निगरानी में जुटीं हुई थी। मगर, निगरानी के बीच तेंदुआ बीती शुक्रवार रात झुकना नदी को पार कर करीब पांच किमी दूर गांव कजरी निरंजनपुर की सीमा में जा पहुंचा। आबादी के नजदीक तेंदुआ को देख लोगों में दहशत फैल गई। कुछ ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसमें तेंदुआ झाड़ियों में छिपने का प्रयास कर रहा है। इधर निगरानी के बीच लंगड़ाता हुआ तेंदुआ पांच किमी दूर कैसे पहुंच गया, इसको लेकर वन विभाग की निगरानी पर भी सवालिया निशान लग रहा है। चूकिं अब तेंदुआ जिस इलाके में मौजूद है, वह शाहजहांपुर वन प्रभाग की खुटार रेंज के अंतर्गत आता है। ऐसे में स्थानीय वन अफसरों का कहना है कि तेंदुआ के पहुंचने की सूचना खुटार रेंज के कर्मियों को दी गई है।

- **पिंजड़ा लगाने के बाद नहीं मिली तेंदुआ की लोकेशन**

तेंदुआ को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाने के लिए उसकी 24 घंटे निगरानी के लिए टीमें लगाई गई थी। मगर, पिंजड़ा लगाने के बाद उसे तेंदुआ की कोई लोकेशन नहीं मिल रही थी। तेंदुआ के नदी पार कर कजरी निरंजनपुर इलाके में पहुंचने की जानकारी मिली हैं। संबंधित रेंज को इससे अवगत करा दिया गया है। - **सोवरन लाल**, क्षेत्रीय वनाधिकारी, पूरनपुर रेंज।

### घूमता रहा तेंदुआ टीम पिंजड़े में आने का करती रही इंतजार

लंगड़ाते तेंदुआ को रेस्क्यू करने के लिए पिंजड़ा लगाने के साथ ही रात- दिन निगरानी टीमें लगाई गई। ग्रामीणों की मानें तो इसके बाद तेंदुआ लगातार क्षेत्र में घूमते देखा जाता रहा, मगर टीम पिंजड़े के आसपास ही निगरानी करती रही। इधर पूरनपुर रेंज के वन अफसरों का कहना है कि पिंजड़ा लगाए जाने के बाद से ही तेंदुआ की कोई लोकेशन नहीं मिल रही है।

# बाघ मित्रों को एप के नए फीचर्स की दी जानकारी


बाघ मित्रों को जानकारी देते वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **विश्व प्रकृति निधि की ओर से प्रशिक्षण सत्र आयोजित**

**अमृत विचार**: विश्व प्रकृति निधि की ओर से बाघ मित्रों के लिए रिफ्रेशर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें टाइगर मित्र ऐप में अपडेट होने के कारण संचालन में आ रही दिक्कतों को दूर करने एवं ऐप के नये फीचर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

वन्यजीव-मानव संघर्ष को रोकने में बाघ मित्रों की अहम भूमिका को देखते हुए उनके माध्यम से मोबाइल ऐप द्वारा लगातार डेटा संग्रह किया जा रहा है। हाल ही में टाइगर मित्र ऐप के अपडेट होने के कारण कई बाघ मित्रों के मोबाइल फ़ोनों में ऐप ठीक से काम नहीं कर रहा था, जिससे डेटा संग्रह में समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं। इन्हीं समस्याओं के समाधान तथा बाघ मित्रों को ऐप के अपडेटेड वर्जन एवं नए फीचर्स से परिचित कराने के उद्देश्य से दियोरिया रेंज क्षेत्र में शनिवार को बाघ मित्रों के लिए रिफ्रेशर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बाघ मित्रों को ऐप के नए फीचर्स की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी प्रतिभागियों के मोबाइल फ़ोनों में ऐप को अपडेट किया गया तथा तकनीकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार एवं राहुल कुमार ने ऐप के सही उपयोग, डेटा एंट्री एवं रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझाया।

# रंजिश के चलते घर में लगाई आग, विरोध पर मारपीट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **एसपी के आदेश पर थाना जहानाबाद में एफआईआर**

**अमृत विचार** : पेपर देने के लिए आए छात्र के साथ रंजिश के चलते मारपीट की गई। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से आरोपी ने मकान में आग लगा दी। जिसमें काफी सामान जल गया। एसपी के आदेश पर जहानाबाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

जहानाबाद क्षेत्र के गांव उमरसड़ निवासी पुष्पा देवी पत्नी बाबूराम ने दर्ज की गई रिपोर्ट में बताया कि वह परिवार के साथ जयपुर में रहकर मजदूरी करते हैं। उसका पुत्र बेचेलाल जोकि कक्षा 10 का छात्र है। वह अपने पेपर देने के लिए गांव उमरसड़ आया था। गांव के ही श्यामलाल पुत्र नत्थूलाल से रंजिश चलती है। 17 फरवरी को बेटे को देखने के बाद आरोपी उसके घर घुसकर गाली गलौज करना शुरु कर दी। विरोध करने पर मारपीट करते हुए घर में तोड़फोड़ करना शुरु कर दी। आरोप है कि आरोपी ने घर का सारा सामान जलाकर रख कर दिया। उसे जान से मारने की नीयत से उसे आग में फेंकने की कोशिश की गई। किसी तरह से छात्र जान बचाकर वहां से निकला। आग में करीब घर में रखा चार लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। इस मामले में पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की गई।

इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी का खुलासा दो आरोपी भेजे जेल

**पीलीभीत, अमृत विचार**: सुनगढ़ी पुलिस बीते दिनों एक व्यक्ति के कार्यालय से हुई चोरी की घटना का खुलासा किया। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आठ फरवरी को एकता नगर कॉलोनी के रहने वाले राजकुमार उर्फ राजू के कृष्ण लोक कॉलोनी स्थित कार्यालय में चोरी हो गई थी।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। सुरागरसी के बाद सुनगढ़ी पुलिस ने मोहल्ला नई बस्ती निवासी शिवओम गंगवार पुत्र राजेश कुमार और विनय गंगवार पुत्र राजेश कुमार को बरहा से पूरनपुर गेट चौकी की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर नरेश त्यागी ने बताया कि आरोपियों के पास से चोरी किया गया लैपटॉप, चांदी का मुकुट बरामद किया गया है। दोनों को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

# वन-वे हो जाम वाली सड़कें, फुटपाथ से हटाएं अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार**: राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में विद्युत, जल जीवन मिशन और यातायात विभाग के अधिकारियों की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। इस दौरान शहर के सौन्दर्यीकरण, सुरक्षा व्यवस्था व विकास से संबंधित विन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

जाम की समस्या से निजात पाने के लिए जाम वाली सड़कों को वनवे किए जाने, फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने और ई-रिक्शा वाहन स्टैण्ड के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। राज्यमंत्री ने ई-रिक्शा चालकों से की जाने वाली अवैध वसूली पर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। चौराहों के सौन्दर्यीकरण व महापुरूषों की मूर्ति स्थापना के लिए विभिन्न चौराहों को व्यापार मंडल द्वारा गोद लेने पर चर्चा की।


गांधी सभागार में हुई बैठक में राज्यमंत्री, ब्लॉक प्रमुख व अधिकारी। ● अमृत विचार

- **राज्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक, कई बिंदुओं पर हुई चर्चा**

उन्होंने बाजारों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी/अलार्म लगाने की बात कही, ताकि अपराधिक घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने वाहन चेकिंग के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। विभिन्न शौचालयों में ताले लगे होने की शिकायत पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पानी टंकी की पाइप लाइन डालने के पश्चात खोदी गई सड़कों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने शहर की साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका की सभी गाडियों पर जीपीएस लगवाने एवं सफाई व्यवस्था की जांच को नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारी से पूरे शहर में जर्जर खम्भों का सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होने वाला है शहर वासियों को बिजली की किल्लत का सामना न करना पड़े, इसके लिए पहले से अच्छी तैयारी करें। पीडब्ल्यूडी एक्सईएन को भिखारीपुर रोड़, बिलगवां रोड़, भूड गौटिया रोड़, बरहा रोड़ को शीघ्र दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा, डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह, एएसपी विक्रम दहिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर आदि मौजूद रहे।

## रोजगार मेला

### 41 कंपनियों ने लिया साक्षात्कार, 1987 अभ्यर्थियों ने मेले में किया प्रतिभाग

# उम्मीदों को मिली उड़ान, 1167 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : उपाधि महाविद्यालय में वृहद रोजगार मेले का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया। मेले में विभिन्न निजी कंपनियों ने साक्षात्कार लेकर 1167 अभ्यर्थियों का चयन किया और उन्हें नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र देकर अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे।

जिला सेवायोजन कार्यालय और महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हुए रोजगार मेले की शुरुआत मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार ,डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित करके कराई। 41 प्रतिष्ठित निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया। 1987 अभ्यर्थियों ने रोजगार मेले में प्रतिभाग किया, जिनमें से 1167 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इससे पहले बालाजी आईटीआई की छात्राओं ने स्वागत वंदना प्रस्तुत की।


रोजगार मेले में युवाओं को नियुक्ति पत्र देते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने क्षेत्र में औद्योगिक विकास की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए युवाओं को ऐसे अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने पीलीभीत के नागरिकों का आह्वान किया कि इस रोजगार मेले का लाभ उठाकर स्वयं और पीलीभीत का विकास करने में अपना योगदान दें।

डीएम ने रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, उपाधि महाविद्यालय और संबंधित विभागों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही जिले के आर्थिक विकास में भी सहायक साबित होंगे।

- **राज्यमंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र, आत्मनिर्भर बनाने का दिलाया संकल्प**

कार्यक्रम का संचालन उपाधि महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार ने किया। इस दौरान कई चयनित अभ्यर्थियों को मंच से नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में अरविंद कुमार, प्रीतम राम, अमित कुमार, सना कुमारी, पूजा देवी, राजू शर्मा, पंकज कुमार, रामवीर गंगवार, सोमवीर, ज्योति कुमारी आदि को नियुक्ति पत्र भी दिए गए। उपाधि महाविद्यालय की छात्राएं अक्षरा सक्सेना और विमलेश कुमारी को भी नियुक्ति पत्र वितरित किए।

## एसपी के आदेश पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार**: अतिरिक्त दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को बच्चों सहित घर से निकाल दिया गया। एसपी के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव चिड़ियादाह निवासी शाही बानो ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2017 में उधम सिंह नगर उत्तराखंड के थाना खटीमा क्षेत्र के मोहल्ला नूरी मस्जिद निवासी अय्यूब पुत्र महबूब से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति अय्यूब, ससुर महबूब, सास कमरजहां और देवर जुनैद ने कार और पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। इसके पूरा न होने पर प्रताड़ित करने लगे। मारपीट कर घर से निकाल दिया। समझौते के बाद ससुराल वालों ने 10 जनवरी की सुबह मारपीट की। जेवर व कपड़े छीनकर उसे बच्चों सहि निकाल दिया।

# पहले उजाड़ी फसल, फिर की कुचलने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **थाने में तहरीर देने के बाद पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई**

**अमृत विचार**: खेत पर खड़ी फसल को कुछ लोगों ने उजाड़ दिया। खेत स्वामी ने जब मौके पर पहुंचकर विरोध जताया तो उसे ट्रैक्टर से कुचलकर मारने की कोशिश की गई। थाने में तहरीर देने के बाद अब पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम हिम्मतनगर उर्फ चिरैंदापुर निवासी चार भाई राजेंद्र कुमार, मनोज कुमार, शिवशंकर, रामरतन ने पुलिस को दी संयुक्त तहरीर में बताया कि उनकी जमीन गांव में है। उनके पिता ने उक्त भूमि के विभाजन का वाद एसडीएम न्यायिक पीलीभीत के यहां योजित किया था। पिता मुन्नालाल की दौरान मुकदमा मौत हो गई। उन्हे वाद में प्रतिस्थापित किया जा चुका है। इस वाद का अंतिम रुप से निस्तारण 13 अक्टूबर 2023 को गुणदोष के आधार पर किया जा चुका है। अंतिम आदेश के अनुपालन में अंतिम डिक्री 18 दिसंबर 2023 को निर्गत की जा चुकी है। न्यायालय के आदेश पर राजस्व टीम ने उन्हें आवंटित कुर्रे पर काबिज व दाखिल कराया था। जिस पर वह खेती करते आ रहे हैं। आरोप है कि 20 फरवरी को गांव के ही कुछ लोगों ने अपने साथियों संग खेत पर आए और उनकी फसल को उजाड़ दिया। राजस्व निरीक्षण द्वारा लगाए गए तूंदे भी उखाड़ दिए। विरोध करने पर ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने की कोशिश की गई। किसी रतह अपनी जान बचाई। उन्होंने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को पीड़ित ने एसपी कार्यालय में भी शिकायत पत्र दिया है।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने फूंका कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला

## शहर के गैस चौराहा पर जिलाध्यक्ष की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन कर की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** दिल्ली में आयोजित हुए ग्लोबल एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन के विरोध में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष की अगुवाई में जमा हुए कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। यह मांग की गई कि इसे लेकर राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। भाजयुमो के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल भी शांति एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैद रहा। खुफिया विभाग के कर्मचारी भी सक्रिय रहे।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शनिवार को जिला अध्यक्ष चेतन शर्मा की अगुवाई में जमा हुए। प्रदेशीय आवाहन पर सभी एकजुट होकर नारेबाजी करते हुए रेलवे स्टेशन रोड पर गैस चौराहा पर पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद दिल्ली में ग्लोबल एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन का विरोध किया गया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। उनका कहना था कि यूथ कांग्रेस ने एआई समिट के दौरान उपद्रव करते हुए प्रदर्शन किया है। जबकि एआई समिट देश के लिए महत्वपूर्ण वैश्विक अवसर है। ये भी आरोप लगाया गया कि कांग्रेस देश के विकास और गौरव को स्वीकार नहीं कर पा रही है।



गैस चौराहा पर राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजयुमो कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कांग्रेस देश को बदनाम करने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ती है। यह कार्य उसी का एक उदाहरण मात्र है। बताया कि इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य कांग्रेस की देश विरोधी नीतियों को उजागर करना है। भाजयुमो कांग्रेस की इन नीतियों का विरोध करता है और देश की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजयुमो के विरोध प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई थी। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ता चले गए। जिसके बाद पुलिस ने आवागमन पूर्व की भांति सुचारू कराया। इस मौके पर भाजपा नगराध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान , युवा मोर्चा के जिला मंत्री प्रतीक पांडे, राहुल सक्सेना, उज्जवल वर्मा, बाबूराम वर्मा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री मुकेश वर्मा, किशन राजपूत, अभिनव राणा, सार्थक मिश्रा, अमन बाबू, नरेंद्र तिवारी, अरुण शर्मा, प्रियांशु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

● बोले-देश के विकास और गौरव को स्वीकार नहीं कर पा रही कांग्रेस

# 100 मीटर दौड़ में दीपक और मंजेश रहे प्रथम



समापन पर पुरस्कृत किए जाते विजेता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

● चार दिवसीय स्पोर्टस मीट का समापन, विजेता पुरस्कृत

**अमृत विचारः** एचआरपी डिग्री कॉलेज एवं एचआरपी किट्स वैली इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का शनिवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि क्रीड़ा सचिव महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय एसएस बेदी, विशिष्ट अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, प्रबंध निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता, डॉ. अनूप वेरी, प्राचार्या डॉ. वंदना शर्मा, प्रधानाचार्या डॉ. नीतू सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके शुरुआत कराई।

पुरुष वर्ग वॉलीबॉल में मोहम्मद आसिफ एवं उनकी टीम अभिषेक कुमार, नितिन गंगवार, अंकित कुमार, विशाल श्रीवास्तव, विनोद विजयी रहे। महिला वर्ग खो-खो में अंजलि गंगवार, एवं टीम की शिवानी, आशा देवी, पूजा देवी, प्रियंका गंगवार, काजल शर्मा, महजबीन, नीशू तिवारी, सोनम गंगवार विजयी रहीं।

पुरुष वर्ग की 100 मीटर की दौड़ में दीपक, महिला वर्ग में मंजेश प्रथम रहे। पुरुष वर्ग लंबी कूद में मजहर हुसैन, महिला वर्ग में अमितेश गंगवार प्रथम रहे। पुरुष वर्ग कबड्डी में मजहर हुसैन की टीम विजयी रहे। डॉ. अनूप बेरी ने कहा कि खेल हमें अनुशासन, नेतृत्व, समय प्रबंधन, सहनशीलता और टीम भावना का पाठ सिखाते हैं। आशीष गुप्ता ने सफलता के लिए अनुशासन, परिश्रम, टीम भावना का पाठ पढ़ाया।

# अखिलेश अध्यक्ष योगेश बने महामंत्री

**मझोला, अमृत विचारः** शनिवार को नगर में बैठक कर शिव मंदिर मंझोला की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अखिलेश गर्ग को अध्यक्ष, हरीश बिष्ट को उपाध्यक्ष, योगेश बड़गोती को महामंत्री, संदीप अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। तय हुआ कि आने वाले धार्मिक आयोजनों को भव्य रूप से संपन्न कराया जाएगा। इस मौके पर अरुण सिंह, दीपक अग्रवाल, दीपक गर्ग, दीपक जिंदल, विकास अग्रवाल,यतींद्र उपाध्याय, राजकुमार सिंह, अमन शर्मा, रचित, संजय गर्ग, संजीव ,राजकुमार रस्तोगी अजय पांडे आदि मौजूद रहे।



नवमनोनीत पदाधिकारी का स्वागत करते लोग।

## महिला की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार** : संदिग्ध परिस्थितियों में मोहल्ला केसरी सिंह की रहने वाली एक महिला की मौत हो गई। उसका शव फंदे से लटका मिला। काफी देर बाद भी जब महिला कमरे से बाहर निकली तो परिवार के सदस्य देखने पहुंचे थे। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। जिंदा होने की आस में उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले गए। वहां मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

## 4 घंटे नहीं आएगी बिजली

**दियोरियाकलां, अमृत विचार** : मानपुर स्थित स्कूल की लाइन शिफ्ट करने को लेकर दियोरिया विद्युत उपकेंद्र की सप्लाई रविवार सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक काम सप्लाई बंद रहेगी। उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील अधिकारियों ने की है।

# योजनाओं की दी जानकारी, दिलाई शपथ



जहानाबाद में सभासदों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाती संरक्षण अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● जहानाबाद में वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

**अमृत विचारः** नगर पंचायत जहानाबाद में वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। डीएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर शनिवार को हुई बैठक में संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक द्वारा समिति के सदस्यों को बताया गया कि समिति के माध्यम से जनपद के जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से अवगत कराना एवं लाभ प्राप्त करना है।

इस दौरान मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सदस्यों को बाल विवाह के दुष्परिणामों को बताते हुए सभासदों को हेल्पलाइन नंबरों आदि की जानकारी दी गई। समापन पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ली गई। इस मौके पर रमनदीप कौर, परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह समेत सभी सभासद मौजूद रहे।

# पूर्णागिरि मेले को लेकर अतिरिक्त ट्रेन की मांग

**पीलीभीत, अमृत विचारः** पूर्णागिरि मेल को देखते हुए यात्रियों की सहूलियत को लेकर शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप एडवोकेट, राहुल कौशल एडवोकेट, शुभम गुप्ता, हरिशंकर राजपूत आदि ने स्टेशन अधीक्षक देवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें तीन जोड़ी टनकपुर बरेली या कासगंज के लिए मेला स्पेशल ट्रेनों की मांग की है। एक जोड़ी ट्रेन मैलानी या शाहजहांपुर तक मेला स्पेशल को लेकर संचालन की मांग की।

ज्ञापन में रेलवे स्टेशन पर उचित सफाई, पेयजल व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था, होल्डिंग एरिया, उचित प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी से निगरानी कराने की मांग की है। पूर्णागिरि मेला चार मार्च से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा।



स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन देते लोग।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा,
शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

# सात दिवसीय वार्षिक शिविर की शुरुआत

**बिलसंडा, अमृत विचारः** हेमपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय वार्षिक शिविर की बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके शुरुआत कराई। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को बताया। इसके अलावा दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं को खेल के प्रति जागरूक कर खेलों के महत्व को समझाया। प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद्रा ने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेलों में हार होना भी प्रेरणादायक है। इससे जीतने की प्रेरणा मिलती है। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डॉ. सतेंद्र कुमार,डॉ. वेदप्रकाश,डॉ. नरेंद्र कुमार बत्रा,डॉ. दिनेश कुमार,अनुजा अग्रवाल,सुरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## आग से जला सामान

**दियोरियाकलां, अमृत विचारः** न्यूरानपुर में एक घर में दोपहर के समय संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिससे घर में रखा बिस्तर, बर्तन, अनाज कपड़े सहित हजारों का सामान जल गया। बता दें कि गांव के वेदपाल अपनी पत्नी हीरा कली के साथ भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। हादसे के वक्त वह घर पर नहींथे। सूचना राजस्व विभाग को दी गई है।

# न्यूज डायरी

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : कस्बा स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए नामित नोडल अध्यापकों का चल रहा तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हुआ। दोनों बैच में 50-50 अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत शिक्षकों को आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिह्नांकन व नामांकन के बारे में जानकारी दी गई । शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक व जूनियर स्तर के हिंदी, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण व सामाजिक विषय के संघनित पाठ्यक्रम व शिक्षण मॉड्यूल्स का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिक्षक ज्ञान प्रकाश गंगवार , उमेश गिरि गोस्वामी, एआरपी प्रिया उत्तम, रूपेंद्र कुमार, हरिपाल, ईश्वरी प्रसाद, महेश शर्मा ने दिया। खंड शिक्षाधिकारी अजय कुमार भी मौजूद रहे।



## शिविर में दिव्यांगों को बांटे उपकरण



**बिलसंडा, अमृत विचार** : नगर के एक बरात घर में प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने दीप प्रज्वलन करके शुरुआत कराई। 245 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल,छड़ी,इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल,व्हील चेयर आदि वितरित किए। इस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य, शिविर प्रभारी सुखवीर सिंह भदौरिया,अक्षय सिंह भदौरिया,धर्मेंद्र सिंह चौहान, सुमित गुप्ता,रामदास पाठक,विक्रम गंगवार,पूर्व प्रधान मुन्ना सिंह,सुधीर सिंह,परदेशी कुमार आदि मौजूद रहे।

## शिविर में रक्तदान कर बने महादानी

**बिलसंडा, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर इकाई के तत्वाधान में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बरेली से डॉ.सुमित वैश्य टीम के साथ पहुंचे और लोगों की बीपी, शुगर, आंखों की जांच नि :शुल्क की गई। मरीजों को नि :शुल्क परामर्श दिया गया। स्टार चैरिटेबल केंद्र बरेली द्वारा लगाए गए शिविर मे लोगों ने रक्तदान किया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने कराई। रक्तदान करने वालों में एसओ सिद्धांत शर्मा, दरोगा अनिल सिंह,व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल,शिक्षामित्र गुरमीत कौर,मोहम्मद रेहान,इबाद आदि ने किया। आलोक जायसवाल, अंकित जायसवाल,राजीव राठौर,देवदत्त सक्सेना,अनुज,सुनील,बृजेश आदि मौजूद रहे।



## सुनील अध्यक्ष और आशुतोष महासचिव निर्वाचित



**बीसलपुर, अमृत विचार** : प्रगतिशील बार एसोसिएशन का चुनाव शनिवार को तहसील परिसर में हुआ। अध्यक्ष पद के लिए सुनील कुमार सक्सेना को 115 और उनके प्रतिद्वंदी अतुल कुमार शुक्ला को 82 मत प्राप्त हुए। 33 मतों से सुनील सक्सेना निर्वाचित घोषित किए गए। महासचिव पद पर आशुतोष पाठक को 114 और उनके प्रतिद्वंदी मुकेश कुमार गुप्ता को 83 मत प्राप्त हुए। 31 मतों से आशुतोष ने जीत हासिल की। मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश चंद्र गंगवार, चुनाव अधिकारी विमल कुमार मिश्रा, सहायक चुनाव अधिकारी अमोद कुमार रायजादा की निगरानी में चुनाव व मतगणना की प्रक्रिया संपन्न हुई। संगठन के लिए अभिषेक गंगवार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ईशु मिश्रा उपाध्यक्ष, पंकज कुमार मिश्रा कनिष्ठ उपाध्यक्ष, जगपाल वर्मा कोषाध्यक्ष, प्रकाश एडवोकेट निर्विरोध सह सचिव पहले ही चुने जा चुके हैं। अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महासचिव को फूलमाला पहनाई।



**इफ्तार**
रविवार शाम
सुन्नी : 6:06
शिया : 6:07

**सहरी**
सोमवार सुबह
सुन्नी : 5:11
शिया : 5:13

# 1.136 करोड़ से बनकर तैयार घोसियाना-मुक्तिधाम मार्ग

## विधायक योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार ने क्षेत्र पंचायत प्रमुख दिव्या सिंह के साथ किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** अंतिम यात्रा- एक ऐसा क्षण, जहां हर कदम संवेदना से भरा होता है और हर रास्ता सम्मान की अपेक्षा करता है, लेकिन घोसियाना मुक्तिधाम तक जाने वाला जर्जर मार्ग वर्षों से इस अंतिम विदाई को भी कष्टदायक बना रहा था। टूटे-फूटे रास्ते और फिसलन ने शोक संतृप्त परिजनों की पीड़ा को और बढ़ा दिया था। आमजन की इस व्यथा को गंभीरता से लेते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने इस सड़क का निर्माण करा दिया। इससे शहर को नया बाईपास मिल गया। इससे आवागमन सुगम हो गया है।

क्रिटिकल गैप, विकास शुल्क निधि और क्षेत्र पंचायत निधि की कन्वर्जेंस से कुल 1.136 करोड़ रुपये की लागत में तैयार इस मार्ग का लोकार्पण विधायक योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रमुख (क्षेत्र पंचायत) दिव्या सिंह के साथ किया। इस कार्य को कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग एवं क्षेत्र पंचायत लखीमपुर ने समय पर पूरा किया।



सैधरी बाईपास से शहर को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग। ● अमृत विचार




बनने के बाद घोसियाना-मुक्तिधाम मार्ग। ● अमृत विचार



बनने से पहले घोसियाना-मुक्तिधाम मार्ग। ● अमृत विचार

### डीएम की पहल पर गढ़ी मार्ग बना शहर का नया जीवन रेखा

घोसियाना- मुक्तिधाम मार्ग के साथ ही डीएम की पहल पर गढ़ी मार्ग अब सैधरी बाईपास से शहर को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग बन गया है। इससे मेडिकल कॉलेज से शहर की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। बाईपास पर स्थित औद्योगिक इकाइयों को शहर से सीधा जुड़ाव मिलेगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। वहीं एसएसबी, स्कूलों, स्थानीय नागरिकों के लिए यह मार्ग बड़ी राहत साबित होगा। मिदनिया तिराहे से शहर सीमा तक 850 मी. लंबाई में 8.5 मी.चौड़ा सड़क मार्ग तैयार किया गया है, जिसमें 5.50 मीटर चौड़ी सीसी रोड और 3 मी इंटरलॉकिंग शामिल है। इस नवनिर्मित सीसी सड़क पर 1.94 करोड़ रुपये की लागत आई है। निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी (प्रांतीय खंड) और इंटरलॉक व नाली निर्माण कार्य जिला पंचायत से कराया गया। सड़क पर ओवरहेड साइन बोर्ड, प्लेस आइडेंटिफिकेशन बोर्ड और रोड मार्किंग सहित सभी जरूरी साइनज कार्य हुए हैं, यह मार्ग अब 37 स्ट्रीट लाइटों से जगमगा उठा, जिससे रात्रिकालीन आवागमन भी सुरक्षित होगा।

डीएम ने कहा कि यह केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि जनहित और मानवीय संवेदना का विषय है। वर्षों से क्षतिग्रस्त इस मार्ग पर अब 660 मीटर लंबाई में सीसी सड़क, दोनों ओर पटरी इंटरलॉकिंग और नालियों का निर्माण कर, अंतिम यात्रा में शामिल होने वाले शोक संतप्त परिजनों और आमजन के लिए सुगम आवागमन सुनिश्चित किया गया है।

अब पलिया व निघासन की ओर से आने वाले वाहन सीधे मार्ग का उपयोग कर सकेंगे, जिससे महेवागंज, मेला मैदान और इमली चौराहा क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा और सड़क यात्रा अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनेगी। सड़क निर्माण से लोगों ने डीएम की जमकर सराहना की।



सड़क के लोकार्पण के दौरान विधायक योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार व अन्य।

### सेठघाट तक बनेगा नया संपर्क मार्ग

विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि मुक्तिधाम मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। अंतिम यात्रा में शामिल होने वाले लोगों को अब सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। उहोंने मंच से घोषणा की कि जल्द ही मुक्तिधाम से सड़क मार्ग के जरिए सेटघाट को जोड़ा जाएगा। इससे मुक्तिधाम से सेटघाट होते हुए सैधरी तक नया संपर्क मार्ग तैयार होगा, जो क्षेत्रवासियों के आवागमन को और अधिक सुगम बनाएगा। प्रमुख क्षेत्र पंचायत दिव्या सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी तरुणेन्द्र त्रिपाठी, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बकरियों के विवाद में दंपती से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सुजानपुर निवासी मुश्ताक अहमद ने बताया कि सुबह करीब 10:30 बजे बकरियों को लेकर गांव के ही जोहरा बानो, तरकूना बानो व सत्तार से उनका विवाद हो गया। इससे आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी। उसकी पत्नी शौना बानो के साथ भी हाथापाई की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तिलक समारोह में युवक पर हमला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना मझगईं के गांव मुर्गहा निवासी मंशाराम ने बताया कि उनका पुत्र धर्मेन्द्र अपनी रिश्तेदारी में सदर कोतवाली के गांव मनिकापुर सिंगनिया आया था। उसी समय गांव में रारू, खूबलाल व रामू के यहां तिलक समारोह चल रहा था। आरोप है कि रात करीब 9 बजे आरोपियों ने ने धर्मेन्द्र से बेवजह गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट की गई। रारू ने लाठी से सिर पर वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को जिला अस्पताल भेजा है।

### महिला को छोड़ने गए युवक से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव रायपुर मझरा दुलही निवासी राम सिंह ने बताया कि रात करीब 11:30 बजे वह नीलम देवी को उसके गांव सुजानपुर छोड़ने गया था। आरोप है कि वहां पहुंचने पर नीलम देवी के बेटे और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने उससे पूछताछ शुरू कर दी। जवाब देने के बावजूद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसके हाथ में चोट आई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीपीसीएल के 78 लाख रुपये हड़पे

**स्मार्ट फ्लीट घोटाला**

- साइबर थाने में दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के स्मार्ट फ्लीट लॉयल्टी प्रोग्राम में तकनीकी खामी का लाभ उठाकर करीब 78 लाख रुपये से अधिक की राशि हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि थाना फूलबेहड़ के गांव पूजा गांव अषाढ़ी निवासी दो युवक ने धनराशि का गबन किया है। एसपी के आदेश पर थाना साइबर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अमानत में खयानत व आईटी एक्ट 43 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भारत कॉरपोरेशन लिमिटेड के टेरिटरी मैनेजर रिटेल गोंडा ने एसपी को 25 अक्टूबर को एक शिकायती पत्र भेजा था, जिसमें बताया गया कि स्मार्ट फ्लीट लॉयल्टी वॉलेट में संदिग्ध रिचार्ज प्रविष्टियों की जानकारी 31 मार्च 2023 को भुगतान गेटवे की जोखिम आकलन टीम से मिली थी। जांच में देशभर के 1093 ग्राहकों के वॉलेट में कुल 1.29 करोड़ रुपये से अधिक की राशि क्रेडिट पाई गई, जबकि कंपनी के बैंक खाते में समकक्ष धनराशि प्राप्त नहीं हुई। कंपनी के अनुसार लखीमपुर जनपद के दो ग्राहकों ने लगभग 78,10,722 रुपये की राशि का उपयोग किया है।

आरोप है कि संबंधित व्यक्तियों को इस बात की जानकारी थी कि उनके बैंक खाते से कोई राशि डेबिट नहीं हुई, इसके बावजूद उन्होंने रकम वापस नहीं की और ईंधन क्रय में उसका उपयोग किया। बीपीसीएल ने सभी 1093 खातों को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक कर दिया था तथा 6 अप्रैल 2023 को आर्थिक अपराध शाखा, मुंबई में भी शिकायत दर्ज कराई थी। बार-बार नोटिस भेजने के बावजूद धनराशि वापस न होने पर अब कंपनी ने लखीमपुर पुलिस से विधिक कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर में भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं व सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करने की मांग कर विस्तृत जांच कराने का अनुरोध किया गया है। कंपनी ने आशंका जताई है कि मामले में अन्य लोगों की भी संलिप्तता हो सकती है। एसपी के आदेश पर थाना साइबर सेल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अमानत में खयानत व आईटी एक्ट की धारा 43 के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक हेमंत राय ने बताया कि जांच इंस्पेक्टर अवध राज सिंह सेंगर को सौंपी गई है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# घर में लगी आग धान-गेहूं समेत घरेलू सामान राख

**भानपुर/भीरा, अमृत विचारः** भीरा थाना क्षेत्र के जगनपुरवा गांव में शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे श्री कृष्ण के छप्परनुमा घर में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने घर में रखा धान, गेहूं, कपड़े, चारपाई तथा पास में रखा जानवरों का चारा, भूसा और पईरा को अपनी चपेट में ले लिया। तेज लपटों के कारण कुछ ही मिनटों में पूरा घर जलकर राख हो गया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टियों, मोटर व पाइपों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास के घरों तक आग फैलने का खतरा टल गया। पीड़ित श्रीकृष्ण ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है।

# जिला पंचायत कॉम्पलेक्स के प्रवेश द्वार पर फिर अतिक्रमण की कोशिश

- दुकानदारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** मिल रोड के मुख्य द्वार पर जिला पंचायत कॉम्प्लेक्स के गेट पर दोबारा अवैध अतिक्रमण किए जाने की कोशिश के विरोध में दुकानदारों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों ने इसे प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी बताते हुए सख्त हस्तक्षेप की अपील की है।

एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी को दिए ज्ञापन में कहा है कि नौ जनवरी को प्रशासन की संयुक्त टीम ने जिला पंचायत कॉम्प्लेक्स के मुख्य प्रवेश द्वार से अवैध कब्जा हटाया था, जिससे आवागमन सुचारु हुआ और आमजन को राहत मिली।



गोला में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते दुकानदार। ● अमृत विचार

अब पुनः कुछ लोग सार्वजनिक सड़क पर तख्त आदि रखकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे मार्ग फिर बाधित होने लगा है। यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो अतिक्रमण स्थायी रूप ले सकता है और पूर्व की कार्रवाई निष्प्रभावी हो जाएगी। ज्ञापन सौंपने समय सोनू कश्यप, अवनीश कुमार, जितेंद्र वर्मा, प्रमोद वर्मा, आशीष कुमार, अनुज शुक्ला, संदीप राजीव गुप्ता, बल्टर बाबू, रामौतार वर्मा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# भाजपा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

- कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन कर की जोरदार नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद जिले में भी राजनीति गरमा गई है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट गेट पर एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंकते हुए कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ नाराजगी जताई।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट जैसे महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान इस प्रकार का विरोध प्रदर्शन करना अनुचित है।



कलक्ट्रेट गेट पर पुतला जलाकर नारेबाजी करते भाजयुमो कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

उनका आरोप था कि इससे प्रदेश और देश की छवि प्रभावित होती है। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनसे देश की जनता से माफी मांगने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से निवेश और तकनीकी विकास को बढ़ावा मिलता है तथा युवाओं को नए अवसर मिलते हैं। उनका कहना था कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों को विवाद का मंच नहीं बनाया जाना चाहिए। नारेबाजी के बाद कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

# हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 20270 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

- कुल 21,373 परीक्षार्थी थे पंजीकृत, 1,103 परीक्षार्थी गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा जिले के 129 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। आज कुल 21,373 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 20,270 उपस्थित रहे, जबकि 1,103 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। दोनों पालियों की परीक्षा प्रशासनिक निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से कराई गई।

प्रथम पाली में हाईस्कूल गृह विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस विषय में 16,780 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 15,840 उपस्थित रहे और 940 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ रही और तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। इसी पाली में इंटरमीडिएट के व्यावसायिक विषय की परीक्षा भी हुई। इसमें कुल 376 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 371 उपस्थित रहे और 5 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट इतिहास (संकेतांक 321) की परीक्षा आयोजित की गई। इस विषय में 4,217 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4,059 उपस्थित रहे, जबकि 158 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई।

स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ सचल दलों ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

### सेंट जॉन्स में 10वीं में 327 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**गोला गोकर्णनाथ :** नगर के पंजाबी कॉलोनी स्थित सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा का दूसरा पेपर शनिवार को अंग्रेजी विषय का शांतिपूर्ण एवं सकुशल वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस परीक्षा में कुल 327 परीक्षार्थी शामिल हुए और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू हुई तथा अनुशासन और कड़ी निगरानी के बीच कराई गई। इस परीक्षा केंद्र पर दून स्कूल मोहम्मदी, राजकीय आश्रम पद्धति गर्ल्स विद्यालय रेहरिया तथा चिल्ड्रेंस एकेडमी गोला के छात्र-छात्राएं परीक्षा देने पहुंचे। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की की देखरेख में परीक्षा की सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की गईं। केंद्र पर सुरक्षा एवं अनुशासन के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

### सीबीएसई हाईस्कूल अंग्रेजी परीक्षा संपन्न

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शनिवार को सीबीएसई की बोर्ड हाईस्कूल (कक्षा 10) की अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई। निर्धारित समयानुसार सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। अंग्रेजी विषय के लिए जिले में कुल 4076 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 4039 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 37 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर परीक्षा समय से प्रारंभ हुई। केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व परीक्षार्थियों की जांच की गई। परीक्षा समाप्त होने के बाद कई विद्यार्थियों ने प्रश्नपत्र को संतुलित बताया। उन्होंने बताया कि व्याकरण, लेखन और गद्यांश आधारित प्रश्न पाठ्यक्रम के अनुरूप थे।

**मेहमान परिंदा** — हर वर्ष सर्दी शुरू होते ही दुधवा टाइगर रिजर्व के जलाशयों में आने लगते हैं विभिन्न ठंडे देशों से पक्षी


# गर्मी बढ़ने पर अपने वतन लौटने लगे प्रवासी पक्षी

- सर्दियों में पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाता है दुधवा का क्षेत्र

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व सहित समूचे तराई क्षेत्र में गर्मी बढ़ते ही तीन माह पूर्व सर्दी का मौसम शुरू होते ही हिमालय की ऊंची, बर्फीली पहाड़ियों सहित विभिन्न देशों से यहां के जलाशयों में आने वाले प्रवासी पक्षी अब अपने वतन लौटने लगे हैं।

सर्दी का मौसम प्रारंभ होते ही दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, किशनपुर वन्य जीव विहार आदि के बांके ताल, झादी ताल, भादी ताल, पुरैनाताल आदि जलाशयों में सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर आने वाले विभिन्न प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया था। इनमें हिमालय की बर्फीली पहाड़ियों से आने वाले प्रवासी पक्षी तो थे ही, साथ ही साइबेरिया, मंगोलिया, तिब्बत, चीन, जापान आदि देशों से भी आने वाले विभिन्न आकार -प्रकार के रंग-बिरंगे आकर्षक पक्षी भी थे। अब, जैसे-जैसे मौसम बदल रहा है, दुधवा सहित समूचे तराई क्षेत्र में गर्मी बढ़ने लगी है। ये पक्षी अपने ठंडे प्रांत वाले देशों को लौटने लगे हैं।



दुधवा से अपने वतन लौटते प्रवासी पक्षी। ● अमृत विचार

### विभिन्न रंग रूप के पक्षियों का दुधवा में होता है प्रवास

रंग-बिरंगे, मनोहर साइबेरियन क्रेन, पिनटेल, बंगाल फ्लोरिकन, मेलार्ड,एशियन ओपेन बिल, कुरुचिल बतख आदि प्रवासी पक्षियों सहित यहां पाए जाने वाले करीब 450 प्रजातियों के विभिन्न रंग रूप वाले मनोरम पक्षियों का दुधवा में प्रवास, प्रकृति प्रेमियों और पक्षी विशेषज्ञों के लिए जाड़ों भर एक अद्वितीय अनुभव रहा। उल्लेखनीय है कि सर्दियों के मौसम में दुधवा टाइगर रिजर्व का यह क्षेत्र पक्षी- प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन जाता है।

### क्या कहते हैं पक्षी विशेषज्ञ

पक्षी विशेषज्ञ केके मिश्र का मानना है कि इन प्रवासी पक्षियों का प्राकृतिक आवास से जाना-आना, मौसम और पारिस्थितिकी तंत्र में होने वाले बदलावों के संकेत देता है। इस दौरान दुधवा के आसपास के इलाकों में पक्षियों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं, जिससे जीवविज्ञानी और पर्यावरण संरक्षणकर्ता इनकी निगरानी रखते हैं।

### विस्मयकारी होती है इनके वतन लौटने की प्रक्रिया

दुधवा के विभिन्न तालाबों व पेड़ों की फुनगियों पर सर्दी का मौसम बिता चुके विभिन्न प्रजातियों के ये सैकड़ों प्रवासी पक्षी गर्मी का मौसम शुरू होते ही अपनी लंबी यात्रा पर निकलने के लिए तैयार हैं। इनका वापस लौटना वसंत ऋतु के आगमन का सूचक है। प्रवासी पक्षियों की यह यात्रा सैंकड़ों किलोमीटर लंबी होती है और यह चमत्कारी दृश्य स्थानीय निवासियों के लिए एक आकर्षक भी होता है।

# महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना भीरा क्षेत्र के गांव महेशापुर निवासी रेखा देवी ने बताया कि उसके पति अरविन्द, ससुर रामसनेही, सास कुसुमा देवी और जेठ रवि दहेज में बाइक, अलमारी, बड़ा बक्सा और फ्रिज की मांग को लेकर उसे लगातार परेशान करते थे। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी। बुधवार रात करीब 8 बजे दहेज को लेकर विवाद हुआ। जब उसने मना किया तो आरोपियों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से पिटाई कर दी, जिससे उसको शरीर में चोटें आईं हैं। आरोप है कि इसके बाद उसे घर से भगा दिया और दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच एसआई सचिन कुमार को सौंपी है। थाना प्रभारी राहुल दुबे ने बताया कि प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# गांवों में लगेगी चकबंदी चौपाल निपटेगा जमीन का झमेला

- बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने जारी किया ग्राम चौपाल कैलेंडर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** अगर आप भी चकबंदी के चक्करों और जमीनी विवादों से परेशान हैं, तो अपनी फाइलें तैयार कर लीजिए। प्रशासन अब दफ्तर की फाइलों से बाहर निकलकर सीधे आपके गांव की चौपाल तक आ रहा है। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय आनंद ने जिले के कई गांवों के लिए विशेष ग्राम चौपाल का कैलेंडर जारी कर दिया है।

23 फरवरी से 28 फरवरी तक चलने वाले इस विशेष अभियान में बड़े से बड़े चकबंदी अधिकारी अपनी टीम के साथ मौजूद रहेंगे। 23 फरवरी को चौरठिया में अनिल कुमार एडीएम न्यायिक, बम्हनपुर में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय कुमार आनंद, खम्हौल में चकबंदी अधिकारी दीपक कुमार(प्रथम), 25 फरवरी को रामपुर ईसानगर में अम्ब्रीश कुमार चकबंदी अधिकारी (द्वितीय), शैलगांव में अशोक कुमार सिंह, चकबंदी अधिकारी अंतिम अभिलेख (तृतीय) समस्याएं सुनकर निस्तारण करेंगे। इसी तरह 26 फरवरी को फरधान में अम्ब्रीश कुमार, चकबंदी अधिकारी अंतिम अभिलेख (द्वितीय), रामनगर खुर्द में अशोक कुमार सिंह, चकबंदी अधिकारी अंतिम अभिलेख (तृतीय), 27 फरवरी को नरदवल में अनिल कुमार एडीएम न्यायिक, बरखेरवा कैमहरा में संजय कुमार आनंद बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी और 28 फरवरी को मूर्तिहा में दीपक कुमार चकबंदी अधिकारी अंतिम अभिलेख (प्रथम) शिकायतों का निस्तारण करेंगे।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic




★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# नाला पटा, बारिश में डूबते हैं 600 एकड़ खेत

## 13 गांवों की फसलें हर साल बाढ़ में होती हैं तबाह, छेदुई पतिया में जलभराव से किसान बेहाल

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचारः** निघासन ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत छेदुई पतिया में नाले की सफाई और खुदाई न होने से करीब 600 एकड़ कृषि भूमि जलभराव की चपेट में रहती है। बरसात और बाढ़ के दौरान पानी खेतों में भर जाता है और महीनों तक निकास नहीं होने से बोई गई फसलें नष्ट हो जाती हैं। इससे सैकड़ों किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक मुन्नापुरवा से छेदुई गांव के पास से गुजरने वाला गूल नाला जलनिकासी का मुख्य मार्ग है, लेकिन छेदुई के आगे नाला पटा होने से पानी रुक जाता है। नाले की गाटा संख्या 1095, 2038 और 2065 राजस्व अभिलेखों में दर्ज है तथा नपाई भी हो चुकी है, फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है। इस जलभराव से मुन्नापुरवा, भानपुरवा, सेमरहिया, हक्कलपुर, मोतीपुर,



जलभराव होने से बंजर पड़ी जमीन। ● अमृत विचार

● **आईजीआरएस पोर्टल तक गुहार के बाद नहीं निकला हल**

टापरपुरवा, छेदुई, धोबीपुरवा सहित करीब 13 गांव प्रभावित हैं। किसानों का कहना है कि हर वर्ष बाढ़ आने पर खेत तालाब में तब्दील हो जाते हैं, जिससे धान, गन्ना और अन्य फसलें बर्बाद हो जाती हैं।

किसानों ने कई बार जनसुनवाई, तहसील प्रशासन, विधायक और सांसद को लिखित शिकायतें दीं। 16 मार्च 2023 को आईजीआरएस पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नाले की समुचित सफाई और जहां-जहां पटा है वहां खुदाई करा दी जाए तो बंजर पड़ी भूमि फिर से उपजाऊ हो सकती है। रामगोपाल, गयाप्रसाद, खूबलाल, राधेश्याम, छोटेलाल, रिक्खीलाल, चंद्रभाल, पंचम, मेवालाल, बिरजू, सुनील, रमाकांत दीक्षित, केशवराम, मंगू खान, छैलबिहारी, महेश कुमार, रमेश सहित सैकड़ों किसानों की जमीन प्रभावित है।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने बताया कि समस्या को कार्ययोजना में शामिल किया गया है और जल्द ही नाले की सफाई व खुदाई कराई जाएगी। वहीं ग्राम प्रधानपति इकराम अली ने कहा कि पिछले वर्ष सफाई कराई गई थी, लेकिन बाढ़ के तेज बहाव से आई मिट्टी से नाला फिर अवरुद्ध हो गया। संबंधित अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है और शीघ्र ही दोबारा सफाई कराई जाएगी।



जल निकासी की व्यवस्था न होने से बारिश होने पर खेतों में पानी भर जाया है। इससे फसलें नहीं हो पाती हैं। खेती ही आजीविका का मुख्य साधन है। पाइस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन नाला खुदवाने का काम अभी तक शुरू नहीं किया गया है। यदि नाला खुदवा दिया जाए, तो बारिश का पानी आसानी से निकल जाएगा।
–**रफीक अहमद**, किसान व समाजसेवी।



धोबीपुरवा गांव के सैकड़ों किसान जबदा हार में अपनी जमीनों पर फसलें न उगा पाने के कारण आर्थिक रूप से परेशान हैं। नाले की खुदाई न होने से उनकी उपजाऊ जमीनें बंजर हो रही हैं। पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण कई महीनों तक पानी भरा रहता है। जबदा हार से सूतिया नाला तक खुदाई कर दी जाए, तो लगभग 500 एकड़ जमीन उपजाऊ बन सकती है।
–**रमाकांत**, किसान।



छेदुई पतिया गांव के पूरब जबदा हार में 500 एकड़ से अधिक कृषि भूमि बंजर पड़ी है। नाले की खुदाई न होने के कारण बरसात में पानी भर जाता है, जिससे फसलों की बुवाई संभव नहीं हो पाती। पानी की उचित निकासी न होने के कारण हर साल किसान फसलें बोते हैं, लेकिन बारिश में खेत जलमग्न हो जाते हैं और फसलें सड़ जाती हैं। इस स्थिति के कारण किसान परेशान है।
–**बांके बिहारी**, किसान।

# शिविर में स्वयंसेवकों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



गोला में बाइक सवार को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित करते स्वयंसेवक।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस द्वारा परिसर में साफ सफाई करते हुए पौधों के थाले बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

एक दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। मुख्य अतिथि डॉ. रविंद्रनाथ वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में सामाजिक न्याय एवं समानता की भावना को सुदृढ़ करना है। अध्यक्षता अधिष्ठाता कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह ने की।

सह प्राध्यापक डॉ. अरुण कुमार ने

● **बाइक चालकों को फूल देकर हेलमेट लगाने के लिए किया प्रेरित**

कहा कि यह गरीबी उन्मूलन, लैंगिक समानता एवं समावेशी विकास पर केंद्रित है। सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसमें यातायात नियमों का पालन न करने वाले व्यक्तियों को रोककर उन्हें नियमों की जानकारी दी और जागरूकता के प्रतीक गुलाब का फूल भेंट किया। डॉ. हिमांशु मिश्रा, डॉ. रणधीर कुमार यादव, डॉ. सुरेश दीपक चतुर्वेदी, डॉ. अनूप कुमार यादव, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सतेन्द्र कुमार सहित एनएसएस स्वयंसेवक आदि मौजूद रहे।

# चीनी मिल से निकाली किसान जागरुकता वाहन रैली



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते चीनी मिल प्रधान प्रबंधक शादाब असलम व अन्य।

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचारः** किसान सहकारी चीनी ने बसंत कालीन गन्ना बुवाई को बढ़ावा देने एवं अस्वीकृत व अनामित गन्ना प्रजातियां की बुआई न करने के लिए किसान जागरुकता वाहन रैली निकाली। रैली को चीनी मिल गेट से मिल प्रधान प्रबंधक शादाब असलम व मिथिलेश पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली चीनी मिल परिक्षेत्र के

● **मिल प्रधान प्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

सैकड़ो गांव में से होकर गुजरी, जिसमे किसानों को बसन्तकालीन गन्ना बुआई, बीज उपलब्धता, बीज बदलाव, गहरी जुताई व ट्रेन्च विधि से बुआई के लाभ एवं पेड़ी प्रबन्धन आदि के संबंध में जागरूक किया गया। प्रचार वाहन से पूरे क्षेत्र में जाकर अधिक से अधिक गांवों में विभागीय व चीनी मिल के विकास योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही पुरानी व अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों को खत्म कर नवीन व अधिक पैदावार देने वाली गन्ना प्रजातियों को ही बोए जाने की अपील की। इस दौरान मुख्य गन्ना अधिकारी उदय भान सिंह के साथ ही सभी विकास निरीक्षक व गन्ना पर्यवेक्षक आदि शामिल रहे।

## बाइक रैली निकाली



**भानपुर, अमृत विचार :** बलरामपुर चीनी मिल्स गुलरिया ने किसानों को उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई एवं प्रजाति परिवर्तन के लिए जागरूक करने हेतु शनिवार को बाइक रैली निकाली। रैली को यूनिट के मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एचआर ग्रुप हेड पी संदीप, महाप्रबंधक (गन्ना) अनिल कुमार, गन्ना विकास परिषद गुलरिया के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। रैली के माध्यम से भूमि व बीज शोधन, गहरी जुताई तथा रोगमुक्त खेती के लिए प्रेरित किया गया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर दो विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सीजीएन पीजी कॉलेज के छात्रों द्वारा लखीमपुर में जिला स्तरीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट गाइड के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं का जिला स्तर पर जिला अधिकारी द्वारा साक्षात्कार लेकर नाम भेजने पर महाविद्यालय के छात्र शोभित कुमार एवं छात्रा हाजरा फातिमा को लखनऊ में समारोहपूर्वक मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया है।

प्रदेश के गोरक्ष पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्र शोभित कुमार और हाजरा फातिमा को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यह सम्मान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्काउट गाइड के लिए आभूषण के समान है। प्राचार्य प्रा. पंकज सिंह ने हाजरा फातिमा एवं शोभित कुमार को मुख्यमंत्री के हाथों से प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने पर बधाई प्रेषित कर कहा कि महाविद्यालय में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बढ़ चढ़कर सहभागिता करना चाहिए, जिससे उनको नित नए अवसर प्राप्त हों और महाविद्यालय के लिए प्रेरणा स्रोत बनें।



लखनऊ में शोभित को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।



लखनऊ में छात्रा हाजरा को सम्मानित करते मुख्यमंत्री।

# वैज्ञानिकों ने दी आधुनिक तकनीकों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बजाज चीनी मिल खंभारखेड़ा ने गांव लौकिहा में बसंतकालीन गन्ना बुवाई को प्रोत्साहित करने के लिए किसान गोष्ठी आयोजित की, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और आधुनिक खेती की जानकारी प्राप्त की।

गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के वैज्ञानिक सहायक निदेशक डॉ. परवीन कुमार कपिल ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई की आधुनिक तकनीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भूमि एवं बीज शोधन, अधिकतम उत्पादन तकनीक तथा फसल संरक्षण उपायों पर विशेष जोर देते हुए किसानों को सलाह दी कि गन्ने की पंक्ति से पंक्ति की दूरी न्यूनतम 4 फीट रखें। साथ ही मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें और केवल स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की ही बुवाई करें।

उन्होंने बीज उपचार (थायोफिनेट मिथाइल), भूमि उपचार (ट्राइकोडर्मा), सिंगल बड तकनीक, ट्रेंच विधि, जैविक खाद के उपयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन एवं पेड़ी प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की भी जानकारी दी। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश कुमार चौधरी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रदेश में स्वीकृत एवं उन्नत गन्ना प्रजातियों की बुवाई पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अनुपयुक्त, प्रतिबंधित या अस्वीकृत गन्ना प्रजातियां जैसे नकली 9709, एच.आर.-119 तथा पी.बी. की कुछ प्रजातियां की बुवाई किसी भी स्थिति में न करें। महाप्रबंधक (गन्ना) पुष्पेंद्र ढाका ने किसानों से बसंतकालीन बुवाई में को-0118, को-15023, को-लख-14201, को-शा-13235, को-लख-16202, को-शा-18231 एवं को-शा-13231 जैसी उन्नत प्रजातियों को अपनाने की अपील की।

उन्होंने ट्रेंच विधि से बुवाई करने तथा बीज व भूमि को ट्राइकोडर्मा एवं फफूंदनाशी घोल से उपचारित करने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। उन्होंने किसानों से अपील की कि बसंतकालीन बुवाई में ट्रेंच विधि (4 फीट) अथवा दूरी विधि (3 से 3.5 फीट) अपनाएं। साथ ही कोल्हू एवं खांडसारी इकाइयों को गन्ना न बेचते हुए अपने बेसिक कोटे को सुदृढ़ करने का आग्रह किया, ताकि आगामी पेराई सत्र में अधिकतम लाभ प्राप्त किया जा सके।



गांव लौकिहा में आयोजित किसान गोष्ठी में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

● **बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर हुई किसान गोष्ठी**

# रेडियो खीरी की पहल से बढ़ी टीकाकरण जागरुकता

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** रेडियो खीरी की टीम ने शनिवार को ब्लॉक सदर क्षेत्र के गांव कोरैया में पहुंचकर नियमित टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। रेडियो खीरी पर प्रसारित होने वाले लोकप्रिय स्वास्थ्य कार्यक्रम सेहत सही, लाभ कई के अंतर्गत टीकाकरण विषय पर तैयार विशेष ऑडियो कार्यक्रम की नैरो कास्टिंग की गई। कार्यक्रम में टीकाकरण के महत्व, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए आवश्यक टीकों की जानकारी आदि दी गई।

एएनएम अंकिता ने दो गर्भवती महिलाओं व सात बच्चों का टीकाकरण किया। गांव में कुल 11 लाभार्थियों का टीकाकरण निर्धारित था, जिनमें से दो बच्चे घर से बाहर होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ता शोभा देवी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलम देवी भी मौजूद रहीं। वहीं रेडियो खीरी की टीम से मानसी और शिव शंकर ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्हें स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।



टीकारण करती एएनएम।

# प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने की डीएम की पहल की सराहना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच के प्रशासनिक न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने शनिवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। जिला कारागार में संचालित गौशाला देखी और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की इस पहल की सराहना की। उनके साथ जिला जज शिव कुमार सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ ख्याति गर्ग सहित न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने पुरुष एवं महिला बंदी ग्रह में जाकर बंदियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने भोजन, चिकित्सा, मूलभूत सुविधाओं, जमानत और मुकदमों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। बंदियों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जेल प्रशासन को दिए।

महिला बंदी ग्रह में निरुद्ध महिलाओं को साड़ी और उनके साथ रह रहे शिशुओं को उपहार भेंट किए गए। बंदियों से जाना कि वह किस मुकदमे में और कब से निरुद्ध है। उन्होंने बेल, पैरवी और हिस्ट्री टिकट की जानकारी ली। इस दौरान कारागार अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया, जहां चिकित्साधिकारी ने भर्ती मरीजों की स्थिति से अवगत कराया। साफ-सफाई और व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर न्यायमूर्ति ने प्रसन्नता व्यक्त की।



जिला कारागार में खाने की गुणवत्ता देखते न्यायमूर्ति राजीव सिंह। ● अमृत विचार

● **जेल की गोशाला का निरीक्षण, बंदियों से किया सीधा संवाद**

● **महिला बंदियों को साड़ी और शिशुओं को उपहार किए भेंट**

निरीक्षण के क्रम में प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने जिला कारागार परिसर में संचालित गौशाला का भी अवलोकन किया। कारागार अधीक्षक पीडी सलौनिया ने न्यायमूर्ति को बताया कि गौशाला की स्थापना डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अभिनव पहल पर की गई है।

इस पहल की न्यायमूर्ति ने सराहना की और गौवंश को फल खिलाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर देवकांत वर्मा व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पारासर नाथ मढ़िया पहुंची गोमती जीवन यात्रा

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विटारः** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शुरू हुई गोमती जीवन यात्रा शनिवार को बाबा पारासर नाथ मढ़िया पहुंची।

यात्रा की शुरुआत 15 फरवरी को गोमती नदी के उद्गम स्थल माधोटांडा पीलीभीत से हवन-पूजन और मां गोमती की महाआरती के साथ हुई। अनुष्ठान के उपरांत गोमती के पावन जल को एक कलश में भरकर यात्रा के दौरान शुभ प्रतीक के रूप में साथ ले जाया गया।

यात्रा के समापन पर इस कलश को वाराणसी के कैथी महादेव घाट स्थित गंगा-गोमती संगम पर भगवान शिव को अर्पित किया जाएगा। गोमती टू गोमती के साथ मढ़िया घाट पर आयोजित गोष्ठी में युथ इन एक्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शतुर्द्ध प्रताप सिंह ने कहा कि नदियों का पुनरुद्धार केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि जनसहभागिता और जन-जागरूकता से ही यह अभियान सफल होगा।

उन्होंने कहा कि गोमती के घाटों की दुर्दशा देखकर उनके मन में नदी संरक्षण का विचार आया और पिछले एक वर्ष से 14 जिलों में जनसंपर्क कर लोगों को इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है। यह पदयात्रा कैथी महादेव घाट तक जाएगी। विद्यार्थियों को नदी संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राममोहन गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, आलोक शुक्ला वेदू, अंकुर गुप्ता, आशु गुप्ता, शेखर शर्मा, छोटू गुप्ता, हिमांशु वर्मा, प्रांशु शुक्ला, उमाशंकर गुप्ता, मढ़िया घाट के मुख्य पुजारी शंकर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



पदयात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● **गोमती उद्गम माधौटांडा से 15 फरवरी को हुई थी शुरुआत**

## न्यूज ब्रीफ

### आयुर्वेदिक चिकित्सक की लगी परीक्षा में ड्यूटी

**बिलहरी, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा में जड़ौरा आयुर्वेदिक चिकित्सालय के डॉ. हरिशंकर वर्मा की ड्यूटी लगा दी है, जिससे अस्पताल का कामकाज प्रभावित है। अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट अनंग पाल सिंह ने बताया कि डॉक्टर के पुराने लिखे पर्चा के आधार पर दवाई दी जा रही है। नये मरीजों को नहीं देख रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जड़ौरा के अस्पताल में डाक्टर न होने से मरीज बैरंग घरों को लौट रहे हैं। अनंग पाल सिंह प्रतिदिन अस्पताल खोल कर दवाएं दे रहे हैं।

### नकदी और गहने रखा बैग चोरी

**बरवर, अमृत विचार :** मोहल्ला सुभाष नगर निवासी सोनू पुत्र रामचंद्र ने बताया कि 16 फरवरी की रात उनके घर से एक बैग चोरी हो गया है जिसमें 10 हजार रुपये, एक सोने का हार, तीन टच मोबाइल फोन रखे थे। पीड़ित ने विजयनगर निवासी म्याऊं पर चोरी का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि आरोपी चोरी के मोबाइल बाजार में बेचने की फिराक में था, लेकिन इस बीच जानकारी सामने आ गई। उसने सूचना पुलिस को दी है।

# तीर्थ परिसर में शिवोत्सव का होगा आयोजन

## सुबह निकलेगी पारंपरिक पालकी यात्रा, शाम को सांस्कृतिक संध्या का किया जाएगा आयोजन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध श्री गोकर्णनाथ मंदिर कॉरिडोर की प्रथम वर्षगांठ पर रविवार को तीर्थ परिसर में भव्य शिवोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सुबह पारंपरिक पालकी यात्रा निकाली जाएगी, शाम को हर घर व मंदिर प्रांगण में दीपोत्सव के साथ सांस्कृतिक संध्या होगी। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

पूर्वाह्न 11 बजे से नीलकंठ मैदान से पारंपरिक वेशभूषा में भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिव मंदिर में संपन्न होगी। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। पुरुष धोती-अंगवस्त्र और महिलाएं पारंपरिक परिधान में सहभागिता करेंगी। शाम को गोकर्ण तीर्थ परिसर में भजन संध्या एवं



गोला में होने वाले शिवोत्सव के लिए सजाया जा रहा गोकर्ण तीर्थ। ● अमृत विचार

सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इंडियन आइडल फेम गायक हेमंत बृजवासी अपनी प्रस्तुति देंगे। रात 8 बजे 12 ज्योतिर्लिंगों के सम्मान में घरों और मंदिरों में 12 दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि 22 फरवरी 2025 को योगी आदित्यनाथ ने श्री गोकर्णनाथ कॉरिडोर की आधारशिला रखी थी। यह परियोजना मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में है। पहली वर्षगांठ

● श्री गोकर्णनाथ कॉरिडोर की पहली वर्षगांठ पर दीपोत्सव के साथ सांस्कृतिक संध्या होगी

पर इस आयोजन को आस्था, परंपरा और विकास के प्रतीक के रूप में मनाया जा रहा है। मंदिर परिसर एवं नगर क्षेत्र में आकर्षक सजावट, स्वच्छता और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। भाजपा युवा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी भी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मोहल्लों में संपर्क कर रहे हैं और शिवोत्सव से संबंधित पत्रक वितरित कर लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं।

### क्षेत्रवासियों के लिए सपना साकार होने का दिन है 22 फरवरी



**गोला गोकर्णनाथ :** भाजपा विधायक अमन गिरि ने कहा कि 22 फरवरी का दिन गोला क्षेत्रवासियों के लिए स्वप्न साकार होने जैसा है। यह वही तिथि है जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छोटी काशी में श्री गोकर्णनाथ कॉरिडोर का भूमि पूजन किया था। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पिता अरविंद गिरि और उनके साथियों सहित हर क्षेत्रवासी का सपना था कि श्री गोकर्णनाथ मंदिर की नगरी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। 22 फरवरी वही दिन है, जब उस संकल्प को साकार रूप मिला। विधायक ने बताया कि भूमि पूजन के अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा था कि उन्होंने गोला क्षेत्र को दो पर्वों का उपहार दिया है, 22 जनवरी को जहां श्रीराम जन्मभूमि उत्सव मनाया जाएगा, वहीं 22 फरवरी को छोटी काशी का उत्सव मनाया जाएगा। कहा कि 22 फरवरी 2026 का यह अवसर आ गया है और क्षेत्र का हर नागरिक, हर युवा और हर परिवार इस दिन को उत्सव की तरह मनाए। आयोजन की रूपरेखा इस प्रकार बनाई गई है कि यह परंपरा केवल एक दिन तक सीमित न रहे, बल्कि वर्षों तक निरंतर मनाई जाती रहे। विधायक ने क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बनाने की अपील की है।

# समिति अध्यक्ष को धमकाने पर ठेकेदार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● मानक के विपरीत निर्माण का लगा था आरोप

**अमृत विचारः** सहकारी गन्ना विकास समिति भीरा के अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह को जान से मार देने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

समिति अध्यक्ष के मुताबिक समिति के तहत बिजुआ उप खाद गोदाम में चल रहे मरम्मत व इंटरलॉकिंग कार्य में मानक के विपरीत निर्माण कराया जा रहा था। उन्होंने अवर अभियंता महेश प्रसाद को मानक के अनुरूप कार्य कराने को कहा, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई। आरोप है कि 17 फरवरी को उप गन्ना आयुक्त द्वारा कार्य रोकने के निर्देश दिए जाने के बावजूद 18 फरवरी की रात में काम पूरा करने का प्रयास किया गया, जिसके वीडियो साक्ष्य भी उपलब्ध हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए 19 फरवरी को जिला गन्ना अधिकारी ने एक जांच टीम गठित कर मौके पर भेजी। टीम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं सचिव गन्ना विकास समिति अलीगंज समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे। जांच के दौरान उन्हें भी मौके पर बुलाया गया। जांच के समय गिरवर एंड संस के ठेकेदार सोनू अग्रवाल ने समिति अध्यक्ष से अभद्रता की और दो मिनट में जान से मारने की धमकी दी। उनका कहना है कि जांच टीम के किसी सदस्य ने मौके पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने आशंका जताई है कि यदि उनके साथ किसी प्रकार की अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार और फर्म की होगी। थाना प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि समिति अध्यक्ष की तहरीर पर आरोपी ठेकेदार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा ही है।

# ट्रांसपोर्टर समेत दो के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

**अमृत विचारः** शहर के सलेमपुर कोन स्थित ट्रांसपोर्ट की सरिया-सीमेंट की दुकान के मुनीम की संदिग्ध हालत में गोली लगने से मौत मामले में पुलिस ने ट्रांसपोर्टर समेत दो लोगों के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दोनों आरोपी पुलिस की हिरासत में हैं। पुलिस उनसे उनसे पूछताछ कर रही है।

बता दें कि गांव चंदीदीनपुरवा निवासी नितिन अवस्थी उर्फ आशीष (26) सलेमपुर कोन में किराए के मकान में रहता था। वह गंगोत्री नगर निवासी राहुल मिश्रा की सलेमपुर स्थित दुकान पर मुनीमी करता था। शुक्रवार की देर शाम वह गद्दी पर बैठा हुआ था। इसी दौरान संदिग्ध हालत में लगी गोली से उसकी मौत हो गई थी। परिजनों का कहना है कि उनके पुत्र की व्यापारी ने एक लाख 20 हजार रुपये के लेनदेन के चलते उसकी हत्या कर दी है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी।

एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया था। इसके अलावा परिजनों से भी वार्ता की थी। पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि नितिन पर मालिक राहुल का एक लाख 20 हजार रुपये बाकी था, इसको लेकर वह उसे प्रताड़ित कर रहा था। मृतक के पिता मनिशंकर की तहरीर पर राहुल मिश्रा व सूरज मिश्रा उर्फ राजा निवासी मोहल्ला गंगोत्री नगर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

# एसआईआर नोटिसों पर की सुनवाई

संवाददाता, फूलबेहड़

**अमृत विचारः** विकास खंड फूलबेहड़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत दुधवा मिदनिया स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को एसआईआर के तहत जारी नोटिसों पर सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचे और संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं।

एसआईआर प्रक्रिया के दौरान विभिन्न अभिलेखों में खामियां पाए जाने पर ग्रामीणों को नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज मांगे गए थे। इन्हीं नोटिसों के निस्तारण के लिए शनिवार को प्राथमिक विद्यालय परिसर में सुनवाई निर्धारित की गई थी। अधिकारी सुबह से ही विद्यालय पहुंच गए और क्रमवार लोगों को बुलाकर उनके अभिलेखों का परीक्षण



एसआईआर नोटिसों पर सुनवाई करते अधिकारी। ● अमृत विचार

● प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर ग्रामीणों ने प्रस्तुत किए अभिलेख

किया। ग्रामीण मतीन खान, सलीम खान, संजय पाल, शुभम पाल, वीरेंद्र कुमार, मुशीर अहमद समेत अन्य लोगों ने बताया कि उन्हें बीएलओ द्वारा नोटिस प्राप्त हुए थे। नोटिस में आवश्यक कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया था, जिसके अनुपालन में वे सुनवाई के लिए उपस्थित हुए।

सुनवाई के दौरान सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रीनगर राजीव गंगवार (गन्ना निरीक्षक) ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित दस्तावेजों की जांच की। इस अवसर पर बीएलओ शिवनारायण एवं बीएलओ राम सिंह भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रस्तुत प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर शीघ्र निस्तारण किया जाएगा, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# शिविर में 214 लोगों की आंखों का हुआ परीक्षण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** शहाबुद्दीनपुर अजान स्थित रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित नेत्र शिविर में सीतापुर आंख अस्पताल के चिकित्सकों ने 214 लोगों की आंखों का परीक्षण किया।

जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा और प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में लगे शिविर का शुभारंभ चौकी इंचार्ज अजान अशोक सिंह ने फीता काटकर किया। सीतापुर आंख अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनिया भारद्वाज, डॉ. राहुल वर्मा, कैम्प इंचार्ज रामकिशोर शुक्ला ने 214 मरीजों की आंखों का परीक्षण कर चश्मे, आई ड्रॉप्स देकर ऑपरेशन वाले 57 लोगों को चिन्हित कर बस द्वारा सीतापुर अस्पताल ले जाया गया।



कॉलेज में परीक्षण के लिए पंजीकरण कराते लोग। ● अमृत विचार

# खाई में बाइक गिरने से युवक की मौत, साथी घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** बारात में शामिल होने जा रहे एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के चांदमारी मीरपुर निवासी पवन तिवारी का 18 वर्षीय बेटा ज्ञान प्रकाश तिवारी शुक्रवार की शाम बाइक से पड़ोस की बारात में शामिल होने के लिए अपने दोस्त पिंकू के साथ झखरा बरौला जा रहा था। परिजनों ने बताया कि जैसे ही ज्ञान प्रकाश अग्गरखुर्द गांव के पास पहुंचा था, अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में ज्ञान प्रकाश की मौत हो गई, जबकि उसके दोस्त पिंकू को हल्की-फुल्की चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जवान बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा गया।

# 50 शिकायतों में केवल चार मौके पर निस्तारण



गोला के संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनती एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी।

## संपूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● मितौली में 15 प्रार्थना पत्रों में दो का हुआ समाधान

**अमृत विचारः** एसडीएम की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 50 शिकायतें आईं थीं, जिनमें के केवल चार शिकायतों का ही मौके पर समाधान किया जा सका।

शनिवार को तहसील सभागार में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व एवं आपदा विभाग की 31, पुलिस की 9, संयुक्त जांच हेतु पांच, खाद एवं रसद विभाग की दो, ग्राम विकास, विद्युत और बैंक विभाग की एक-एक शिकायतो सहित कुल 50 प्रार्थना पत्र आए, जिनमें राजस्व विभाग की केवल चार शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका।

बाकी समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सीओ रमेश कुमार तिवारी, तहसीलदार भीमचंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**मितौली, अमृत विचारः** तहसील परिसर मितौली में शनिवार को एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, सीओ यदुवेन्द्र यादव की मौजूदगी फरियादियों ने कुल 15 प्रार्थना पत्र अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए, जिनमें से राजस्व विभाग के दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सबसे अधिक मामले जमीनी विवाद से संबंधित रहे। राजस्व विभाग की 6, पुलिस की 3, विकास विभाग की 3 और विद्युत विभाग की 1 शिकायत दर्ज की गई। अधिकारियों ने शेष 13 शिकायतों को संबंधित विभागों के सुपुर्द करते हुए निर्देश दिए कि स्थलीय निरीक्षण कर इनका त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### समाधान दिवस में 40 शिकायतों में 4 निपटीं

**पलिया कलां, अमृत विचार :** स्थानीय तहसील सभागार में एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 40 शिकायती प्रार्थना पत्र आए। जिनमें राजस्व विभाग के 24, पुलिस विभाग के 05, पूर्ति विभाग एक, विद्युत 06, विकास विभाग 03 व अन्य विभागों से संबंधित एक शिकायती प्रार्थना पत्र थे। इनमें से राजस्व विभाग की चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रार्थना पत्र जांच कर कार्रवाई के लिए भेज दिए गए। इस दौरान सीओ पलिया जितेंद्र सिंह परिहार, तहसीलदार पलिया ज्योति वर्मा के अलावा खंड विकास अधिकारी, सीएचसी अधीक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य विभागों के स्थानीय अधिकारी व क्षेत्रीय थानों के थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# दूधिये को लोहे की रॉड मारकर बदमाशों ने लूटा

संवाददाता, पसगवां

● घायल दूधिया अस्पताल में भर्ती, बदमाश फरार

● दस हजार रुपये व मोबाइल छीन ले गए नकाबपोश

**अमृत विचारः** दूध बेचकर घर वापस लौटने के दौरान दूधिया पर रॉड से प्रहार कर बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने नकदी व मोबाइल लूट लिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई। घायल दूधिए को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

वारदात शनिवार दोपहर की है। थाना क्षेत्र के गांव भोगीपुर पाठक निवासी सुनील कुमार यादव दूध बेचकर बाइक से पसगवां की ओर जा रहा था। इसी दौरान पसगवां-बरवर मार्ग स्थित चौबियापुर गांव की मोड़ के करीब नकाबपोश बदमाशों ने लोहे की राड मारकर उसे रोक लिया। उसने खतरा भांप बचाव के लिए दौड़ भी लगाई, लेकिन बदमाशों ने उसे पकड़ लिया और उसके पास से दस हजार रुपये व मोबाइल लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश धमकाते हुए पसगवां की ओर फरार हो गए। पसगवां पुलिस ने सूचना मिलने के बाद रॉड की मार से घायल सुनील को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां लेकर गई। इसके बाद पुलिस ने कई संदिग्ध पर स्थानों पर दबिश भी दी। पीड़ित सुनील के खिलाफ थाने में पहले से ही चार मुकदमें दर्ज होने के कारण पसगवां पुलिस वारदात को संदिग्ध मान रही है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि वारदात की जांच चल रही है, जिसके बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। समाचार प्रेषण तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

# करंट से एक की मौत, दूसरा झुलसा

**धौरहरा, अमृत विचारः** सिसैया-ढखेरवा हाईवे किनारे ग्राम महादेव स्थित शुगर प्लांट में गांव कफारा निवासी रिंकू (16) पुत्र राम मनोरथ भार्गव व अजय (15) पुत्र लेखराम करिगहा मजदूरी कर रहे थे। दोपहर करीब दो बजे दोनों खड़ी गाड़ी में बैगास भर रहे थे। इस दौरान चालक द्वारा अचानक गाड़ी बढ़ाने से वे ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। कर्मचारियों ने दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय ओयल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिंकू को मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया, जहां रिंकू की मौत हो गई। अजय का इलाज खीरी रोड पर निजी हॉस्पिटल में चल रहा है, जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। घटना के बाद शुगर प्लांट को बंद कर दिया है। थानाध्यक्ष रविंद्र सोनकर ने बताया अभी कोई सूचना दर्ज नहीं कराई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
हमने अपने सौतेला छोटा भतीजा रतन सिंह पुत्र स्व. बलवीर सिंह निवासी राजीव कॉलोनी सुभाष नगर बरेली से गलत आचरण के कारण अपने संबंध विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में वह अपने किए कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **दशरथ सिंह पुत्र स्व. देवी सिंह निवासी प्रगति नगर करगैना बदायूं रोड बरेली।**

**सूचना**
हमने अपने सौतेले छोटे भाई रतन सिंह पुत्र स्व. बलवीर सिंह निवासी राजीव कॉलोनी सुभाष नगर बरेली से गलत आचरण के कारण अपने संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वह अपने किए कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा हम दोनों भाइयों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **रणवीर सिंह व रविंद्र सिंह पुत्रगण स्व. बलबीर सिंह निवासी सिटी एनक्लेव कॉलोनी निकट साउथ सिटी बदायूं रोड बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम उमुल वरा था जिसे बदलकर अब मैने इकरा नाज रख लिय है। भविष्य में मुझे इकरा नाज के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **इकरा नाज पुत्री चन्दा खान निवासी ग्राम व थाना निगोही तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर।**

**परिचय सम्मेलन**
श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 17-18 मार्च 2026 शीघ्र पंजीयन करायें। सम्पर्क :- 9897181723, 9412466473, 9927047430, 9412048528, 9927833351, 9927324855

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

### दवा छिड़कते समय युवक की बिगड़ी हालत, मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** खेत में दवा का छिड़काव करने गए थाना खीरी क्षेत्र के गांव रुद्रपुर खुर्द निवासी युवक की हालत बिगड़ गई। गांव रुद्रपुर खुर्द निवासी पाले का 35 वर्षीय बेटा दिनेश शुक्रवार की दोपहर अपने सब्जियों के खेत में दवा का छिड़काव करने गया था। चाचा छोट्न्ने ने बताया कि दिनेश जब दवा का छिड़काव कर दोपहर करीब तीन बजे घर लौटा तो उसकी हालत बिगड़ने लगी। ऐसे में उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**आवश्यकता है**
● कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
● नर्स ANM/GNM
● पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
● आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
● रसोइया ● वार्ड बॉय
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

# पत्नी ने किया दूसरी महिला से अवैध संबंधों का विरोध

संवाददाता, पलिया कलां

● पति ने पत्नी को दी जान से मारने की धमकी

● महिला ने दी तहरीर, पति पर लगाए आरोप

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव श्रीनगर निवासी एक महिला ने अपने पति पर दूसरी महिला से अवैध संबंध रखने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पति व कथित महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

महिला का कहना है कि उसके पति के एक अन्य महिला से नाजायज संबंध है। इसकी जानकारी उसे पति के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और फोटो के माध्यम से हुई। जब उसने इस बात का विरोध किया तो पति ने उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि उसकी छह वर्षीय पुत्री साधना भी खतरे में है। उसने आरोप लगाया कि पूर्व में भी उसके पति उसे जान से मारने का प्रयास कर चुके हैं। अब पति कथित रूप से दूसरी महिला के साथ मिलकर उसे और उसकी बेटी को नुकसान पहुंचाने की साजिश रच रहा है। महिला ने तहरीर में यह भी कहा है कि यदि समय रहते उसके पति व संबंधित महिला के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो उसके साथ कोई भी गंभीर वारदात हो सकती है। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# लापता किशोर की तलाश में पुलिस नहीं ले रही रुचि

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना फरधान के गांव बम्हनपुर कोरारा निवासी रामचंद्र का 13 वर्षीय पुत्र साहिल बुधवार दोपहर करीब एक बजे घर से निकला था, लेकिन वह देर शाम तक वापस नहीं पहुंचा। परिवार वालों ने उसकी काफी तलाश की। रिश्तेदारों और उसके दोस्तों से भी पूछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। लापता किशोर की मां लीलावती ने बताया कि उन्होंने बेटे के गायब होने की लिखित सूचना पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। आरोप है कि पुलिस तलाश में रुचि नहीं ले रही है। बेटे की तलाश में परिवार वाले भटक रहे हैं।



साहिल।

# गोली कांड में नामजद रिपोर्ट दर्ज, दो का चालान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर में शुक्रवार को दिनदहाड़े हुई फायरिंग की घटना में घायल के भाई ने आरोपियों के नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेज दिया है।

शुक्रवार को दिन में 11 बजे कांशीराम आवास कॉलोनी में दिनदहाड़े फायरिंग हुई थी, जिसमें ई-रिक्शा चालक लईक गोली लगने से गंभीर घायल हो गया था, जिसका लखनऊ में उपचार हो रहा है। घायल के भाई वकील अहमद ने बताया है कि शुक्रवार सुबह 11.30 बजे कांशीराम कालोनी में संगम कुमार गौतम निवासी बक्शीशपुर, प्रशान्त वर्मा निवासी ग्राम हैदराबाद, प्रशान्त कमल निवासी हेमपुर रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद कर रहे थे, जिसमें प्रशान्त वर्मा ने गोली चला दी। लोगों ने दौड़ा कर दोनों को पकड़ने का प्रयास किया, जिसमें प्रशान्त वर्मा ने बाईपास जहानपुर रोड पर पीछे मुड़कर जान से मारने की नीयत से उसके भाई लईक अहमद को गोली मार दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रशान्त वर्मा व प्रशान्त कमल को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त तमंचा, खोखा कारतूस बरामद कर चालान भेजा है, तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।



पुलिस गिरफ्तार में आरोपी।

## न्यूज ब्रीफ

### 10वीं में हुआ अंग्रेजी का पेपर, 2495 ने दी परीक्षा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा के पांचवे दिन 10वीं में अंग्रेजी का पेपर कराया गया। 2511 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। शहर में सेंट एलायसिस कॉलेज में 522 में छह अनुपस्थित रहे, जबकि 516 उपस्थित रहे। लायंस बाल विद्या मंदिर में 380 में एक अनुपस्थित, जबकि 379 उपस्थित रहे। बेनहर पब्लिक स्कूल में 366 में 365 ने परीक्षा दी। एक गैरहाजिर रहा। इसके अलावा पूरनपुर में सेंट जोसेफ में 366 में 362 ने परीक्षा दी, जबकि चार गायब रहे। स्वामी एजुकेशनल में 376 में कोई अनुपस्थित नहीं रहा। लकी चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में 276 में कोई भी अनुपस्थित नहीं मिला। बीसलपुर के मदर्स पब्लिक स्कूल में 225 में 221 ने परीक्षा दी। जबकि चार गैरहाजिर रहे। परीक्षा सुबह 10 :30 बजे शुरु हुई। इस दौरान सचल दल भी निगरानी करते रहे।

### सड़क दुर्घटना में चार घायल, एक रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में राजेश (28) पुत्र बाबूराम निवासी बांकेगंज, आशा देवी (24) पुत्र आजाद कुमार, नगरा सलेमपुर निवासी अवनीश (19), वजीर नगर निवासी प्रीति देवी (30) पत्नी करमचंद गंभीर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर राजेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पैसे के लेनदेन में महिला से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव धुंधाकला निवासी पूजा ने बताया कि गांव की सिवानी, राजू, भगौता देवी व पूनम उससे पैसे के लेनदेन की रंजिश मानते हैं। इसी रंजिश के चलते शाम करीब 8 बजे आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई उदय सिंह को सौंपी गई है।

### डीएलएड की काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी

**बीसलपुर, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में डीएलएड वर्ष 2025 की काउंसलिंग प्रक्रिया गतिमान थी। प्रशिक्षण संस्थान की कुल 100 सीटों में से प्रथम, द्वितीय फेज की ऑनलाइन काउंसलिंग के पश्चात 85 सीट आवंटित की गई। जिसके सापेक्ष संस्थान में अभिलेखीय जांच के पश्चात 82 सीटें प्रवेशित की गई। रिक्त 18 सीटों पर परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अग्रिम आदेशों पर प्रवेश लिए जाएंगे। प्रवेश वाले प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण 24 फरवरी से शुरू होगा।

# मंडल में स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए तैयारी कार्यशाला में जुटे अफसर और कर्मी

## नगर निगम ने जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित की मंडल स्तरीय कार्यशाला

**कार्यालय संवाददाता, बरेली।**



कार्यशाला में मौजूद मेयर, नगर आयुक्त व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लक्ष्य को लेकर शनिवार को मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। जिसमे मंडल के विभिन्न नगर निकायों से पांच सौ से अधिक जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसका शुभारंभ बरेली के महापौर डॉ. उमेश गौतम और शाहजहांपुर की महापौर अर्चना वर्मा ने किया।

कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्देशों और मूल्यांकन मानकों पर विस्तार से चर्चा की गई। गार्बेज फ्री सिटी रेटिंग, ओडीएफ एवं वॉटर प्लस मानकों की बारीकियों को समझाया गया, ताकि प्रत्येक निकाय अपनी कमियों को पहचान कर सुधार की रणनीति बना सके।

**● रैंकिंग सुधार व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर फोकस, कई समाजसेवी बनाए गए ब्रांड एंबेसडर**

इसके अलावा डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और उपयोग जल प्रबंधन को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही स्वच्छता कर्मियों के कल्याण, डिजिटल मॉनिटरिंग, शिकायत निवारण प्रणाली तथा नागरिक सहभागिता को सुदृढ़ करने के उपाय साझा किए गए।

मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि जनआंदोलन है। मेयर अर्चना वर्मा ने स्वच्छता के लिए नवाचार, जनसहभागिता एवं आपसी समन्वय को सफलता की कुंजी बताया। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए समाजसेवी मोहित शर्मा, प्रतिभा जौहरी, डॉ. सबीन एहसान, नीतू विष्ट व विजय मैसी को नगर निगम का स्वच्छ ब्रांड एम्बेस्डर नामित करते हुए प्रशस्ति पत्र दिए गए।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि कार्यशाला को बरेली मंडल में स्वच्छता सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भरोसा जताया कि समन्वित प्रयासों, जनसहभागिता और प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से बरेली को स्वच्छ, स्वस्थ और आदर्श शहर के रूप में नई पहचान दिलाई जाएगी।

## महिला सफाईकर्मी के गले से चेन खींच ले गया उचक्का

**पीलीभीत, अमृत विचारः** होली के नजदीक आने पर बीते सालों की तरह पुलिस के सख्त दावों के बीच अपराधी सक्रिय हो चुके है। स्नेचरों ने सफाई कार्य कर रही महिला सफाई कर्मी की सोने की चेन खींचकर ले गए। इसके बाद स्थानीय लोगों में अपराधियों की दहशत बढ़ गई है। पुलिस हर बार की तरह मौका मुआयना कर सीसीटीवी की फुटेज खंगालकर औपचारिकता निभाने में जुटी रही।

शहर के मोहल्ला मोहम्मद फारुख के निवासी छोटेलाल की पत्नी मंजू नगर पालिका में सफाई कर्मचारी है। वह शनिवार देर शाम बल्लभनगर कालोनी में सफाई कार्य कर रही थी। इस दौरान एक युवक पैदल आया और महिला सफाई कर्मचारी के गले में पड़ी सोने की चेन खींच ले गया। आरोपी गलियों में होता हुआ भाग गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस विभाग में खलबली मच गई। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। सीसीटीवी की फुटेज पुलिस तलाशती रही। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जानकारी की जा रही है। टीम गठित कर दी गई है।

# केंद्रीय राज्यमंत्री से मुलाकात कर रखे सुझाव

**संवाददाता, मझोला**



केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के साथ कपिल अग्रवाल।

**अमृत विचारः** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से मुलाकात की। इस दौरान टनकपुर से चलने वाली दुरई एक्सप्रेस के मझोला स्टेशन पर ठहराव को लेकर सुझाव दिया। इस ट्रेन को अत्यंत उपयोगी बताया। कहा कि ये खाटू श्याम तक जाती है और क्षेत्र में खाटू श्याम के भक्त बड़ी संख्या में है। भरा पचपेड़ा औद्योगिक आस्थान भी अब शुरू होने को है, ऐसे में बड़ी संख्या में कर्मचारियों को आने जाने में मझोला रेलवे स्टेशन का प्रयोग करना होगा। मझोला और तहसील अमरिया को जोड़ने वाले दियूनी डैम पुल 100 साल से अधिक समय पुराना हो चुका है। इसके चौड़ीकरण की मांग की।

**● टनकपुर-दुरई एक्सप्रेस के मझोला स्टेशन पर ठहराव की बात कही**

मझोला चीनी मिल को सहकारी से पूर्ण सरकारी रूप में लाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाकर इसकी भूमि को भरा पचपेड़ा औद्योगिक आस्थान से जोड़कर विभिन्न उद्योग लगाने का सुझाव भी दिया।

### वाहन की चपेट में आए बाइक सवार युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के गांव खनियापुर निवासी राधेश्याम का 30 वर्षीय बेटा मुरलीधर शुक्रवार की शाम करीब पांव खेत की सिंचाई के बाइक से पेट्रोल पंप पर डीजल लेने गया था। वापस लौटते समय गांव के पास पहुंचा था कि इसी दौरान हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुरलीधर को घायल हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 50 मीटर स्प्रिंट रेस में देव प्रथम हर्षित को मिला दूसरा स्थान

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित करते सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर।

**अमृत विचार :** पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में शनिवार को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर रहे। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई।

विद्यालय प्रशासन की ओर से मुख्य अतिथि का अभिनंदन पत्र और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया और छात्राओं ने योगासनों की संगीतमय प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों की सराहना बटोरी। इसके बाद मुख्य अतिथि, प्राचार्य और शिक्षकों ने रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिताओं की शुरुआत कराई। कक्षा पांच की

**● केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया वार्षिक खेल दिवस**

50 मीटर स्प्रिंट रेस में छात्रों में देव प्रथम, हर्षित द्वितीय और हम्माद तृतीय स्थान प्राप्त किया।

छात्राओं में तनिष्का में प्रथम, राजिया द्वितीय और कुम फातिमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्राथमिक और जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अंडर-14 वर्ग के फुटबॉल में रमन हाउस और अशोका हाउस विजेता रहे, जबकि अंडर-19 वर्ग के वॉलीबॉल मुकाबलों में अशोका हाउस ने प्रथम और टैगोर हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों और छात्रों के बीच एक मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच खेला गया, जिसमें छात्रों की टीम विजयी रही।

## 10 दिन से कार्य ठप, लोग परेशान

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** कस्बा स्थित उपडाकघर में करीब 10 दिनों से नेटवर्क खराबी के चलते नये आधार कार्ड बनने, अपडेट होने व बायोमेट्रिक एवं संशोधन का कार्य ठप है। बड़ी संख्या में लोग आधार से संबंधित कार्य को लेकर पहुंचकर बैरंग लौट रहे हैं। उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। आधार ऑपरेटर सचिन गुर्जर ने बताया कि ऑन मोल्डिंग नहीं हो पा रहा है। जिस कारण आधार से संबंधित समस्या कार्य बंद है। जो खराबी आई है वह बरेली से सही होना है। उप डाकघर के कार्यवाहक इंचार्ज मनोज अग्रवाल का कहना है कि कोई कमी आ गई है। जिस कारण आधार से संबंधित कार्य चार-पांच दिनों से बंद है। खराबी आने की सूचना बरेली भेजी जा चुकी है। बरेली के सिस्टम मैनेजर अवकाश पर हैं। अवकाश से वापस आने पर मंगलवार को वह आकर सही कराएंगे। इसके बाद आधार से संबंधित कार्य होने लगेगा।

# भाकियू एसडीएम और तहसीलदार के खिलाफ करेगी आंदोलन

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने तहसील प्रशासन पर किसानों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए आगामी 26 फरवरी को सदर तहसील में महापंचायत करने एवं एसडीएम सदर व तहसीलदार के विरुद्ध अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाने का ऐलान किया है। यह निर्णय किसान यूनियन की शनिवार को हुई पंचायत में लिया गया है।

मंडी समिति परिसर के कृषक विश्रामगृह में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में पंचायत हुई। पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसानों की लगातार अनदेखी की जा रही है किसानों को छुट्टा पशुओं एवं जंगली जानवरों से भारी नुकसान

**● किसान नेताओं ने तहसील प्रशासन पर किसानों का उत्पीड़न करने का लगाया आरोप**

उठाना पड़ रहा है साथ ही बाघों का आतंक बना हुआ है। जिससे किसान एवं मजदूर खेतों में कार्य करने से कतरा रहे हैं। वहीं वन विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। कहा कि यदि समय रहते इन समस्याओं से निजात नहीं दिलाई गई तो भाकियू द्वारा सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तहसीलों में आय-जाति और निवास प्रमाण पत्र, अंश संशोधन में किसानों से अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने तहसील प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि तहसील प्रशासन की मिलीभगत से अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही है।

भूमाफिया अवैध तरीके से किसानों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। तहसील प्रशासन शिकायत सुनने को तैयार नहीं है। किसानों को न्याय के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब 26 फरवरी को तहसील सदर में भाकियू की महापंचायत प्रस्तावित की गई है और एसडीएम- तहसीलदार के खिलाफ अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों ने कहा कि इस समय प्रशासनिक अधिकारी सत्ता के इशारे पर कार्य कर रहे हैं। जिस कारण किसानों का बड़े पैमाने पर शोषण किया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पंचायत में जिला महामंत्री नेमीचंद वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह विर्क, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, मंडल उपाध्यक्ष इलियास, सोनू शाह, जिला सचिव अमित गंगवार, निर्मल भोजवाल, ओंकार सिंह, वीरपाल राजपूत, नागेंद्र कुशवाहा, पूरनलाल, धर्मवीर गंगवार, रमेश कुमार, लालाराम, अलाउद्दीन, मैकूलाल आदि मौजूद रहे।

# बीआरसी पूरनपुर में शिक्षक संघ ने बैठक कर बनाई रणनीति



पूरनपुर में हुई बैठक में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** बीआरसी पूरनपुर में शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक हुई। इसमें प्रदेशीय आह्वान पर प्रस्तावित 22 फरवरी को ट्विटर अभियान और 23 से 5 फरवरी तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने व 26 फरवरी की दोपहर एक बजे बीएसए कार्यालय

**● 26 फरवरी को एक बजे बीएसए कार्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे**

में धरना प्रदर्शन को लेकर रणनीति बनाई गई।

इस मौके पर पूरनपुर इकाई अध्यक्ष सूर्यप्रकाश गंगवार, संतोष कुमार पासवान, विमल कुमार, ऋषि सक्सेना, हुकुम सिंह, लोकेंद्र कुमार, किशन लाल आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# हाईस्कूल गृह विज्ञान, इंटर में इतिहास का हुआ पेपर

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



परीक्षा देकर बाहर निकलते छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा के चौथे दिन हाईस्कूल में गृह विज्ञान और इंटरमीडिएट में इतिहास का पेपर कराया गया। हालांकि कुछ परीक्षार्थियों को वैकल्पिक फल एवं खाद्य संरक्षण का पेपर हुआ। दोनों पालियों में 9452 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 8929 ने परीक्षा दी, जबकि 523 गैरहाजिर रहे। परीक्षा को लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग एक दम चौकना बना हुआ है। ताकि कोई गड़बड़ी न होने पाए।

शनिवार को बोर्ड परीक्षा के चलते शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राम इंटर कॉलेज, वीरांगना अवंती बाई इंटर कॉलेज, एस एन इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल इंटर कॉलेज, अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज समेत अन्य परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। पहली

**● दो पालियों में आयोजित हुई परीक्षा, 523 ने छोड़ी**

पाली में हाईस्कूल में गृह विज्ञान और इंटरमीडिएट में वैकल्पिक में फल एवं खाद्य संरक्षण की परीक्षा कराई गई। जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट का इतिहास का पेपर कराया गया।

पहली पाली में 8096 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 7643 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 453 गैरहाजिर रहे। इसी पहली में इंटरमीडिएट के वैकल्पिक विषय में 71 में 67 ने परीक्षा दी। जबकि चार परीक्षार्थी गायब रहे। इसी तरह दूसरी पाली की परीक्षा में इंटरमीडिएट में 1285 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे, इनमें 1219 ने परीक्षा दी। जबकि 66 गायब रहे। परीक्षा के दौरान सचल दल और मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों की निगरानी में जुटे रहे। डीआईओएस राजीव कुमार ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा रही है। कहीं भी नकलची नहीं पकड़ा गया है।

## पूरी दवा न मिलने पर किया हंगामा

**पीलीभीत,अमृत विचार :** जिला अस्पताल में शनिवार को ओपीडी में एक बुजुर्ग मरीज दवा वितरण केंद्र पहुंचा। बताते हैं कि तैनात कर्मचारी ने उन्हें कुछ दवाइयां थमा दीं। जब बुजुर्ग ने कमरे में जाकर डाक्टर को अपना पर्चा और दवा दिखाई, तो डाक्टर ने टोकते हुए कहा कि पर्चे पर लिखी पूरी दवाइयां अभी नहीं मिली हैं।

डाक्टर से मिलने के बाद बुजुर्ग वापस खिड़की पर पहुंचा और बाकी दवाओं की मांग की, लेकिन वहां तैनात कर्मचारी ने दावा किया कि दवा पूरी है।इसका बुजुर्ग ने विरोध शुरू किया, इससे वहां बहस शुरू हो गई।

इसके बाद वहां तैनात सुरक्षा कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे, उनके हस्तक्षेप के बाद बुजुर्ग के पर्चे की जांच करवाई। तो दवा कम निकली सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में बुजुर्ग को उनकी बाकी दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

# राज्यमंत्री ने गौरी शंकर मंदिर के लिए दिए एक लाख रुपये




गौरीशंकर मंदिर के महंत को धनराशि देते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शनिवार को सामाजिक संस्था सशक्त प्रयास के माध्यम से शहर के प्राचीन एवं ऐतिहासिक गौरी शंकर मंदिर के रखरखाव को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह धनराशि मंदिर के महंत जय शंकर शर्मा को सौंपी गई।

राज्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक स्थलों का संरक्षण और उनकी व्यवस्था बनाए रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गौरी शंकर मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है और इसके संरक्षण के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता अमरीश शर्मा अंबू, ओमकार मौर्य, मनोज पटेल आदि मौजूद रहे। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना भी की गई।

# बेटी अनमोल उपहार, जीने-पढ़ने का दो अधिकार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**




रैली को रवाना कराते कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमंत जगोता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज का सात दिवसीय एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) शिविर शनिवार को शुरू हुआ। प्रथम दिन महिला सशक्तिकरण अभियान चलाया गया। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने हरी झंडी दिखाकर छात्र छात्राओं को ग्राम गनेशपुर गौटिया देशनगर के लिए रवाना किया। प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने महिला सशक्तिकरण का महत्व बताया।

ग्राम गनेशपुर गौटिया में जागरूकता रैली निकाली गई। बीसीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र यशपाल, बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र मोहम्मद तारिक ने रैली का नेतृत्व किया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न नारों

**● 7 दिवसीय एनएसएस शिविर की शुरुआत, निकाली जागरुकता रैली**

के माध्यम से ग्राम वासियों को बेटी बचाओ, बेटी पढाओं के लिए प्रेरित किया। बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा हदीका ऐमन ने बेटी पढ़ेगी तभी तो आगे बढ़ेगी, बेटी है कुदरत का अनमोल उपहार, जीने और पढ़ने का भी दो अधिकार आदि का संदेश दिया। ग्रामीणों को बेटियों की शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। सभी ने संकल्प लिया कि ग्रामवासियों को इसके लिए जागरूक करेंगे कि बेटी है तो देश में प्रगति होगी। इस मौके पर एनएसएस अधिकारी आलोक उपाध्याय, प्रवक्ता राजपाल गंगवार, डॉ.अतुल मिश्रा, शिव शंकर आदि रहे।

## बाल कवि सम्मेलन में आयुष्मान प्रथम

**मैगलगंज, अमृत विचारः** कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथियों ने मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया। प्रख्यात कवि अतुल मधुकर मिश्र, धीरज श्रीवास्तव,अरविंद सोनी तथा पूर्व छात्र व कवि उदय शुक्ला प्रिंस की मौजूदगी रही। 23 छात्र-छात्राओं ने मंच से काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कक्षा सात के आयुष्मान शुक्ला ने प्रथम, कक्षा आठ की दर्शिका शुक्ला ने द्वितीय तथा कक्षा 8 की मिष्ठी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य ने मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# विरासतों से भरे जिले के गांव, खुलेंगे समृद्धि के द्वार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व की तमाम विरासतों को अपने में समेटे पीलीभीत जल्द ही देश दुनिया में चमकेगा। शासन के निर्देश पर मेरे गांव मेरी धरोहर योजना के तहत जनपद के गांवों के प्राचीन मंदिर, ऐतिहासिक स्थल, तालाब, मेलों और पारंपरिक कला को डिजिटल पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। अब तक 632 गांवों की धरोहरों अपलोड किया जा चुका है। सरकार की इस पहल से ग्रामीण अंचलों की धरोहरों को तो संरक्षण मिलेगा ही, साथ ही ग्रामीण पर्यटन को बढावा मिलने के बाद स्थानीय स्तर पर रोजगार के द्वार भी खुल सकेंगे।

**● मेरे गांव मेरी धरोहर: जनपद के 1433 गांवों में से 632 का डाटा पोर्टल पर अपलोड**

**● ग्रामीण अंचलों की विरासतों को मिलेगा संरक्षण, पर्यटन की दृष्टि से मजबूत हो सकेंगे गांव**

> योजना के अंतर्गत जनपद के राजस्व गांवों की विस्तृत प्रोफाइल तैयार कर उन्हें पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। अब तक करीब 632 गांवों को डाटा पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। शेष गांवों को भी चरणबद्ध तरीके से योजना से जोड़ा जा रहा है।
>
> **-रोहित भारती**, जिला पंचायत राज अधिकारी।

सरकार द्वारा गांवों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के उद्देश्य से मेरा गांव मेरी धरोहर योजना शुरू की गई है, ताकि लोग अपनी लोक संस्कृति, गांव, माटी, मेला और स्थलों को बेहतर ढंग से जान सकें। योजना के तहत जनपद के आबादी वाले सभी गांवों के प्राचीन मंदिरों, लोककला, पारंपरिक खेती पद्धति और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों, मेलों समेत अन्य विरासतों का दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। जनपद में पंचायती राज विभाग के माध्यम से इसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वे कर प्रमुख धरोहरों का विवरण एकत्र किया जा रहा है। साथ ही सत्यापन करने के बाद इन जानकारियों को पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है।

### 632 गांवों का डाटा अपलोड

पंचायती राज विभाग के मुताबिक योजना के तहत जनपद में 1433 राजस्व गांव चिन्हित किए गए हैं। इनमें से अभी तक 632 गांवों की विरासतों को पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। अभी 801 राजस्व गांवों का डाटा एकत्र किया जा रहा है। जल्द ही इन गांवों का डाटा भी पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक डिजिटल दस्तावेजीकरण के माध्यम से न केवल गांवों की पहचान बढ़ेगी, बल्कि संरक्षण और सुंदरीकरण के प्रयासों को भी गति मिल सकेगी।इसके अलावा स्थानीय स्तर पर परिवहन, खानपान, हस्तशिल्प और होमस्टे जैसी सेवाओं में रोजगार मिलने के अवसर मिल सकेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### रोडवेज बस की टक्कर से वृद्ध घायल

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर के मोहम्मदी मार्ग स्थित कंजा बाबा देवस्थान के पास मोहम्मदी की ओर आ रही रोडवेज बस की चपेट में आकर एक वृद्ध गंभीर घायल हो गया, जिसे सीएचसी भर्ती कराया गया। शनिवार की देर शाम कंजा बाबा देवस्थान पर एक शादी समारोह में शामिल होने गए नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी राम बहादुर राठौर (60) लघु शंका के लिए रास्ता पार कर रहे थे। इसी दौरान किसी रोडवेज बस की चपेट में आने से वह गंभीर घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली अंबर सिंह ने बताया कि सड़क पार करते समय किसी रोडवेज बस से टक्कर में घायल होने की सूचना मिलने ही उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा। बस किस डिपो की है पता लगाया जा रहा है।

### हादसे में ई-रिक्शा सवार घायल

पीलीभीत, अमृत विचार : बरखेड़ा क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी इंद्रजीत ने भी सुनगढ़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि 10 फरवरी को उनका छोटा भाई छविनाथ ई-रिक्शा से घर रायपुर जा रहा था। तभी धान कूटने वाली मशीन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### 10वीं की छात्रा ने की आत्महत्या

इटावा, एजेंसी : जिले की फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में 10वीं कक्षा की छात्रा ने अपने घर पर कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान 15 वर्षीय अनुष्का गौतम के रूप में हुई है, जो 17 फरवरी को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की गणित की परीक्षा देने के बाद कथित तौर पर मानसिक तनाव में थी। थाना प्रभारी (एसएचओ) अमित कुमार मिश्रा के मुताबिक, घटना शुक्रवार शाम की है जब लड़की घर पर अकेली थी। उसकी मां और भाई घरेलू सामान खरीदने बाजार गए थे।

# मां के साथ दुष्कर्म करने वाले पुत्र को आजीवन कठोर कारावास

## 4 वर्ष पहले विधवा के साथ बेटे ने की थी दरिंदगी, कोर्ट ने 22 हजार रुपये लगाया जुर्माना

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : चार वर्ष पहले विधवा मां से दुष्कर्म करने वाले भमोरा थाना क्षेत्र निवासी आरोपी बेटे (22) को परीक्षण में परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय अशोक कुमार यादव ने आजीवन कठोर कारावास और 22 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने से 20 हजार की रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जायेगी।

सरकारी वकील सुरेश बाबू साहू ने बताया कि पीड़िता ने थाना भमोरा में तहरीर देकर बताया था कि 10 अक्टूबर 2021 की देर रात 11 बजे वह घर में सो रही थी, तभी उसका पुत्र बाहर से आया और उसने कुंडी खटखटाई और

### इतना घोर कलयुग नहीं कि मां अपने ही बेटे को फंसा दे

अदालत ने 36 पेज के आदेश में मामले को विरल से विरलतम माना। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि कलयुग तो चल रहा है, मगर इतना घोर कलयुग नहीं है कि कोई मां अपने पुत्र को अपने ही दुष्कर्म के झूठे केस में फंसा दे।

> मेडिकल, डीएनए रिपोर्ट्स जुर्म साबित करने के लिए पर्याप्त हैं, यह सही है कि पीड़िता एक मां है और बेटे ने गलत किया है लेकिन मां-मां होती है, ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़िता इसी कारण जिरह में मुस्लिम द्वारा घटना कारित करने से इंकार किया है। यह प्रकरण स्वयं में एक अपवाद है। परिस्थितियां स्वयं बोल रही हैं कि अभियुक्त ने ही पीड़िता के साथ दुष्कर्म जैसा घृणित अपराध किया है। जब मुस्लिम अपनी मां के साथ ऐसी घटना कर सकता है, तब ऐसे व्यक्ति को छूट दिया जाना कहीं से न्यायोचित नहीं है।
> 
> – अशोक कुमार यादव अपर सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय

बोला कि मुझे भूख लगी है। मैंने गेट खोला, तभी उसने एक हाथ से मेरा गला दबा दिया और दूसरे हाथ से मेरे कपड़े उतार दिये। उसने दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी।

मैंने घर से भागकर अपने अन्य बेटों को फोन किया। 12 अक्टूबर 2021 को दोनों लड़के बाहर से आए थे। वह बाहर मजदूरी करते हैं, उनकी सहायता से आरोपी बेटे को पकड़कर लाए। पुलिस ने दुष्कर्म, धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर 40 दिन के भीतर विवेचना पूरी कर आरोप पत्र कोर्ट भेजा। आरोपी छह भाइयों में तीसरे नंबर का था। घटना के वक्त आरोपी शराब के नशे में था। अभियोजन ने मामले में 8 गवाह पेश किए थे।

### गवाही के दौरान मां और दोनों भाई मुकरे

गवाही के दौरान पीड़िता अपने बयान से मुकर गई। बोली कि रात में कोई अंजान व्यक्ति घर के अंदर घुस आया था, उसने दुष्कर्म किया था। पुत्र ने दुष्कर्म नहीं किया। वहीं मुल्जिम के दोनों भाई भी अपने बयान से मुकर गये थे। विवेचना के दौरान पुलिस ने मौके से 21 बाल बरामद किए थे। डीएनए मैच में 20 बाल पीड़िता के पुत्र व 1 बाल पीड़िता का पाया गया। इसके अतिरिक्त पीड़िता व मुल्जिम के कपड़े भी सील किए थे। डीएनए जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी।

# सिटी मजिस्ट्रेट आवास की काटी 22 लाख की आरसी

राकेश शर्मा, बरेली

- आरसी कलेक्ट्रेट पहुंची तो उच्चाधिकारियों ने जताई नाराजगी
- अब अभियंता ने आरसी वापस मंगाने को प्रशासन को भेजी चिट्ठी

अमृत विचार : बिजली विभाग के अधिकारियों ने गजब कर दिया। एडीएम कंपाउंड स्थित सिटी मजिस्ट्रेट आवास की 22 लाख से अधिक की आरसी काट दी। रामपुर गार्डन स्थित बिजली विभाग के कार्यालय से अधिशासी अभियंता की ओर से आरसी जब प्रशासन के पास पहुंची तब हल्ला मच गया। यह वही आवास है, जहां से निलंबित सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने यूजीसी और प्रयागराज में बटुकों के अपमान होने के विरुद्ध सरकार विरोधी नारे लगाते हुए आक्रोश जताया था।

आरसी कलेक्ट्रेट पहुंचने पर उच्चाधिकारियों ने सख्त नाराजगी जताई। मामला लीक न हो जाए, इसके लिए जिला संग्रह कार्यालय से लेकर तहसील सदर तक के अधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट आवास की आरसी की फाइल छिपा दी।

प्रशासनिक वरिष्ठ अफसरों तक यह मामला पहुंचा तो आरसी वापस कराने के निर्देश दिए। प्रशासन की कड़ी आपत्ति पर बिजली विभाग के अधिकारी बैकफुट पर आ गए।

रामपुर गार्डन स्थित कामर्शियल-2 वर्टिकल कार्यालय के अधिशासी अभियंता सूर्य कुमार ने आरसी वापस मंगाने के लिए एडीएम एफआर को 18 फरवरी को चिट्ठी लिखी। उसमें बताया है कि सिटी मजिस्ट्रेट राजस्व (आवास) बरेली के नाम से 22 लाख 73 हजार 932 रुपये का मांगपत्र वसूली के लिए भेजा गया था। एडीएम एफआर से यह मांगपत्र बिना वसूल किए खंड कार्यालय को वापस करने का अनुरोध किया।

# प्रयागराज में मेरठ के दो दरोगा गिरफ्तार

- धागा कारोबारी को फर्जी मुठभेड़ में फंसाने की धमकी देकर 20 लाख रुपये वसूलने का आरोप

प्रयागराज, एजेंसी : प्रयागराज के धूमनगंज क्षेत्र से मेरठ पुलिस ने वसूली के आरोप में अपने ही विभाग के दो दरोगाओं को गिरफ्तार किया है। दोनों पिछले दो दिनों से प्रयागराज में छिपे हुए थे और पुराने मोबाइल नंबर बंद कर नए नंबर का इस्तेमाल कर रहे थे। पकड़े गए दरोगाओं की पहचान लोकेंद्र साहू और महेश कुमार के रूप में हुई है। उन पर मेरठ के टीपीनगर निवासी धागा कारोबारी रासिक को फर्जी मुठभेड़ (एनकाउंटर) में फंसाने की धमकी देकर 20 लाख रुपये वसूलने का आरोप है।

दोनों दरोगा दो दिन पहले प्रयागराज पहुंचे थे और एक अधिवक्ता के संपर्क में थे। पहले उन्हें हाईकोर्ट के पास मिलने के लिए बुलाया गया, लेकिन उन्होंने वहां आने से इनकार कर धूमनगंज के कन्हईपुर मोहल्ले स्थित अधिवक्ता के मुंशी के घर मिलने का स्थान तय किया। इसी बीच मेरठ पुलिस को उनके नए मोबाइल नंबर की जानकारी मिल गई। सर्विलांस के जरिए नंबर की लोकेशन प्रयागराज में मिली। इसके बाद मेरठ पुलिस की एक टीम गुरुवार को ही प्रयागराज पहुंच गई और शुक्रवार शाम करीब छह बजे धूमनगंज में छापा मारकर दोनों को हिरासत में ले लिया। बताया गया है कि कार्रवाई को पूरी तरह गोपनीय रखा गया। गिरफ्तारी के लिए स्थानीय धूमनगंज पुलिस की मदद नहीं ली गई। टीम ने केवल थाने में यह सूचना दी कि वह एक वांछित की तलाश में जा रही है। हिरासत में लेने के बाद मेरठ पुलिस दोनों को सीधे मेरठ लेकर रवाना हो गई।


**न्यायालय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बरेली**
**वाद सं. 2130002371/2025**

1. खुशवन्त सिंह पुत्र प्रताप सिंह 2. प्रतिपाल सिंह पुत्र खुशवन्त सिंह 3. निवासीगण ग्राम माधौपुर पर. चौमहला तहसील बहेड़ी जिला बरेली .....प्रार्थीगण/वादीगण बनाम

1. विश्वनाथ अरोरा पुत्र चमन लाल 2. लोकेश अरोरा पुत्र चमन लाल 3. राजकुमारी पत्नी चमन लाल 4. अमन नाथ अरोरा पुत्र दौलत राम अरोरा 5. राम स्वरूप अरोरा पुत्र दौलत राम अरोरा 6. वासुदेव अरोरा पुत्र दौलत राम अरोरा 7. नन्द लाल अरोरा पुत्र दौलत राम अरोरा मूल निवासीगण ग्राम माधौपुर तहसील बहेड़ी जिला बरेली 8. ग्राम सभा द्वारा ग्राम प्रधान माधौपुर तहसील बहेड़ी जिला बरेली 9. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिलाधिकारी बरेली। ... प्रतिवादीगण

चूंकि मुसम्मी खुशवन्त सिंह आदि ने आपके नाम एक नालिश वास्ते नक्शा सुधार ग्राम माधौपुर तह. बहेड़ी जिला बरेली के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 23.2.2026 अदालतन या मारफत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा को जवाब देही कर सके मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।आज बतारीख 20.2.2026 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया है।

पेशकार
अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, बरेली


# लूट के विरोध पर सिपाही के बहनोई की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बदमाश 68 हजार रुपये लूट ले गए, सुभाषनगर थाना क्षेत्र के प्रगति नगर में वारदात

अमृत विचार : सुभाषनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात लूट के इरादे से घर में घुसे बदमाशों ने बड़ी वारदात कर दी। बदमाशों ने लूट का विरोध करने पर सिपाही के बहनोई की गोली मारकर हत्या कर दी। 68 हजार रुपये की रकम वाले बैग को लूट गए। एसपी सिटी समेत अन्य पुलिस अफसरों ने घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन की। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। शनिवार सुबह पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के प्रगति नगर निवासी जोगेंद्र लोधी मूल रूप से ग्राम तिगरा खानपुर थाना आंवला के रहने वाले थे। वह शुक्रवार रात घर के बरामदे में सो रहे थे। पत्नी अनीता पास में सो रही थीं। अनीता ने बताया कि रात करीब 1 बजे अचानक मकान की छत पर कुछ आहट सुनाई दी। इससे वे दोनों जाग गए। जोगिंदर व उनकी पत्नी अनीता जीने से छत पर जाने लगे। उन्होंने डंडे से बदमाशों को ललकारा, लेकिन बदमाशों ने तमंचे से जोगेंद्र को गोली मार दी। गोली उनके सीने में लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस बैग में 68 हजार रुपये रखे थे, बदमाश उसे लेकर भाग गए। सूचना पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने मृतक के परिजनों से घटना के बारे में जानकारी जुटाई। सुभाषनगर इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश में कई टीमों को लगाया गया है।

# तीन अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापा, दो सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक सेंटर बिना पंजीकरण के किया जा रहा था संचालित

अमृत विचार : अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को छापामारी अभियान चलाया। टीम ने दस्तावेज पूरे न होने पर फरीदपुर में दो अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील कर दिया। वहीं, एक अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी चल रही है।

टीम ने फरीदपुर क्षेत्र में चल रहे मर्सी अल्ट्रासाउंड, सहारा अल्ट्रासाउंड और एल्फा अल्ट्रासाउंड केंद्रो की जांच की। जिसमें पता चला कि मर्सी अल्ट्रासाउंड बिना पंजीकरण के संचालित किया जा रहा था। केंद्र को सील कर दिया गया। सहारा अल्ट्रासाउंड अपने पंजीकृत स्थान से अलग स्थान पर चलाया जा रहा था। जिसके कारण उसे भी सील किया गया। वहीं, एल्फा अल्ट्रासाउंड निरीक्षण की सूचना मिलते ही बंद कर दिया गया। संचालक मौके से फरार हो गया। जांच में यह भी जानकारी मिली कि संबंधित चिकित्सक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अपना नाम अल्ट्रासाउंड केंद्र से हटाने के लिए आवेदन दिया है।

इस आधार पर एल्फा अल्ट्रासाउंड के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए अभियोग दर्ज कराया जाएगा। टीम में नोडल पीसीपीएनडीटी डॉ. लईक अहमद अंसारी, विपिन कुमार, राजेश कुमार, राहुल शर्मा शामिल रहे। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।


**कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)**

पत्रांक : 1467/न.पं. शेरगढ़/प्रकाशन सूचना/वर्ष 2025-26 दिनांक : 12.02.2026

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नत्थू पुत्र श्री न्याय नि. मोहल्ला कस्सावान वार्ड सं. 6 नगर पंचायत शेरगढ, तहसील बहेड़ी जनपद बरेली का है। प्रार्थी की बहन श्रीमती सवीना पुत्री श्री न्याय नि. मोहल्ला कस्सावान वार्ड सं. 6 नगर पंचायत शेरगढ, तहसील बहेड़ी जनपद बरेली ने नगर पंचायत शेरगढ़ के मोहल्ला कस्सावान में स्थित एककिता मकान जिसमें नल लगा है। उक्त मकान को रजि. दानपात्र दिनांक 12.03.2024 के आधार पर दान में प्राप्त किया है। दान में प्राप्त मकान की सीमाएं पूरब में रास्ता, पश्चिम में मकान इकबाल, उत्तर में मकान कृपा शंकर व दक्षिण में मकान जाहिद का अंकित है। जिसके अमलदरामद हेतु कार्यवाही नगर पंचायत कार्यालय स्तर पर किया जाना है।

अत: उक्त अमलदरामद के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकाशन के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर धिशासी अधिकारी नगर पंचायत शेरगढ़ जनपद बरेली के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस एवं कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्राप्त शिकायतों पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्तानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत शेरगढ जनपद बरेली

**कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)**

पत्रांक : 1474/न.पं.शेरगढ़/प्रकाशन सूचना/वर्ष 2025-26 दिनांक 16.02.2026

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अली शेर खां पुत्र श्री मुमताज वली खां नि. ग्राम इस्लामपुर तहसील बहेड़ी जनपद बरेली का है। प्रार्थी को प्रार्थी की पत्नी अफसाना पत्नी श्री अली शेर खां नि. ग्राम इस्लामपुर तहसील बहेड़ी जनपद बरेली ने नगर पंचायत शेरगढ़ के मोहल्ला कस्सावान में स्थित खाली प्लाट को रजि. दानपत्र दिनांक 26.09.2023 के आधार पर प्रदान किया है। प्रार्थी को दान में प्राप्त खाली प्लाट की चौहदी पूरब में मकान रिजवान, पश्चिम में रास्ता 10 फिट चौड़ा, उत्तर में मकान मतलूब खान, दक्षिण में मकान सलमान मियां का अंकित है। जिसके अमलदरामद हेतु कार्यवाही नगर पंचायत कार्यालय स्तर पर किया जाना है।

अत: उक्त अमलदरामद के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकाशन के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शेरगढ़ के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस एवं कार्यालय समय ममें प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्राप्त शिकायतों पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्तानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत शेरगढ जनपद बरेली


# 1 किलो 270 ग्राम अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरामद अफीम की कीमत 30 लाख बताई जा रही
- मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज

अमृत विचार : बारादरी पुलिस ने दो तस्करों के पास से 1 किलो 270 ग्राम अफीम बरामद की है। जिसकी कीमत 30 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तस्करों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि शुक्रवार रात पुलिस डोहरा चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। सूचना मिली कि दो लोग मादक पदार्थ की तस्करी करने की फिराक में हैं। पुलिस टीम पीलीभीत बाईपास पर सेटेलाइट के पास खाली पड़े प्लाट के पास पहुंची, तभी दो लोगों ने भागने का प्रयास किया। टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों के पास से 30 लाख की कीमत की 1 किलो 270 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों ने अपने नाम कुंवरपाल यादव निवासी गांव मसियाबाद थाना मीरगंज और दूसरे ने अजय सैनी निवासी मेहतरपुर करोड़ थाना बिथरी चैनपुर बताया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अफीम बारादरी क्षेत्र के फाइक एंक्लेव निवासी मनमून से खरीदकर लाते हैं। अजय सैनी ने बताया कि वह बिजली का काम करता था। लेकिन उसकी जान पहचान मनमून से हो गई। मनमून ट्रक चलाने का काम करता था। उसके बहकावे और लालच में आकर वह अफीम की तस्करी करने लगा। पुलिस ने मुकदमे में मनमून को नामजद कर तलाश शुरू कर दी है।

# कैंसर के आठ पैनल में परिचर्चा करेंगे देश के नामचीन 89 विशेषज्ञ

बरेली, अमृत विचार: एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रविवार को प्रथम वार्षिक ओंको लाजिक्स पैनल्स का आयोजन किया जा रहा है। मेडिकल कालेज के रेडिएशन ओंकोलाजी विभाग की ओर से आयोजित इस कांफ्रेंस में देश के नामचीन 89 कैंसर विशेषज्ञ इस बीमारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के रेडियोथेरेपी विभागाध्यक्ष कैंसर विशेषज्ञ डा.आरएन दत्ता विशेष रूप से बरेली पहुंच रहे हैं।

यह जानकारी एसआरएमएस मेडिकल कालेज स्थित आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डा.पियूष कुमार ने दी। डा.पियूष ने कहा कि कांफ्रेंस में कैंसर के विभिन्न पहलुओं पर आठ पैनल डिस्कसन होंगे। सभी में सात विशेषज्ञ कैंसर से संबंधित विषयों पर व्याख्यान देंगे। सुबह नौ बजे से आरंभ हो कर शाम छह बजे तक चलने वाले इस पहले वार्षिक ओंको लाजिक पैनल्स का उद्घाटन सत्र दोपहर एक बजे आरंभ होगा। इसमें कैंसर से संबंधित सवालों के जवाब देने वाली पुस्तक का भी लोकार्पण किया जाएगा। उद्घाटन सत्र को विशेषज्ञ डा.आरएन दत्ता और संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति संबोधित करेंगे।

# मौसम में बदलाव : जुकाम-बुखार और डायरिया कर रहा बेहाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

> डायरिया होने पर मरीजों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उबला या साफ पानी पीने का प्रयास करें। हल्का और सुपाच्य भोजन लेना चाहिए। तला, मसालेदार, कैफीन, शराब, अधिक दूध वाले उत्पादों से बचना चाहिए। सबसे अहम बात कि पानी की कमी न होने दें। ओआरएस और नींबू पानी का सेवन करें। – डॉ. राहुल बाजपेई, जिला अस्पताल

अमृत विचार : मौसम में लगातार हो रहे बदलाव ने जुकाम, बुखार के साथ डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ा दी है। जिला अस्पताल की ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या अधिक रही। पर्चा काउंटर से दवा काउंटर तक मरीजों की भीड़ दिखी।

शनिवार सुबह आठ बजे जिला अस्पताल में मरीजों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार दोपहर दो बजे तक कुल 1690 मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। इनमें बड़ी संख्या ऐसे मरीज की थी जो सर्दी-खांसी, बुखार और डायरिया से पीड़ित थे। डॉक्टरों का कहना है कि बदलते मौसम और खान-पान में लापरवाही के कारण इस तरह की बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या 281, डायरिया के लक्षण वाले लगभग 47 रोगी आए। इनमें से 11 मरीजों के ब्लड के सैंपल भी लिए गए। ओपीडी में सबसे अधिक जांचें सीवीसी की कराई गईं। सीवीसी जांच से इंफेक्शन, सूजन, एनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों का पता चलता है।


**कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।**

**विज्ञप्ति का प्रारूप**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है श्री महेन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री नत्थू लाल, श्री ज्ञानेन्द्र पटेल, श्री जितेन्द्र पटेल पुत्रगण श्री महेन्द्र पाल सिंह निवासी मकान नम्बर-43, डोहरा, डोहरा रोड, बरेली द्वारा निर्माण स्थल-खसरा नम्बर-11 (पार्ट), 12(पार्ट), 13(पार्ट), 14 (पार्ट), 15 (पार्ट), 47 (पार्ट), 48 (पार्ट) एवं 49 ग्राम डोहरा, डोहरा रोड, बरेली पर " होटल "मैफेयर लॉन क्रिया" भवन निर्माण की अनुज्ञा हेतु ऑन लाइन ऑन लाइन मानचित्र संख्या-बी0डी0ए0/ बी0पी0/25-26/0734 प्रस्तुत किया गया है। बरेली महायोजना 2031 के अनुसार स्थल का भू-उपयोग आवासीय में दर्शित है व वर्तमान में स्थल के सम्मुख 12 मीटर चौड़ा पहुँच मार्ग स्थित है। उत्तर प्रदेश के विकास प्राधिकरणों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर 15.3.2 के उप प्रस्तर-2.6 के अन्तर्गत "होटल क्रिया" आवासीय भू-उपयोग में अनुमन्य है। आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन - 2025 के प्रस्तर 15.1.3 के बिन्दु संख्या- (iv) में उल्लेख है कि "महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जाएगी।" उक्त के क्रम में जन-सामान्य को कोई आपत्ति/सुझाव देने है, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्राधिकरण के मानचित्र लिपिक को प्राप्त करा सकते है। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति / सुझाव को स्वीकार नही किया जायेगा।

उपाध्यक्ष
बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली


# एसआईआर: मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान आज, पात्रों से नाम जुड़वाने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रत्येक मतदेय स्थल पर सुबह 10:30 से 4:30 बजे तक बीएलओ की रहेगी मौजूदगी
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को बूथों की निगरानी करने के निर्देश दिए

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग की ओर से कराए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत दावा एवं आपत्ति अवधि में अधिक से अधिक संख्या में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए रविवार को जनपद के सभी बूथों पर विशेष अभियान का आयोजन होगा। बीएलओ बूथों पर 6 जनवरी को प्रकाशित हुई मतदाता सूची को पढ़कर सुनाएंगे, ताकि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से रह गए हैं, वे अपना नाम जुड़वा सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने अधिकारियों को बूथों की निगरानी करने के निर्देश जारी किए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 11, 18 जनवरी, 31 जनवरी को विशेष अभियान दिवस आयोजित किये गये थे। इसी कड़ी में रविवार को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है। बताया कि विशेष अभियान दिवस को सफल बनाने के लिए समस्त ईआरओ को निर्देश जारी किए गए हैं कि विशेष अभियान में प्रत्येक मतदेय स्थल पर सुबह 10:30 से 4:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे।

सभी बीएलओ के पास 6 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची व पर्याप्त संख्या में सभी प्रकार के फार्म में 6, 6A, 7 एवं 8 उपलब्ध रहेंगे। विशेष अभियान में प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गयी है। जहां मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता प्रदान की जाएगी। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को अभियान तिथि की जानकारी देते हुए उनसे सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिए। सभासदों, ग्राम प्रधानों एवं स्वयंसेवकों का भी सहयोग लिया जाएगा। समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भ्रमणशील रहते हुए विशेष अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिये हैं। सभी नागरिकों से अपील की है कि विशेष अभियान दिवस पर अपने बूथ पर जाकर अपना व अपने परिवार के सदस्यों के नाम 6 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। यदि किसी पात्र सदस्य का नाम मतदाता सूची में अंकित नहीं हुआ या ऐसे सदस्य जिनकी आयु 1 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, उनका भी फार्म 6 घोषणा पत्र सहित भरवाकर अपने बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा दें या voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है।


**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना संख्या : 27/2026



**रेल यात्री बंधुओं के लिए आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की सुविधा हेतु निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष गाड़ियों का संचलन निम्नवत किया जायेगा-

**गाड़ी सं. 09075/09076 मुम्बई सेंट्रल-काठगोदाम-मुम्बई सेंट्रल सुपरफास्ट विशेष गाड़ी**

गाड़ी सं. 09075 - मुम्बई सेंट्रल से बुधवार को 25.02.26, 04, 11, 18, 25.03.26 = 05 ट्रिप
गाड़ी सं. 09076 - काठगोदाम से बृहस्पतिवार को 26.02.26, 05, 12, 19, 26.03.26 = 05 ट्रिप

| 09075 (मुम्बई सेंट्रल-काठगोदाम सुपरफास्ट स्पेशल) | | ↓ स्टेशन ↑ | 09076 (काठगोदाम-मुम्बई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 10.55 | मुम्बई सेंट्रल | 21.00 | -- |
| 11.23 | 11.25 | बोरीवली | 20.04 | 20.06 |
| 13.00 | 13.02 | वापी | 18.04 | 18.06 |
| 13.22 | 13.24 | वलसाड | 17.40 | 17.42 |
| 14.14 | 14.17 | सूरत | 16.45 | 16.50 |
| 16.05 | 16.15 | वडोदरा | 14.40 | 14.45 |
| 20.15 | 20.25 | रतलाम | 10.30 | 10.40 |
| 00.40 | 00.45 | कोटा | 06.40 | 06.45 |
| 02.47 | 02.52 | गंगापुर सिटी | 04.40 | 04.45 |
| 03.23 | 03.25 | हिण्डौन सिटी | 04.03 | 04.05 |
| 05.03 | 05.05 | भरतपुर | 03.08 | 03.10 |
| 06.55 | 07.00 | मथुरा | 01.10 | 01.15 |
| 07.42 | 07.44 | हाथरस सिटी | 23.48 | 23.50 |
| 08.50 | 09.10 | कासगंज | 22.30 | 22.40 |
| 09.46 | 09.48 | बदायूँ | 21.26 | 21.31 |
| 10.45 | 10.50 | बरेली जं. | 20.42 | 20.47 |
| 11.03 | 11.05 | बरेली सिटी | 20.21 | 20.23 |
| 11.23 | 11.25 | इज्जतनगर जं. | 20.03 | 20.08 |
| 12.20 | 12.22 | बहेड़ी | 19.25 | 19.30 |
| 12.38 | 12.40 | किच्छा | 19.07 | 19.09 |
| 13.10 | 13.15 | लालकुआँ जं. | 18.25 | 18.33 |
| 13.48 | 13.50 | हल्द्वानी | 17.50 | 17.52 |
| 14.30 | -- | काठगोदाम | -- | 17.30 |

रेक संरचना - वातानुकूलित 3 टियर - 05, वातानुकूलित 2 टियर - 01, शयनयान - 08, साधारण द्वितीय श्रेणी - 02, एसएलआरडी - 02 = 18 कोच

मुजाधि/टी-109 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ**
**मैनुअल अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-64/अधि0अभि0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें दिनांक 03.03.2026 को 12:00 अपराहन तक विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जो उसी तिथि को समय 04:15 बजे अपराहन निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र तथा कार्य से सम्बन्धित समस्त विवरण मुल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में दिनांक 25.02.2026 से 03.03.2026 को समय 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। यदि निविदा प्रपत्र डाक द्वारा प्रेषित की जाती है तो निविदा विलम्ब से पहुँचने पर कोई उत्तरदायियत्व इस कार्यालय का नहीं होगा। निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाण/जिलाधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैशियत प्रमाण पत्र (IDT-2), स्वघोषणा शपथ पत्र (IDT-3), के समस्त अभिलेखों को जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि, एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ के नाम बन्धक हो, लिफाफे बन्द करके निविदा के साथ जमा कराना आवश्यक होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ रू0 100 के जनरल स्टैम्प पेपर पर एक रूपये का राजस्व टिकट चिपका कर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर कर दरों की वैधता सम्बन्धी इकरारनामा संलग्न करना आवश्यक होगा। आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई-बढाई जा सकती है, निविदा के साथ सम्बन्धित समस्त प्रपत्र निविदादाता के हस्ताक्षर किये हुये होना चाहिये एवं अनुबन्ध के समय 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ के नाम बन्धक होगी तथा नियमानुसार देय दर के अनुसार स्टैम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। निविदा दरें 03 माह के लिये वैध रहेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य+G.S.T+ स्टेशनरी चार्जे (रू में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | Drilling of Tubewells of 1.5 Cusec Capacity under project "1750 R&R State tubewells Project" district- Lakhimpur under tubewell division-IInd Sitapur, depth 120 Mtr bore size 450mm to 600 mmØ by using Direct/reverse rotary rig Machine work Including drilling of tubewells, digging of pits for storage of water, lowering of recommended M.S. pipe assembly by ensuring verticality of assembly in proper manner, welding of pipe with socket etc. Screening & feeding of pea gravel after lowering of assembly & working bore properly including cost of wages of drilling staff & T&P excluding cost of HSD. (G.S.T Extra 18%) | 360 Mtr (3 No.) | 5.34 | 10692.00 | 03 माह | 225.00+ GST नियमानुसार + 500.00 | "ए" श्रेणी (यॉत्रिक) अथवा उच्च |

नोट- मैनुअल अल्पकालीन निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(गौरव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ

UP - 246650 दिनांक: 20/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



प्रेम अगम अनुपम अमित
सागर सरिस बखान
जो आबत यहि ढिग बहुरि
जात नहीं रसखान।

रसखान कहते हैं, प्रेम का ज्ञान नहीं होता। वह अनुभव आधारित होता है। वह अथाह और अनुपम होता है। उसकी उपमा नहीं दी जा सकती। वह रस से सराबोर किए रहता है। जो इस प्रेम रूपी समुद्र के किनारे आ जाता है, वह फिर लौटकर वापस नहीं जा पाता।



# मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति

> वैदिक साहित्य में कहा गया है, 'मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति है।' उनमें आत्मीयता है। बाघ आदि जानवर कभी पालतू नहीं रहे। ऋग्वेद के शिव और रुद्र पशुपति भी हैं। वैदिक इंडेक्स में लिखा है, 'ऋग्वेद में प्राणियों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है, पहली श्रेणी वायव्य है। इस श्रेणी में पक्षी आते हैं। दूसरी श्रेणी अरण्य है। अरण्य का अर्थ है वन। इस श्रेणी में जंगल में रहने वाले पशु आते हैं और ग्राम्य-गांव में रहने वाले पालतू पशु हैं। वैदिक काल में पशुओं के प्रति प्रेम बहुत सघन रूप में व्यक्त हुआ है।

प्रकृति में जैव विविधता है। पशुओं के प्रति लगाव का इतिहास पुराना है। मनुष्य और पशुओं के मध्य आत्मीयता का भाव वैदिक साहित्य से लेकर आज तक प्रत्यक्ष दिखाई पड़ता है। कुत्ते हमारे स्वाभाविक परिजन हैं। उनकी सूंघने व सुनने की क्षमता विलक्षण है। संप्रति आधुनिक सभ्यों का एक वर्ग कुत्तों से चिढ़ा हुआ है। कोर्ट-कचहरी तक कुत्तों पर बहस है। कुत्तों को संसार से शून्य करना चाहता है। यह बात सही है कि जब-तब कुत्ते आक्रामक भी हो जाते हैं, लेकिन वे स्वयं अपनी ओर से कभी आक्रामक नहीं होते। उनकी आंखों में स्वाभाविक आत्मीय लगाव देखा जा सकता है। वे अपने लिए कोई संपदा नहीं चाहते। वे इस विराट संसार में अपने लिए छोटी सी जगह चाहते हैं। दौड़ाने पर वे वह जगह छोड़कर दूसरी जगह बैठ जाते हैं। पालतू कुत्तों की बात अलग है। बाकी सब भूखे-प्यासे मरते हैं।

वैदिक साहित्य में कहा गया है, 'मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति है।' उनमें आत्मीयता है। बाघ आदि जानवर कभी पालतू नहीं रहे। ऋग्वेद के शिव और रुद्र पशुपति भी हैं। वैदिक इंडेक्स में लिखा है, 'ऋग्वेद में प्राणियों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है, पहली श्रेणी वायव्य है। इस श्रेणी में पक्षी आते हैं। दूसरी श्रेणी अरण्य है। अरण्य का अर्थ है वन। इस श्रेणी में जंगल में रहने वाले पशु आते हैं और ग्राम्य-गांव में रहने वाले पालतू पशु हैं। वैदिक काल में पशुओं के प्रति प्रेम बहुत सघन रूप में व्यक्त हुआ है। अग्नि ऋग्वेद में बड़े देवता हैं। ऋग्वेद के ऋषि के ध्यान में अग्नि की पशु जैसी चंचलता की ओर गया है। ऋग्वेद (1.65.5) में कहते हैं, 'अग्नि पशु जैसे चंचल हैं।' कभी-कभी घरेलू पशु खो जाते हैं। खोजने पर मिल जाते हैं। पशु के खो जाने और बाद में उसके मिल जाने पर प्रसन्नता होती है। ऋग्वेद में कहते हैं, 'पूषन देव हमें वैसे ही मिलते हैं, जैसे खोए हुए पशु खोजने पर मिल जाते हैं।' अनेक पशु इधर-उधर घूमा करते हैं। ऋषि ऐसे पशुओं की तुलना अग्नि देवता से करते हैं, 'अग्नि वैसे ही फैल जाता है, जैसे रक्षक के बिना पशु इधर-उधर भागता है।'

पशुओं से अपने कुल या वंश का संबंध जोड़ना सर्वविदित है। सभी पशु प्रिय हैं, लेकिन कुत्ते प्राचीन भारतीय इतिहास से लेकर आधुनिक काल तक अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं। भारतीय अध्यात्म परंपरा में स्वर्ग प्राप्ति को महत्वपूर्ण बताया गया है। महाभारत के रचनाकाल में स्वर्ग अति प्रतिष्ठित धारणा थी। महाभारत की कथा के अनुसार युधिष्ठिर अपने भाई व द्रौपदी के साथ स्वर्ग की यात्रा पर निकले। कथा के अनुसार उनका कुत्ता भी साथ था। स्वर्ग की दुर्गम पहाड़ियों में एक-एक पांडव गिरते गए। मरते गए अंत में द्रौपदी के भी गिर जाने के बाद कुत्ता ही जीवित शेष रहा। महाभारत में सभी पांडवों के देहावसान के कारण बताए गए हैं। युधिष्ठिर के कुत्ते का बच जाना उसकी निष्ठा का पुरस्कार था। कुत्ते अपने पालक के प्रति निष्ठावान रहते हैं। निष्ठा भी साधारण नहीं। अपने पालक के साथ स्वर्ग तक जाने की पात्रता ध्यान देने योग्य है। स्वर्ग प्राप्ति की पात्रता आश्चर्यजनक है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

कुत्तों को मारने का फतवा ठीक नहीं। कुत्तों की आंखों में आंख डालकर झांकना चाहिए। यहां आत्मीयता है। वे निर्दोष हैं। आंखें आत्मरस से लबालब हैं। वे किसी को भी चोट नहीं पहुंचाना चाहते। अपने पालक के प्रति निष्ठा दुर्लभ है, उनमें। संसार में बड़े अनूठे जीव हैं। संसार जैव विविधता से भरा पूरा है। ऋग्वेद के एक प्रसंग में कुत्ते देवताओं की गाय चुरा लेते हैं। गायों की चोरी की घटना से देव व्यथित थे। ऋग्वेद की कथा के अनुसार देवों की कुतिया शर्मा ने चोरी गई गाय खोज निकालीं। गाय चोरी करने वालों ने शर्मा से कहा कि हम-तुम यह गोधन परस्पर बांट लें। शर्मा ने यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। उसकी अपनी वंश परंपरा में निष्ठा बहुत महत्वपूर्ण है। उसने कहा कि इंद्र आ रहे हैं और अपनी गाय वापस ले जाएंगे। आचार्य सायण ने इस मंत्र सूक्त के आधार पर शर्मा को कुतिया होने के बावजूद देवता का सम्मान दिया है। शर्मा वैदिक देवता है।

गाय और घोड़े भी प्राचीन समाज में प्रतिष्ठित पशु रहे हैं, लेकिन तीनों की अलग-अलग प्रतिष्ठा है। गाय वैदिक समाज में माता है। घोड़ा उपयोगी है, लेकिन कुत्ते की बात ही अलग है। कुछ विद्वान बंदर को पूर्वज बताते हैं। बंदर में पूछ होती है। बाकी सब मनुष्य जैसा है। पूरी बात गले नहीं उतरती। मनुष्य में ईर्ष्या होती है। हिंसा होती है। बेईमानी होती है। पशु बेईमान नहीं होते। भारतीय समाज में जीवों को अतिरिक्त आदर दिया गया है।

गणेश गण देवता हैं। उनका वाहन एक छोटा सा पशु चूहा है। एक देवता कार्तिकेय हैं, उनका वाहन मोर है। रूद्र शिव का वाहन वृषभ है। नंदी प्रतीक की चर्चा पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया के बड़े भूभाग में प्रचलित है। वैसे भी शंकर पशुपति हैं। बिल्ली भी अपनी ओर से काटने नहीं दौड़ती। गिर जाने पर हाथ-पैर चलाती है। समूचे पशु संसार को आदर के साथ मानना भारत में ही संभव है। ऐसे प्रतीक दुनिया की किसी अन्य संस्कृति में नहीं मिलते। सभी जीवों के प्रति आत्मीयता के सिद्धांत में सभी मनुष्यों के प्रति आत्मीयता का भाव अंतर्निहित है। प्रायः सभी जीव अपने आचरण से हिंसक नहीं होते। वे आत्मरक्षा में गलती कर सकते हैं।

पशु भारत की सम्मानित संपदा रहे हैं। इसके विपरीत पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में पशुओं के प्रति प्रेम भाव नहीं रहा है। संभवतः यूरोपीय देशों में मनुष्य और पशुओं के भीतर प्रवाहमान एक ही प्राण शक्ति का दार्शनिक भावबोध नहीं था। भारतीय दर्शन में मनुष्यों और पशुओं में तथा सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति का दर्शन हुआ है। भारत के आम जनों में सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति के दर्शन हुए हैं। हमारे परिचित देवाजी जायसवाल व अजय प्रताप सिंह कुत्तों, बंदरों व पक्षियों के प्रति संवेदनशील हैं। यह संवेदनशीलता प्रशंसनीय है।

गीता प्रबोधन में श्रीकृष्ण ने अर्जुन से समूचे ब्रह्मांड में भिन्न-भिन्न प्रतिष्ठित प्रतीकों के उल्लेख किए हैं। कृष्ण ने अर्जुन को बताया है, 'शस्त्रधारियों में राम मैं हूं।' राम यहां भगवत्ता के प्रतीक हैं। ऐसे ही उन्होंने गाय के बारे में कहा है,' कामधेनु गाय मैं हूं। हाथियों में ऐरावत मैं हूं।' गाय सम्माननीय प्रतीक है। हाथी व सांप से लेकर सभी दिव्य प्रतीकों का उल्लेख गीता में हुआ है।

बंदर को मनुष्य का पूर्वज कहा जाता है। यह सिद्धांत चार्ल्स डार्विन के विचार से लिया गया है। जहां डार्विन बंदर को पूर्वज बताते हुए प्रकृति के विकास का संकेत देते हैं। भारतीय परंपरा में हनुमान ज्ञान और बुद्धि के देवता हैं। हनुमान बुद्धि, बल और ज्ञान के देवता हैं। वे भक्ति और समर्पण का शिखर हैं। पशु ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही सम्माननीय हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र (9.72.9) में ऋषि स्तुति करता है कि हमारा धन पशुओं से भरा पूरा हो और स्वर्ण से युक्त हो। यहां सोने की तरह पशुओं को भी धन के रूप में देखा गया है।

यूरोप के लोग मनुष्य को सोशल एनिमल मानते थे। मनुष्य उनकी दृष्टि में सामाजिक प्राणी हैं। भारत का मनुष्य अनेक संभावनाओं से भरा-पूरा है। यहां वनस्पतियां आराध्य हैं। पृथ्वी आराध्य हैं। अंतरिक्ष आराध्य हैं। शक्ति का कण-कण उपास्य है। पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में पशुओं के प्रति आदर भाव नहीं रहा। ऋग्वेद में पशु सहित सभी प्राणी सम्माननीय हैं। यूरोप पर भारत के दृष्टिकोण में यह आधारभूत अंतर है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# एआई इंपैक्ट समिट: वैश्विक सराहना और संभावनाएं

भारत में आयोजित हालिया एआई समिट केवल एक तकनीकी सम्मेलन नहीं था; यह 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाओं, आत्मविश्वास और वैश्विक नेतृत्व की घोषणा जैसा अवसर था। नई दिल्ली के मंच पर जब दुनिया के प्रमुख नेता, उद्योगपति और तकनीकी विशेषज्ञ एक साथ बैठे, तो संदेश साफ था- भारत अब तकनीक का उपभोक्ता भर नहीं, बल्कि नीति और नवाचार का निर्माता बनना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि भारत की एआई दृष्टि 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत पर आधारित है। उनका जोर इस बात पर था कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कुछ देशों या कंपनियों तक सीमित शक्ति न बने, बल्कि स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और शासन में आम नागरिक के जीवन को बेहतर बनाए। उन्होंने यह भी जिक्र किया कि भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर आधार, यूपीआई और ओपन नेटवर्क दुनिया के लिए एक मॉडल बन चुका है और एआई इसी आधार पर आगे बढ़ेगा।



शिवेंद्र सिंह बघेल
लेखक

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने मंच से भारत की डिजिटल क्रांति की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि एक दशक में भारत ने करोड़ों लोगों को डिजिटल पहचान और बैंकिंग से जोड़ा है और अब वही ढांचा एआई के लिए मजबूत आधार तैयार कर रहा है। मैक्रोन का यह कथन कि 'भारत ने पैमाने पर तकनीक को लोकतांत्रिक बनाया है', सिर्फ प्रशंसा नहीं, बल्कि वैश्विक मान्यता का संकेत था। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी कहा कि भारत एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार विकास में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। उनके शब्दों में, 'अगर नवाचार और सुरक्षा साथ चलें, तो भारत वैश्विक समाधान प्रस्तुत करने की क्षमता रखता है।' तकनीकी जगत के नेताओं ने भी भारत की भूमिका को रेखांकित किया। ओपनएआई के प्रमुख सैम आल्टमैन ने भारत की प्रतिभा और डेवलपर इकोसिस्टम की सराहना करते हुए कहा कि आने वाला दशक एआई नवाचार में भारत का दशक हो सकता है, बशर्ते नीति और नैतिकता पर संतुलित दृष्टि बनी रहे।

इन तमाम बयानों में एक साझा भाव था, भारत एआई के भविष्य का एक केंद्रीय स्तंभ बन रहा है। वैश्विक समुदाय भारत को संभावनाओं, प्रतिभा और नीति-निर्माण की प्रयोगशाला के रूप में देख रहा है। यह वह क्षण था, जब राष्ट्रीय आत्मविश्वास को अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति मिल रही थी।

> भारत एआई के भविष्य का एक केंद्रीय स्तंभ बन रहा है। वैश्विक समुदाय भारत को संभावनाओं, प्रतिभा और नीति-निर्माण की प्रयोगशाला के रूप में देख रहा है। यह वह क्षण था, जब राष्ट्रीय आत्मविश्वास को अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति मिल रही थी।

इसी मंच पर एक ऐसी घटना भी घटी, जिसने इस सकारात्मक विमर्श पर छाया डालने का काम किया। यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा मंच पर चढ़कर टी-शर्ट उतारकर विरोध दर्ज कराना निस्संदेह लोकतांत्रिक असहमति का एक रूप हो सकता है, परंतु उसके समय और स्थान पर गंभीर प्रश्न उठते हैं। जब देश-विदेश के नेता और विशेषज्ञ भारत की तकनीकी क्षमता पर चर्चा कर रहे हों, तब इस प्रकार का प्रदर्शन मुख्य मुद्दे से ध्यान हटाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# लड़कियों की शिक्षा में बाधा बनते रास्ते

यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में माध्यमिक स्तर पर पहुंचते-पहुंचते बड़ी संख्या में लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, खासकर ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में। शिक्षा मंत्रालय के 2021-22 के आंकड़े बताते हैं कि दुर्गम क्षेत्रों में स्कूल छोड़ने की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। वहीं, नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, किशोरियों के लिए स्वच्छ शौचालय और सुरक्षित परिवहन की कमी शिक्षा में निरंतरता की एक बड़ी बाधा है।

स्कूल प्रशासन भी इन समस्याओं से अनजान नहीं है। वह जानते हैं कि किस प्रकार लड़कियां रोजाना दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होकर हर खतरों से गुजरते हुए स्कूल आती हैं। बारिश के दिनों में तो अक्सर कई दिनों तक वह अनुपस्थित रहती हैं। इसके पीछे मुख्य कारण पहाड़ के फिसलन भरे रास्तों का डर। कुछ किशोरियां तकनीकी या शैक्षणिक सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं, क्योंकि नियमित उपस्थिति संभव नहीं हो पाती। जब पढ़ाई में निरंतरता टूटती है, तो उनका मन भी धीरे-धीरे स्कूल से हटने लगता है।



सरिता अरमोली
एक्टिविस्ट

ग्रामीण इलाकों में यह स्थिति केवल भौगोलिक कठिनाइयों तक सीमित नहीं है। सामाजिक और आर्थिक कारण भी उतने ही प्रभावी हैं। कई परिवारों के लिए लड़कियों की पढ़ाई आज भी प्राथमिकता नहीं बन पाई है। गांव की कुछ महिलाएं चाहती हैं कि उनके बच्चों विशेषकर उनकी लड़कियों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिले। वे मानती हैं कि पढ़ाई ही भविष्य बदलने का रास्ता है, लेकिन संसाधनों की कमी और व्यवस्थागत बाधाएं उनके इरादों के सामने दीवार बनकर खड़ी हो जाती हैं। कई बार लड़कियों को घर के कामों में मदद के लिए स्कूल जाने से रोक लिया जाता है, क्योंकि परिवार की रोज़मर्रा की ज़रूरतें पहले आती हैं।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे समग्र शिक्षा अभियान, किशोरियों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, लेकिन इन योजनाओं का लाभ तब ही प्रभावी हो सकता है, जब लड़कियों के लिए स्कूल तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित की जाए। सड़क, परिवहन और आवासीय विद्यालय जैसी सुविधाएं पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा को सुलभ बना सकती हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट भी इस बात पर ज़ोर देती है कि दुर्गम इलाकों में शिक्षा के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश सबसे आवश्यक है।

इस पूरे परिदृश्य में यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा केवल किताबों और कक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह सम्मान, सुरक्षा और अवसर से जुड़ा प्रश्न है। जब तक किशोरियों को सुरक्षित वातावरण, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं और सामाजिक समर्थन नहीं मिलेगा, तब तक स्कूल उनके लिए अधूरा सपना बना रहेगा। यह आवश्यक है कि नीतियां जमीनी सच्चाइयों को समझते हुए बनाई जाएं और स्थानीय समुदाय को भी समाधान का हिस्सा बनाया जाए, लेकिन सवाल उठता है कि क्या आने वाले समय में इन लड़कियों की राह आसान होगी?

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# दांव पर बचपन: निर्णायक कदम की जरूरत

> इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री से कहा, 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, क्या आप इस क्लब में शामिल होंगे?' यह कूटनीतिक प्रश्न नहीं, एक पिता की पुकार और सभ्यता की चेतावनी थी। उन्होंने पूछा, 'जो चीजें वास्तविक जीवन में अपराध हैं, वे हमारे बच्चों को क्यों परोसी जा रही हैं?

दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इंपैक्ट समिट का वह क्षण ऐतिहासिक बन गया। इमैनुएल मैक्रों मंच पर खड़े थे; आँखों में गहरी चिंता और स्वर में पिता-सी व्याकुलता। उन्होंने प्रधानमंत्री की ओर देखकर कहा, 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, क्या आप इस क्लब में शामिल होंगे?' यह केवल कूटनीतिक प्रश्न नहीं, एक पिता की पुकार और सभ्यता की चेतावनी थी। उन्होंने पूछा, 'जो चीजें वास्तविक जीवन में अपराध हैं, वे हमारे बच्चों के सामने क्यों परोसी जा रही हैं? फ्रांस पंद्रह वर्ष से कम आयु के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध की दिशा में बढ़ रहा है। स्पेन और ग्रीस भी आगे हैं। अब भारत को 'कोलिशन ऑफ विलिंग' में शामिल होने का आमंत्रण है, क्योंकि यह नियमों से बढ़कर हमारी सभ्यता का प्रश्न है।' उनके शब्द सभागार में गूंजे और असंख्य माता-पिताओं के हृदय तक पहुंचे। क्या हम अब भी मौन रहेंगे?

यह विमर्श अब केवल तकनीक की प्रगति का नहीं, हमारे बच्चों के मन और मर्म की सुरक्षा का प्रश्न बन चुका है। वैज्ञानिक शोध निरंतर चेतावनी दे रहे हैं कि सामाजिक माध्यम किशोरों में अवसाद, चिंता और आत्महत्या जैसे विचारों की प्रवृत्ति को बढ़ा रहे हैं। अनवरत स्क्रीन पर उंगली चलाने की आदत ऐसी जकड़ बन चुकी है कि बच्चे नींद, अध्ययन और वास्तविक संबंधों से दूर होते जा रहे हैं। भारत में पचास करोड़ से अधिक युवा इंटरनेट से जुड़े हैं, जिनमें दस से चौदह वर्ष आयु के लाखों बच्चे इंस्टाग्राम, यूट्यूब और टिकटॉक जैसे मंचों पर घंटों डूबे रहते हैं। मैक्रों इसे स्पष्ट शब्दों में 'डिजिटल अब्यूज' कहते हैं। प्रश्न यह है- क्या हम इसे अब भी मात्र 'एक्सपोजर' का नाम देकर टालते रहेंगे, या फिर समय की पुकार सुनकर अपने बच्चों को इस विशैली स्क्रीन-जगत से बचाने का साहस करेंगे?



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

भारत में यह बहस पुरानी है, पर अब निर्णायक हो चली है। आर्थिक सर्वेक्षण ने सोशल मीडिया पर आयु-आधारित सीमा की अनुशंसा की है। एआई इंपैक्ट समिट में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार मंचों से डीपफेक और आयु-नियंत्रण पर चर्चा कर रही है। आंध्र प्रदेश सोलह वर्ष से कम आयु के लिए प्रतिबंध का प्रस्ताव रख चुका है। पर प्रश्न है- क्या केवल कानून पर्याप्त होगा? फेक आईडी और वीपीएन को कैसे रोका जाएगा? ऑस्ट्रेलिया ने सोलह वर्ष से कम आयु पर प्रतिबंध लगाया, फिर भी चुनौतियां बनी रहीं। भारत जैसे विशाल देश में यह और कठिन होगा। फिर भी इमैनुएल मैक्रों का प्रश्न स्पष्ट है, क्या बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि होगी?

विरोधी पक्ष का कहना है कि पूर्ण प्रतिबंध व्यावहारिक समाधान नहीं है। बच्चे शिक्षा, संवाद और सृजन के लिए इन मंचों का उपयोग करते हैं। कठोर प्रतिबंध उन्हें छिपे और अनियंत्रित उपयोग की ओर धकेल सकता है, इसलिए सख्त अभिभावकीय निगरानी, प्रभावी आयु-सत्यापन और सुदृढ़ सामग्री छनन को अधिक संतुलित विकल्प माना जा रहा है। डिजिटल व्यक्तिगत आंकड़ा संरक्षण अधिनियम अठारह वर्ष से कम आयु के लिए अभिभावकीय सहमति अनिवार्य करता है, किंतु प्रश्न शेष है, क्या यह पर्याप्त है? मैक्रों का स्पष्ट मत है, जब तक मंच स्वयं जवाबदेही नहीं स्वीकारेंगे, तब तक बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी। फ्रांस में विधेयक आगे बढ़ चुका है। अब प्रश्न भारत के सामने है, क्या वह प्रतीक्षा करेगा?

यह प्रश्न केवल बच्चों तक सीमित नहीं, पूरे समाज का है। सोशल मीडिया ने सूचना को जनसुलभ बनाया, पर साथ ही घृणा, उत्पीड़न और मिथ्या समाचार का खुला बाजार भी खड़ा कर दिया। सबसे आसान लक्ष्य हमारे बच्चे बनते हैं। एआई के दौर में डीपफेक और एआई जेनरेटेड कंटेंट ने खतरा दोगुना कर दिया है। ग्रोक चैटबॉट से हजारों बच्चों की सेक्शुअलाइज्ड इमेज बनने की घटना ने दुनिया को झकझोर दिया। इमैनुएल मैक्रों ने स्पष्ट कहा, 'एआई सबके लिए होनी चाहिए, पर बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है।' प्रधानमंत्री मोदी ने भी उत्तर दिया कि एआई को 'फैमिली-गाइडेड' और 'चाइल्ड-सेफ' बनाना अनिवार्य है। अब निर्णय की घड़ी आ पहुंची है। भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है; हमारी डेमोग्राफी हमारी ताकत है, लेकिन अगर हम बच्चों को डिजिटल जहर से नहीं बचाएंगे, तो यह ताकत कमजोर पड़ सकती है। मैक्रों का प्रस्ताव एक सीधी चुनौती है। क्या हम यूरोप के साथ संतुलित और नियंत्रित मार्ग चुनेंगे, या अमेरिकी मॉडल (फ्रीडम फर्स्ट) को अपनाएंगे?

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# 'हानि-लाभ जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ'

जीवन में अच्छे-बुरे दोनों अवसर आते हैं। कोई सोचे कि केवल अनुकूल और सकारात्मक ही अवसर आएंगे, तो यह एक तरह से गलत विचार ही माना जाएगा। वैसे भी गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में 'हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ' चौपाई के जरिए अवगत कराया है कि कभी भी एक जैसा समय नहीं रहेगा। अतः व्यक्ति को दोनों परिस्थितियों को झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। लाभ हो गया तो उसे प्रभु की कृपा माननी चाहिए तथा हानि हो गई तब भी भगवान की ही कृपा माननी चाहिए। इसी प्रकार अच्छा खासा जीवन जीने वाले की असमय में मृत्यु हो जाती है। किसी का वश नहीं चलता कि मृत व्यक्ति को जीवित कर दे। यश-अपयश भी ईश्वरीय देने है। जीवन में यश मिलता है तो अपयश भी मिलता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

धर्म ग्रंथों में विसंगतियों को भगवान तक झेलने के लिए विवश हुए हैं। शिव जी के विवाह के समय उनकी अर्धांगिनी पार्वती जी की मां मैना ने विसंगतियां खड़ी कर दीं। शिव का स्वरूप देखकर वे विवाह का विरोध करने लगीं, लेकिन जब उन्हें समझाया गया कि शिव जी देवों के देव हैं तथा ईश्वर हैं, तब कहीं जाकर मैना विवाह के लिए तैयार हुईं। इसी तरह की विसंगति त्रेतायुग में भगवान श्रीराम के साथ हुई।

एक ओर उनके राज्यारोहण की तैयारी हो रही थी कि उसी समय विसंगतियां आ खड़ी हुईं। राजा दशरथ की दूसरी पत्नी कैकेई ने अपनी दासी मंथरा के उकसाने पर रंग में भंग डाल दिया और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की जगह उन्हें 14 वर्षों का वनवास दे दिया गया। भगवान श्रीराम वनवास से जरा भी विचलित नहीं हुए और बड़ी प्रसन्नता से वनवास स्वीकार किया और यहां तक कहा, 'पिता दीन्ह मोहिं कानन राजू, जहं अब होहिं मोर बड़ काजू।' ऐसा हुआ भी।

वनवास के दौरान उन्होंने ऋषियों-संतों की रक्षा की, जबकि राक्षसों का वध किया। 14 वर्षों के इन कार्यों की वजह से वे पूज्य हो गए। उनके शासन को कोई नहीं जानता, जबकि 14 वर्षों के वनवास को सभी जानते हैं। अतः मनुष्य को विसंगतियों से नहीं घबराना चाहिए। हो सकता है कि विसंगतियां जीवन को और निखार दें।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# दिल ढूंढता है फिर वही संयुक्त परिवार के सुकून भरे दिन



आधुनिक जीवन शैली ने पारिवारिक ढांचे को गहराई से प्रभावित किया है। संयुक्त परिवारों का टूटना, एकल परिवारों का बढ़ना और आपसी संवाद में कमी मानसिक तनाव को और गहरा कर रही है। रोजगार और बेहतर अवसरों की तलाश में लोग अपने घरों से दूर हो रहे हैं, जिससे पारंपरिक भावनात्मक सहारा कमजोर पड़ रहा है। आर्थिक असुरक्षा, सीमित आय, परिवार की जिम्मेदारियों का दबाव और रिश्तों में बढ़ती दूरी मन को अस्थिर कर देती है। पति-पत्नी के बीच मतभेद, पारंपरिक और आधुनिक सोच का टकराव तथा रिश्तों में अनावश्यक हस्तक्षेप पारिवारिक तनाव को जन्म देते हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य की सबसे बड़ी चुनौती काम नहीं, बल्कि काम से जुड़ा दबाव और समाज में बनी इमेज है। परिवार की उम्मीदें, रिश्तेदारों की तुलना और लोग क्या कहेंगे का डर इंसान को भीतर से तोड़ देता है। हम मुस्कुराते हुए भी भीतर से टूटते रहते हैं। यही मानसिक दबाव धीरे-धीरे शरीर और व्यवहार दोनों को प्रभावित करता है।



देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

इसके लक्षण समय रहते पहचानना बेहद जरूरी है। लगातार चिंता, चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में कमी, नींद की समस्या, शारीरिक थकान, सामाजिक अलगाव और भावनात्मक असंतुलन। ऐसे संकेत लंबे समय तक बने रहें, तो उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर परामर्श और उचित उपचार मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में मदद कर सकते हैं। इसका सबसे गहरा असर बच्चों और युवाओं पर पड़ रहा है। पारिवारिक कलह, संवाद की कमी और माता-पिता की बढ़ती महत्वाकांक्षा उनके मन पर गहरा प्रभाव डालती है। बेहतर अंक और ऊंचे करियर की उम्मीदें कई बार बच्चों को अपनी भावनाएं दबाने पर मजबूर कर देती हैं।

समाधान की शुरुआत परिवार से ही होती है। खुला संवाद, एक-दूसरे की भावनाओं को समझना और अपनापन ही मानसिक सुकून की पहली सीढ़ी है। बच्चों को तुलना नहीं, सहयोग की जरूरत होती है। युवाओं को आलोचना नहीं, विश्वास चाहिए और बुजुर्गों को उपेक्षा नहीं, सम्मान और साथ चाहिए। यदि तनाव अधिक बढ़ जाए तो विशेषज्ञों से सलाह लेने में झिझक नहीं होनी चाहिए। स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। प्रत्येक जिले में मेंटल हेल्थ क्लिनिक की स्थापना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण और उच्च तनाव वाले पेशों के लिए नियमित काउंसलिंग आज समय की मांग है।

परिवार का टूटना केवल सामाजिक ढांचे का बदलाव नहीं, बल्कि एक गहरी मानसिक पीड़ा है। संवेदनशीलता, समझ और आपसी सहयोग से ही इस पीड़ा को कम किया जा सकता है। जब समाज सफलता से पहले इंसानियत को महत्व देना शुरू करेगा, जब उपलब्धियों से पहले खुशहाली को प्राथमिकता दी जाएगी और जब संवाद को चुप्पी पर तरजीह मिलेगी, तभी मानसिक स्वास्थ्य का वास्तविक संरक्षण संभव होगा। मानसिक सुकून कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बुनियादी जरूरत है। जब तक इंसान अपने मन को समझना नहीं सीखेगा, तब तक बाहरी सफलताएं भी उसे सच्ची शांति नहीं दे पाएंगी।

मानसिक तनाव आज केवल किसी एक व्यक्ति की निजी परेशानी नहीं रहा, बल्कि यह एक गंभीर और तेजी से बढ़ती वैश्विक चुनौती बन चुका है। बदलती जीवन शैली, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, डिजिटल निर्भरता और सामाजिक अपेक्षाओं ने इंसान के भीतर ऐसा दबाव पैदा कर दिया है, जिसे वह रोजमर्रा की मुस्कान के पीछे छिपाकर जी रहा है। बाहर से सब कुछ सामान्य दिखाई देता है, लेकिन भीतर ही भीतर मन थक चुका होता है। यही थकान धीरे-धीरे चिंता, बेचैनी और निराशा में बदल जाती है, जो जीवन की दिशा और आत्मविश्वास दोनों को प्रभावित करती है। डिजिटल युग ने जहां जीवन को सुविधाजनक बनाया है, वहीं मानसिक शांति को चुनौती भी दी है। मोबाइल और स्क्रीन की लगातार उपस्थिति नींद को प्रभावित कर रही है, एकाग्रता कम कर रही है और मन में अस्थिरता पैदा कर रही है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

न्यूज ब्रीफ

### मेरठ में पीएम का कार्यक्रम ऐतिहासिक बने : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन स्थल, रेलवे स्टेशन और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नमो भारत रैपिड रेल के विस्तार और मेरठ मेट्रो सेवा की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों की सहभागिता संभावित है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं सुचारु और सुरक्षित रहें। उन्होंने पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रविवार को प्रधानमंत्री करीब 12,930 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री शताब्दी नगर स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

### बिना कारण बताए हमारी एनएसजी सुरक्षा हटाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सुरक्षा से खिलवाड़ करती है। मुझे एनएसजी सिक्योरिटी और राहुल गांधी को एसपीजी सुरक्षा मिली थी। भाजपा सरकार ने उनकी एसपीजी सुरक्षा हटायी, उनका घर खाली कराया। बिना कारण बताए हमारे पास से एनएसजी सुरक्षा हटा ली। सरकार हमारे ड्राइवर और गेट खोलने वालों की भी गिनती कर बता रही कि इतनी सुरक्षा दे दी है। सुरक्षा का जो प्रोटोकॉल है, वह तो मिलेगा ही। सपा प्रमुख ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब बुलडोजर से किसी का घर गिरता है तो मुख्यमंत्री आवास में बैठकर खुश होते हैं और कहते हैं, देखिए आज मैंने घर गिरवा दिया। मुख्यमंत्री दूसरों को उपद्रवी और माफिया कहते हैं।



### 'लखनऊ दर्शन' बस में फिर शामिल हुई विधानसभा की सैर

**अमृत विचार , लखनऊ :** उत्तर प्रदेश का बजट सत्र समाप्त हो चुका है, अब 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा के जरिए पर्यटक एक बार फिर से भव्य और ऐतिहासिक उप्र. विधानसभा भवन का भ्रमण कर सकेंगे। बजट सत्र के दौरान सुरक्षा कारणों से विधानसभा भ्रमण अस्थायी रूप से रोक दिया गया था, लेकिन अब लोकतंत्र का यह दरबार आम लोगों के स्वागत के लिए फिर से तैयार है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को दी।

# मतदाता बनाने को आज चलेगा प्रदेशभर में विशेष अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक बूथों पर बैठेंगे बीएलओ, डीएम करेंगे निगरानी

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत रविवार को प्रदेश के सभी पोलिंग बूथों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसका मकसद अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना और उसे त्रुटिरहित बनाना है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व निभा रहे सभी डीएम कड़ी निगरानी रखेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि वर्ष 2026 का यह चौथा विशेष अभियान दिवस होगा। इससे पहले 11 जनवरी, 18 जनवरी और 31 जनवरी को भी प्रदेशभर में ऐसे अभियान आयोजित किए जा चुके हैं। 22 फरवरी (आज) को प्रत्येक बूथ पर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहेंगे। उनके पास 6 जनवरी-26 को प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति तथा फॉर्म 6, 6 ए, 7 और 8 उपलब्ध रहेंगे।

हर मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था भी की जाएगी, जहां लोगों को फॉर्म भरने में सहायता दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। जिन युवाओं की आयु 1 जनवरी-26 को 18 वर्ष पूरी हो चुकी है और जिनका नाम सूची में दर्ज नहीं है। वह फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को जमा कर सकते हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग के मोबाइल एप और voters.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

# एआई इम्पैक्ट समिट में यूपी मॉडल की गूंज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'इंडियाज एआई इम्पैक्ट स्टार्टअप्स रिपोर्ट' में शामिल हुए यूपी से जुड़े स्टार्टअप
- सरकारी स्कूलों में तकनीक आधारित लर्निंग मॉडल की हुई सराहना

**अमृत विचार :** दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में उत्तर प्रदेश की एआई आधारित शिक्षा पहल को राष्ट्रीय पहचान मिली है। समिट में जारी 'इंडियाज एआई इम्पैक्ट स्टार्टअप्स रिपोर्ट' में देशभर के 110 स्टार्टअप और गैर-लाभकारी संगठनों को शामिल किया गया है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जरिए सामाजिक और आर्थिक बदलाव की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

रिपोर्ट को इंडिया एआई और कल्पा इंपैक्ट द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसमें प्रमुख क्षेत्रों में नवाचारों को रेखांकित किया गया है। उत्तर प्रदेश का उल्लेख एआई आधारित शिक्षा मॉडल




के उदाहरण के रूप में किया गया है। प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में एआई संचालित प्लेटफॉर्म लागू किया गया है। इसके जरिए छात्रों के सीखने के स्तर का आकलन कर उन्हें व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लर्निंग गैप की पहचान कर समय पर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में एआई टूल्स के उपयोग को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया गया है।

राज्य सरकार का मानना है कि एआई जैसे उभरते तकनीकी उपकरणों का लाभ केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहकर ग्रामीण अंचलों तक पहुंचना चाहिए। यही वजह है, बजट 2026-27 में भी डिजिटल और एआई आधारित पहलों पर विशेष जोर दिया गया है।

#### डिजिटल शिक्षा नीति को मिली मान्यता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लंबे समय से शिक्षा में डिजिटल हस्तक्षेप को प्राथमिकता दे रही है। बड़ी संख्या में सरकारी विद्यालयों और छात्रों वाले प्रदेश में तकनीक आधारित समाधान को व्यापक स्तर पर लागू करना चुनौतीपूर्ण रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय रिपोर्ट में यूपी मॉडल का जिक्र डिजिटल शिक्षा नीति की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है।

#### पीपीपी मॉडल बना उदाहरण

रिपोर्ट में सरकार और स्टार्टअप के बीच सहयोग को प्रभावी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है। 110 चयनित स्टार्टअप्स में शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन के उदाहरण के तौर पर उत्तर प्रदेश का उल्लेख प्रदेश की बढ़ती तकनीकी क्षमता को दर्शाता है।

# जेवर से उठी चिप क्रांति : योगी

## 3700 करोड़ की पहली सेमीकंडक्टर परियोजना का शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एचसीएल-फॉक्सकॉन के संयुक्त निवेश से 2028 तक शुरू होगा उत्पादन
- 3500 रोजगार और 45 हजार करोड़ जीडीपी योगदान का अनुमान
- 'फियरलेस बिजनेस' और 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' मॉडल की चर्चा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने 'स्केल और स्पीड' के साथ विकास का नया मॉडल स्थापित किया है और जेवर में सेमीकंडक्टर परियोजना का शिलान्यास इसी परिवर्तन का प्रतीक है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में 3700 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर परियोजना की आधारशिला रखे जाने को उन्होंने प्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया।

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप भारत वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पीएम का कथन भी दोहराया "ऑयल वॉज ब्लैक गोल्ड, बट चिप इज डिजिटल डायमंड।" इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2017 से पहले जेवर क्षेत्र अराजकता और असुरक्षा के लिए जाना जाता था, लेकिन आज यह देश का 'जेवर' बनकर उभर रहा है।

सीएम ने कहा, उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, डी-रेगुलेशन और डी-क्रिमिनलाइजेशन के माध्यम से निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। 'फियरलेस बिजनेस' और 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' का इकोसिस्टम स्थापित हुआ है, जिससे प्रदेश निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बना है। यह परियोजना विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की आधारशिला है।




यीडा क्षेत्र में सेमीकंडक्टर परियोजना की आधारशिला रखते मुख्यमंत्री योगी, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व अन्य। अमृत विचार

### देश की सेमीकंडक्टर महत्वाकांक्षा का नया केंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र का जेवर अब देश की सेमीकंडक्टर महत्वाकांक्षा का नया केंद्र बनने जा रहा है। इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड की डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट (डीडीआईसी) ओसैट यूनिट के शिलान्यास के साथ उत्तर प्रदेश में 'चिप क्रांति' की नई लहर उठी है। करीब 3,700 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होने वाली यह अत्याधुनिक इकाई वर्ष 2028 तक परिचालन में आने की उम्मीद है। इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड, एचसीएल टेक्नोलॉजिस और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप का 60 :40 संयुक्त उद्यम है। यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट (डीडीआईसी) ओसैट सुविधा होगी, जहां स्मार्टफोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल सिस्टम और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स में उपयोग होने वाले डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का उत्पादन किया जाएगा। संयंत्र की प्रति माह 20,000 वेफर्स प्रोसेसिंग क्षमता होगी, जिससे देश में सेमीकंडक्टर कंपोनेंट्स की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस इकाई से भारत की आयात निर्भरता घटेगी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में देश की भूमिका मजबूत होगी। मोबाइल, टीवी और ऑटोमोबाइल डिस्प्ले में उपयोग होने वाले डीडीआईसी चिप्स के घरेलू उत्पादन से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र को नई गति मिलेगी।

परियोजना से 3,500 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है। साथ ही स्थानीय सप्लाई चेन विकसित होगी और वैश्विक साझेदारों का निवेश आकर्षित होगा। परियोजना से प्रतिवर्ष लगभग 45,000 करोड़ रुपये के जीडीपी योगदान की संभावना जताई गई है।

# कौशल प्रशिक्षण में सुधार को परफॉर्मेंस बेस्ड ग्रेडिंग नीति लागू

## गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रदेश सरकार का बड़ा कदम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्रेडिंग सिस्टम से तय होगी संस्थानों की रैंकिंग, बेहतर प्रदर्शन पर मिलेंगे ज्यादा लक्ष्य

**अमृत विचार :** प्रदेश में कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। उप्र. कौशल विकास मिशन द्वारा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए नई परफॉर्मेंस-बेस्ड ग्रेडिंग नीति लागू कर दी है।

नई नीति का उद्देश्य प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और युवाओं की रोजगार क्षमता को सशक्त बनाना है। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार कौशल विकास को सीधे रोजगार से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। गुणवत्ता आधारित प्रतिस्पर्धा से युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा इस व्यवस्था से बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को अधिक अवसर मिलेंगे, जबकि कमजोर संस्थानों में सुधार की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। नई व्यवस्था के तहत प्रशिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन हर वर्ष फरवरी के अंतिम दिन तक पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा। मार्च में ग्रेडिंग को अंतिम रूप दिया जाएगा और अप्रैल में प्रशिक्षण केंद्रों को नए लक्ष्य आवंटित होंगे। जैसे, वर्ष 2026-27 की ग्रेडिंग वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के औसत प्रदर्शन के आधार पर तय की जाएगी।

#### 1712 संस्थान होंगे शामिल

नई नीति के दायरे में निजी प्रशिक्षण केंद्रों, राजकीय संस्थानों, दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्रों, स्टार्टअप्स और डीडीयू-जीकेवाई सहित कुल 1712 प्रशिक्षण प्रदाता शामिल किए गए हैं।

#### 'ए' से 'डी' तक चार श्रेणियां

मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार, केवल वे संस्थान ग्रेडिंग प्रक्रिया में शामिल होंगे, जो फरवरी तक संबद्ध हों और डिबार या ब्लैकलिस्ट न हों। उन्होंने बताया कि 40 अंकों के मानक तय किए गए हैं, इनमें 36-40 अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षण संस्थानों को 'ए ' ग्रेड में रखा जाएगा , इसी प्रकार 30-36 अंक पर 'बी' ग्रेड, 25-30 अंक होने पर 'सी' ग्रेड और 25 से कम अंक मिलने पर 'डी' ग्रेड में स्थान मिलेगा। ग्रेडिंग नामांकन, प्रशिक्षण पूर्णता और परिणाम आधारित प्रदर्शन पर केंद्रित होगी।

### वाराणसी जा रहे सपाई किए गए हाउस अरेस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख के निर्देश पर दालमंडी वाराणसी जा रहे प्रतिनिधिमंडल को लखनऊ में ही प्रशासन ने रोक लिया। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव तथा कुछ अन्य नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। नेता विरोधी दल ने कहा है कि जब हक और इंसाफ की आवाज बुलंद होती है तो सत्ता के गलियारों में बैठे लोग बेचैन हो जाते हैं।

### कांग्रेस के प्रदर्शन को बताया अशोभनीय



**अमृत विचार, लखनऊ :** नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुई एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने को बसपा प्रमुख मायावती ने अभोभनीय करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह विदेशी प्रतिनिधियों के सामने इस तरह से प्रदर्शन करके देश की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट हुई। इसमें देश व विदेश के काफी प्रमुख लोग आमंत्रित किए गए। यह इंवेट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में था। इस दौरान जिन कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न होकर अपना विरोध प्रदर्शन किया, अत्यंत अशोभनीय और निंदनीय हैं।




लखनऊ : राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### राहुल गांधी के खिलाफ भाजयुमो का प्रदर्शन, किया पुतला दहन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता वीवीआईपी गेस्ट हाउस के सामने एकत्र हुए और वहां से कांग्रेस कार्यालय की ओर कूच किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी, जिससे मार्ग पूरी तरह जाम हो गया। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी होश में आओ और मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए तथा कांग्रेस नेता का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का कारण इंटरनेशनल एआई समिट में कथित रूप से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए विरोध को बताया गया। भाजयुमो उपाध्यक्ष संजय शुक्ला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि धूमिल कर रहे हैं।

# शिक्षामित्र और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि से 1.68 लाख परिवारों को राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अप्रैल से शिक्षामित्रों को प्रतिमाह मिलेंगे 18,000 और अंशकालिक अनुदेशकों को 17,000 रुपये

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने शिक्षामित्र और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में उल्लेखनीय वृद्धि करके लगभग 1.68 लाख कर्मियों और उनके परिवारों को राहत दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी कि आगामी 1 अप्रैल 2026 से प्रदेश में कार्यरत शिक्षामित्रों को 18,000 रुपये और अंशकालिक अनुदेशकों को 17,000 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। इस फैसले से दोनों वर्गों पर अनुमानित 1,480 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

प्रदेश में वर्तमान में 1,43,450 शिक्षामित्र कार्यरत हैं, जिन्हें अब तक 10 हजार रुपये प्रतिमाह मिलते हैं। नई नीति के अनुसार यह राशि बढ़ाकर 18,000 रुपये की गई है, जिससे प्रति शिक्षामित्र वार्षिक अतिरिक्त व्यय 88 हजार रुपये होगा। वहीं, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 24,781 अंशकालिक अनुदेशकों को 17हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा, जिससे इनके लिए वार्षिक अतिरिक्त व्यय लगभग 218 करोड़ रुपये होगा।

मानदेय वृद्धि से न केवल शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के जीवन स्तर में सुधार होगा, बल्कि विद्यालयों में उनकी कार्यक्षमता और मनोबल भी बढ़ेगा। इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि की उम्मीद है।

विभिन्न जिलों के शिक्षामित्रों और अनुदेशकों ने इस फैसले का स्वागत किया। मुरादाबाद की एक शिक्षामित्र ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में 10 हजार रुपये में गुजारा करना कठिन था, अब आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद जगी है। अयोध्या के सुखजीत सिंह ने इसे लंबी समय से चली आ रही समस्याओं पर गंभीरता से लिया गया निर्णय बताया।



उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री एंड्रेज प्लेनकोविक का शनिवार को आगरा आगमन पर स्वागत किया। मंत्री उपाध्याय ने प्रधानमंत्री को ताजमहल और आगरा किले का भ्रमण कराया और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन क्षमता से अवगत कराया। अमृत विचार

तैयारी | तीन महीने में दो बार विधान सभा घेरने के आंदोलन से पार्टी में ऊर्जा लाने की हो रही कवायद

# प्रदेश में सियासी जमीन तैयार करने में जुटी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मनरेगा बचाओ अभियान से अंतिम पायदान पर खड़े लोगों से जुड़ने की हो रही कोशिश
- बीते 36 साल से प्रदेश की सत्ता से बाहर रहने से बढ़ रही अकुलाहट

**अमृत विचार:** विधान सभा चुनावों में महज एक वर्ष रह गया है तो कांग्रेस ने भी सत्ता का 36 साल से सूखा खत्म करने के लिए सियासी जमीन तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है। पिछले तीन महीने के अंतराल में ही विधान सभा घेरने के इरादे से दो बड़े प्रदर्शन करके कार्यकताओं में जहां जोश भरने का प्रयास है, वहीं मनरेगा बचाओ अभियान और एसआईआर पर मुखर रुख अपनाकर प्रदेश के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को जोड़ने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि कांग्रेस के यह आंदोलन सियासी जमीन को कितना लहलहा पाते हैं, यह अभी भविष्य के गर्त में छिपा है।

देश आजाद होने के बाद उत्तर प्रदेश में गोविंद बल्लभ पंत के नेतृत्व में पहली सरकार बनी थी। इसके बाद कांग्रेस की सूबे में 11 बार सरकार बनी। इससे एक बारगी को माना जाने लगा कि कांग्रेस की सत्ता का सूरज उत्तर प्रदेश में शायद ही अस्त हो। वर्ष 1985



को हुए विधान सभा के चुनावों में कांग्रेस ने 269 सीटें जीत कर सरकार बनाई थी। लेकिन 1989 में हुए चुनाव में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई। उस समय कांग्रेस को महज 94 सीटें पाकर ही संतोष करना पड़ा था। उसके बाद कांग्रेस का प्रदेश में जो ग्राफ गिरने का सिलसिला शुरू हुआ, वह आज तक जारी है। हैरत की बात तो यह है कि वर्ष 2007 के बाद तो कांग्रेस की सीटें दहाई में भी नहीं आ पाई हैं। मौजूदा समय में कांग्रेस के बाद विधान सभा में दो सीटें हैं। एक विधायक अराधना मिश्रा हैं। वह प्रतापगढ़ की रामपुर खास चुन कर आईं हैं, जबकि दूसरे विधायक वीरेन्द्र चौधरी हैं। वह महाराजगंज के फरेंदा से विधायक हैं।

> कांग्रेस ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों के विरोध में प्रदर्शन और विधान सभा घेराव के कार्यक्रम किए हैं। इससे कार्यकर्ताओं में जोश पैदा होता है। वर्ष 2027 के चुनाव कांग्रेस पूरी दमदारी के साथ बेहतर परिणाम देगी।
>
> -अंशु अवस्थी, कांग्रेस प्रवक्ता

अब विधान सभा के 2027 के आम चुनावों की आहट शुरू हो गई है तो अब कांग्रेस ने जनता से जुड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। 18 दिसंबर -25 में कांग्रेस ने जहां संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की रक्षा के मुद्दे पर प्रदर्शन किया था। अब पांच दिन पहले 17 फरवरी को एक बार कांग्रेस मैदान में उतर गई। इस बार मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर विधान सभा घेरने की कोशिश की गई, वहीं प्रदेश के सभी जिलों में बड़े सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इन सम्मेलनों में राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय खुद शामिल हो रहे हैं।

# होली से पहले मिलावटी खाद्य पदार्थों पर की जा रही कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए एफएसडीए ने किया निरीक्षण और प्रवर्तन
- कई जिलों में हजारों किलोग्राम सामग्री जब्त व नष्ट

**अमृत विचार :** आगामी होली पर्व के अवसर पर आम जनता को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य-पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने व्यापक अभियान चलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार बाजारों, इकाइयों, कोल्ड स्टोरेज, अस्थायी भट्ठियों और मंडियों में खाद्य पदार्थों की सतत निगरानी की गई।

यह जानकारी एफएसडीए की आयुक्त डॉ.रोशन जैकब ने दी, उन्होंने शनिवार को बताया कि अभियान के दौरान पूरे प्रदेश में 1,260 निरीक्षण किए गए, 432 छापों के माध्यम से 473 नमूने संग्रहीत किए गए और 80,552 किग्रा सामग्री जब्त की गई, जिसका मूल्य लगभग 1.56 करोड़ रुपये आंका गया। मानव उपभोग योग्य न होने पर 7,715 किग्रा सामग्री नष्ट कर दी गई। एफएसडीए ने जनता से अपील की है कि मिठाई या खाद्य सामग्री खरीदते समय बिल जरूर लें और संदिग्ध रंग, गंध या खुली मिठाई का उपयोग न करें। किसी भी मिलावट या संदिग्ध सामग्री की सूचना हेल्पलाइन 1800-180-5533, व्हाट्सअप नंबर 9793429747 या स्थानीय कार्यालय में दी जा सकती है।

आयुक्त ने स्पष्ट किया कि अभियान में छोटे या खुदरा कारोबारी उत्पीड़न का शिकार न हों और त्यौहार से दो दिन पूर्व सभी निरीक्षण कार्य पूरे कर दिए जाएं। अभियान का उद्देश्य होली के अवसर पर जनमानस को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।

### नवी मुंबई हवाई अड्डे ने डिजियात्रा सुविधा शुरू की

**मुंबई, एजेंसी :** नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) ने वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने के लगभग दो महीने बाद डिजियात्रा सेवा शुरू करने की घोषणा की है। निजी हवाईअड्डा संचालक ने एक बयान में शुक्रवार को कहा कि नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा देश के पांच अन्य हवाईअड्डों के साथ नागर विमानन मंत्रालय के राष्ट्रव्यापी डिजी यात्रा कार्यक्रम में डिजिटल रूप से शामिल हो गया है।

अमृत विचार
बरेली, रविवार ,22 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** –तुलसी 2565, राज श्री 1880, फ़ॉर्च्यून कि. 2390, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13kg 2110, जय जवान 2080, सचिन 2090, सूरज 2080, अवसर 1940, उजाला 2060, गृहणी 13 kg 1945, क्लासिक (kg) 2280, मोर 2275, चक्र टिन 2330, ब्लू 2185, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2520

**किराना**– महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवायान 14000–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 10000–20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350–400, मखाना 950–1100

**चावल**– ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली, 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी**– पीलीभीत 4430, बहेड़ी 4270

**बरेली सराफा** – ( प्रति 10 ग्राम ) गोल्ड (पक्के जेवर) 157500, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 153500, सिल्वर ( पक्की) 2560 (अनुमानित )

## इंडियन ओवरसीज बैंक के अधिकारी 2 मार्च को करेंगे हड़ताल

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज बैंक अधिकारी संघ ने बैंक प्रबंधन के कथित तौर पर दमनकारी निगरानी उपायों और कार्यस्थल नियमों के विरोध में दो मार्च को एक–दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल की घोषणा की है। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) ने इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) की कार्यसंस्कृति में गंभीर और चिंताजनक बदलाव आए हैं।

# आधुनिक उपकरणों को दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत की नींव आत्म-निर्भरता के आधार पर रखी जाएगी, जिसके लिए भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप का होना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटी चिप की कमजोर आपूर्ति श्रृंखला ने कई अर्थव्यवस्थाओं के विकास को रोक दिया था और विभिन्न कारखानों में काम ठप हो गया था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रेटर नोएडा में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर पार्क के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए। • एजेंसी

प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए भारत में बनी चिप बहुत जरूरी हैं। इस दशक में भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो भी कर रहा है, वह 21वीं सदी में हमारी क्षमता की नींव बनेगा।" उन्होंने कहा कि भारत में चिप का निर्माण होने से हमारे आधुनिक उपकरणों के उत्पादन के लिए देश को अब दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान चिप की आपूर्ति बाधित हुई, तो कारखाने ठप पड़ गए और वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं लड़खड़ा गईं। भारत ने उस संकट से सबक लिया और उसे एक अवसर में बदल दिया। हमने चिप विनिर्माण के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया और इसके लिए हम देश में एक संपूर्ण सेमीकंडक्टर परिवेश तैयार कर रहे हैं।

एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड' ग्रेटर नोएडा के जेवर में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अंतर्गत एक आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओसैट) संयंत्र स्थापित करेगा। एचसीएल और फॉक्सकॉन की यह संयंत्र प्रौद्योगिकी के लिए एक 'शक्ति के केंद्र' के रूप में उत्तर प्रदेश की पहचान को और अधिक सुदृढ़ करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश से सांसद के रूप में अपनी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का सांसद होने के नाते, यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। यह सेमीकंडक्टर संयंत्र उत्तर प्रदेश और पूरे भारत के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

प्रधानमंत्री ने इस बात को स्वीकार किया कि भले ही भारत ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी यात्रा थोड़ी देरी से शुरू की है, लेकिन अब यह अत्यंत तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने तेल और प्रौद्योगिकी के बीच के ऐतिहासिक बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि 20वीं सदी में जिन देशों के पास तेल था, उनके पास समृद्धि और शक्ति थी। लेकिन 21वीं सदी में यह शक्ति एक छोटी सी 'चिप' में समाहित है। अब शक्ति का केंद्र वे कौशल और सामग्रियां हैं, जो इस चिप से जुड़ी हुई हैं।

इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड 60:40 हिस्सेदारी वाला एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। इस उन्नत ओसैट संयंत्र का परिचालन वर्ष 2028 तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने अगले कुछ वर्षों में इस परियोजना पर 3,700 करोड़ रुपये निवेश की योजना बनाई है। इस निवेश से 3,500 से अधिक प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। इसके साथ ही स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला के विकास और सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में पारिस्थितिकी भागीदारों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इस संयंत्र में प्रति माह 20,000 वेफर यानी सिलिकॉन प्लेट के प्रसंस्करण की क्षमता होगी।

इस इकाई का भारत की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने और आत्मनिर्भर, सुदृढ़ सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने का इरादा है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, "पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के एक 'शक्ति-केंद्र' के रूप में स्थापित किया है। भारत अब इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात करने वाले दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल हो गया है। इस संयंत्र से हर महीने 3.6 करोड़ चिप का उत्पादन होगा।

## उद्योग जगत में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल अनिवार्य

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (आइमा) के अध्यक्ष टी. वी. नरेंद्रन ने शनिवार को कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में कृत्रिम मेधा (एआई) और जलवायु परिवर्तन की बढ़ती अहमियत के बीच भारत की समृद्धि बनाए रखने के लिए उद्योग जगत की हस्तियों के पास प्रौद्योगिकी को समझने और उसे लागू करने की क्षमता होनी जरूरी है। नरेंद्रन ने आइमा के 70वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय व्यवसाय और उनके नेतृत्वकर्ता राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं।

टाटा स्टील के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नरेंद्रन ने कहा कि घरेलू कंपनियां आज दुनिया भर में व्यवसायों का अधिग्रहण कर रही हैं और भारतीय प्रबंधक विश्व के कुछ सबसे जटिल संगठनों का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने एआई के संदर्भ में कहा कि कृत्रिम मेधा अब केवल चर्चा का एक छोटा हिस्सा नहीं रह गया है।

## अकाली दल वाघा, फाजिल्का बॉर्डर खोलने को वचनबद्ध

**अटारी, एजेंसी**

• सीमाएं बंद होने से सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार प्रभावित: बादल

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को घोषणा की कि 2027 में अकाली दल की सरकार बनने पर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार के लिए वाघा और फाजिल्का बॉर्डर खोले जायें और सीमावर्ती क्षेत्र में एक विशेष औद्योगिक ज़ोन बनाया जाये।

पंजाब बचाओ मुहिम के तहत वरिष्ठ नेता गुलजार सिंह रणीके की ओर से यहां आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए श्री बादल ने कहा कि सीमाएं बंद होने से सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि एक बार हम चुने गये तो हम वाघा और फाजिल्का बॉर्डर को फल, सब्जियों और अन्य वस्तुओं के मध्य एशियाई देशों को निर्यात को खोलेंगे। इस निर्यात से अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का केंद्र बन जाएगा और पूरे क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा। बादल ने जोर देकर कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में उद्योग स्थापित करना भी बहुत जरूरी है, खासकर तब जब उद्योग पहाड़ी राज्यों में मिल रही रियायतों के कारण वहां चले गए हैं।

## क्लीनमैक्स ने एंकर निवेशकों से 921 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता क्लीनमैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुलने से पहले एंकर (प्रमुख) निवेशकों से 921 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एंकर निवेश दौर में टेमासेक होल्डिंग्स, नोमुरा एसेट मैनेजमेंट, एसबीआई लाइफ, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्प, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एडीआईए, एसबीआई जनरल, प्रेमजी इन्वेस्ट और फ्रैंकलिन टेम्पलटन सहित विदेशी और घरेलू संस्थान शामिल हुए।

## इंडिया सोलर एंड ई-व्हीकल एक्सपो में उमड़े उद्यमी

**संवाददाता, मेरठ**

• व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन मेरठ चैप्टर द्वारा आयोजित इंडिया सोलर एंड ई-व्हीकल एक्सपो 2026 का शनिवार को आईआईए भवन, मोहकमपुर में भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय (21 से 23 फरवरी) इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि आईबी सोलर कंपनी के फाउन्डर डायरेक्टर अभिनव महाजन ने आभार जताया।



मेरठ में एक्सपो का उद्घाटन करते व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल।

एक्सपो में उद्यमियों, छात्र-छात्राओं और आमजन में भारी उत्साह देखा गया। युवाओं ने कैरियर की संभावनाएं तलाशीं। एक्सपो में सोलर और इलेक्ट्रिक व्हीकल के 60 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। सोलर सेल, मॉड्यूल, हाइब्रिड वाहन, ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन और अत्याधुनिक बैटरी तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। आईआईए पदाधिकारियों ने बताया कि इस 10वें सोलर एक्सपो और 4 ई-व्हीकल एक्सपो का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई इकाइयों को हरित ऊर्जा और टिकाऊ परिवहन समाधानों से जोड़ना है। आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने मेरठ को क्रांति की धरती बताते हुए पुनः हरित क्रान्ति के लिए संकल्पित बताया। विशेष आकर्षण वियतनाम की विनफास्ट ई-वी कार रही। सोलर कम्पनियों माइक्रोकटेक ल्यूमिनस के एवीपी, आईबी सोलर के तकनीकी हेड रिगनेन्ट के चेरयमैन के सेल्सनिड, लूनो के स्टेट हैड, वी एस सोलर के हैड, आईडीएफसी के सोलर लोन एक्सपर्ट ने सोलर बिजनेस अवसर पर गहन चर्चा की। संचालन सोलर कमेटी चेयरमैन तारिक हसन नकवी ने किया। अजय गुप्ता, पंकज गुप्ता, अशोक अग्रवाल को सम्मानित किया गया। संजीव मित्तल और संजीव गुप्ता भी मौजूद रहे।



# दिल्ली में लश्कर-ए-तैयबा के हमले की चेतावनी, चांदनी चौक में सुरक्षा सख्त

## एक मंदिर और लालकिले के आसपास सुरक्षा क्षेत्रों में हमले की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में भीड़भाड़ वाले धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को निशाना बनाने की पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की साजिश की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। खुफिया सूचनाओं के अनुसार, विशेष रूप से चांदनी चौक स्थित एक मंदिर और लाल किले के आसपास के उच्च-सुरक्षा क्षेत्रों में आईईडी के माध्यम से हमले की आशंका जताई गई है।

ऐसी आशंका जताई जा रही है कि आतंकी लाल किले के निकटवर्ती क्षेत्रों सहित अन्य उच्च-सुरक्षा वाले इलाकों में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के इस्तेमाल की योजना बना रहे हैं। इस अलर्ट के मद्देनजर चांदनी चौक के मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी कर दी गई है और निरंतर निगरानी व सतर्कता सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों (पैरामिलिट्री फोर्स) की तैनाती की गई है। सुरक्षा के ये कड़े इंतजाम पिछले साल नवंबर में लाल किले के पास हुए भीषण कार बम धमाके के मद्देनजर किए गए हैं। उस समय लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोटकों से भरी एक कार में हुए ब्लास्ट में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गयी थी और 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। जांच में सामने आया था कि उस धमाके में अमोनियम नाइट्रेट आधारित विस्फोटकों का प्रयोग किया गया था। अधिकारियों ने बाद में उस वाहन के चालक की पहचान उमर मोहम्मद उर्फ उमर उन नबी के रूप में की थी। नबी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़ा एक डॉक्टर था। जांच एजेंसियां इस पहलू पर भी गौर कर रही हैं कि क्या लश्कर-ए-तैयबा का यह संभावित कदम इस महीने की शुरुआत में इस्लामाबाद की एक मस्जिद पर किए गए आतंकी हमले को दोहराने की मंशा से प्रेरित है। ज्ञात हो कि गत छह फरवरी को इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में स्थित इमाम बारगाह क़सर-ए-खदीजतुल कुबरा मस्जिद में हुए आत्मघाती विस्फोट में 32 लोग मारे गए थे और 160 से अधिक घायल हुए थे। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने ली थी।

भारत के विदेश मंत्रालय ने उस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा था कि इस्लामाबाद की मस्जिद में हुआ बम धमाका निंदनीय है और भारत इसमें हुई जनहानि पर संवेदना व्यक्त करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान अपने सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुँचाने वाली आंतरिक समस्याओं के समाधान के बजाय अपनी घरेलू बुराइयों के लिए दूसरों पर दोष मढ़कर स्वयं को भ्रम में रख रहा है। भारत ऐसे सभी आरोपों को खारिज करता है, जो पूरी तरह निराधार और अर्थहीन हैं।

## राहुल भिवंडी की अदालत में पेश हुए सपकाल को नया जमानतदार बनाया

**ठाणे/मुंबई, एजेंसी**

• मानहानि मामले की अगली सुनवाई 4 अप्रैल को

कांग्रेस नेता राहुल गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता की ओर से उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में नया जमानतदार पेश करने के लिए शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत में पेश हुए। उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल को अपना नया जमानतदार नामित किया। राहुल के महाराष्ट्र के ठाणे जिले की ओर जाते समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने मुलुंड टोल प्लाजा पर उन्हें काले झंडे दिखाए, नारे लगाए और कांग्रेस पर दिल्ली में एआई इंपैक्ट समिट में युवा कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन के माध्यम से भारत की छवि खराब करने का आरोप लगाया।



संयुक्त दीवानी न्यायाधीश और प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) पीएम कोलसे की अदालत ने राहुल के नये जमानतदार से संबंधित प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद मानहानि मामले की अगली सुनवाई चार अप्रैल के लिए तय की। आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंते की ओर से दायर मामले में कांग्रेस नेता को पहले ही व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी जा चुकी है। कुंते ने अदालत में शिकायत दायर कर आरोप लगाया है कि राहुल ने 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान सोनाले गांव में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि महात्मा गांधी की हत्या के पीछे संघ का हाथ था। अदालत ने राहुल से इस मामले में एक नया जमानतदार पेश करने के लिए कहा था, क्योंकि पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का 12 दिसंबर 2025 को निधन हो गया था, जो उनके जमानतदार थे।

जब राहुल 2016 में अदालत के समक्ष पेश हुए थे, तब पाटिल उनके जमानतदार बने थे, जिसके बाद अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। शनिवार को नया जमानतदार बनाने की कार्यवाही को त्वरित प्रक्रिया के तहत लगभग 15 मिनट में पूरा कर लिया गया। अदालत ने महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के जमानत पत्र औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिए हैं।

## भिंड में बस और वैन की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड-ग्वालियर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 719 पर बस और वैन की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं 7 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात लगभग तीन बजे हुई ये टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन पूरी तरह पिचक गई। उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसा गोहद चौराहा थाना अंतर्गत छींमका गांव के पास हुआ।

गोहद चौराहा थाना प्रभारी मनीष धाकड़ के अनुसार, ईको वैन ग्वालियर से सवारियों को लेकर भिंड की ओर आ रहा था, जबकि बस ग्वालियर की ओर जा रही थी। अभी दो मृतकों की पहचान हुई है। दोनों भिंड जिले के है। इनके नाम अतुल शिवहरे निवासी फूप और जगदीश भदौरिया निवासी स्योड़ा गांव अकोड़ा है। बाकी के शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

## द्रमुक ने सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए टी आर बालू के नेतृत्व में समिति गठित की

**तमिलनाडु चुनाव**

**चेन्नई, एजेंसी**

• चुनाव के लिए कांग्रेस को अधिक सीट देने की संभावना

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने आगामी विधानसभा चुनावों में सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए शनिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता टी आर बालू की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की।

डीएमडीके को गठबंधन में शामिल करने के इस कदम ने उसकी प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक को झटका दिया है, जो आगामी विधानसभा चुनाव में द्रमुक का सामूहिक रूप से मुकाबला करने के लिए विजयकांत द्वारा स्थापित पार्टी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल करने का प्रयास कर रही थी।

द्रमुक के एक सूत्र ने बताया कि पार्टी 22 फरवरी से अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत शुरू कर सकती है। डीएमडीके को समायोजित करने के अलावा पार्टी के इस चुनाव के लिए कांग्रेस को अधिक सीट आवंटित करने की संभावना है। तमिलनाडु में गठबंधन सरकार की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए द्रमुक के सहयोगी एमडीएमके प्रमुख वाइको ने कहा कि द्रविड़ पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। वाइको ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि द्रमुक अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन 2026 के विधानसभा चुनाव जीतकर फिर से सरकार बनाएंगे।

वाइको ने शनिवार को दक्षिणी जिले तिरुनेलवेली में पत्रकारों से कहा कि आगामी चुनाव शक्ति प्रदर्शन की बड़ी परीक्षा नहीं होंगे। द्रमुक ज्यादातर सीट पर जीत हासिल करेगी। द्रमुक के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि हमारे नेता (स्टालिन) ने सहयोगी दलों को चुनावी माहौल के लिए तैयार कर दिया है।

## अगरतला-कोलकाता बस सेवा बहाल करने के प्रयास

**अगरतला, एजेंसी**

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मणिक साहा ने कोलकाता को ढाका के रास्ते अगरतला से जोड़ने वाली भारत-बांग्लादेश बस सेवा को फिर से शुरू करने की पहल का शनिवार को स्वागत किया। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण रॉयल-मैत्री अंतर्राष्ट्रीय बस सेवा पिछले एक साल से निलंबित है, जिससे वीजा संबंधी समस्याएं उत्पन्न हुईं और यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। स्थिति में सुधार होने के साथ, बस संचालक अब सेवा को पुनः शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं और इसके लिये परीक्षण शुरू किया है।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि मैं कोलकाता को ढाका के रास्ते अगरतला से जोड़ने वाली भारत-बांग्लादेश बस सेवा को फिर से शुरू करने के कदम का स्वागत करता हूं। बांग्लादेश में निर्वाचित सरकार के गठन के साथ अनिश्चितता समाप्त हो गई है। भारत-बांग्लादेश बस सेवा के निलंबन के एक साल बाद संचालक ने सेवा को फिर से शुरू करने के लिए ढाका से पश्चिम त्रिपुरा के कृष्णानगर डिपो में एक बस मंगवाई। बस सेवा के प्रबंधक मनोरंजन देवनाथ ने बताया कि पड़ोसी देश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण भारत-बांग्लादेश बस सेवा को एक वर्ष के लिए निलंबित कर दिया गया था।

## गोलपाड़ा से विस्थापितों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें: कोर्ट

**गुवाहाटी, एजेंसी**

• कोर्ट में 60 लोगों ने दायर की थी रिट याचिका

गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने असम सरकार को निर्देश दिया है कि वह यह सुनिश्चित करे कि पिछले साल जून में गोलपाड़ा जिले में बेदखली अभियान से प्रभावित परिवारों को पीने योग्य पानी, बुनियादी चिकित्सा और स्वच्छता सुविधाएं तथा उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। कोर्ट ने कहा कि जीवन के अधिकार में गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार, पीने योग्य पानी का अधिकार, स्वच्छता का अधिकार, साथ ही बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अधिकार शामिल है। यह आदेश न्यायमूर्ति देवाशीष बरुआ के नेतृत्व वाली पीठ ने 16, 17 और 18 जून, 2025 को हाशिला बील (आर्द्रभूमि) क्षेत्र में की गई बेदखली से प्रभावित 60 याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर एक रिट याचिका पर दिया।

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि बच्चों सहित 566 परिवारों को कुछ अन्य व्यक्तियों से संबंधित पट्टा भूमि के एक छोटे से भूखंड में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि याचिकाकर्ताओं सहित प्रभावित परिवार आठ महीने से अधिक समय से घोर अभाव की स्थिति में रह रहे हैं, जहां पीने योग्य पानी, स्वच्छता, भोजन या उचित चिकित्सा देखभाल की कोई उपलब्धता नहीं है। न्यायमूर्ति बरुआ ने याचिकाकर्ता और प्रतिवादियों के अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत तर्कों को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि इस न्यायालय की राय है कि जीवन के अधिकार में गरिमा के साथ जीने का अधिकार, पीने योग्य पानी का अधिकार, स्वच्छता का अधिकार और साथ ही बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अधिकार शामिल है। इस न्यायालय की यह भी राय है कि 2013 के अधिनियम के तहत पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान किए जाने हैं। यहां '2013 के अधिनियम' से तात्पर्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 से है।

# निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल में करेगा 480 कंपनी केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती

- विस चुनाव की घोषणा से पहले दो चरणों में किए जाएंगे तैनात

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की आधिकारिक घोषणा से पहले ही निर्वाचन आयोग राज्य में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती शुरू कर देगी। गृह मंत्रालय से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह तैनाती दो चरणों में होगी। शुरुआत में राज्य में कुल 480 कंपनियां तैनात की जाएंगी।

पहले चरण में एक मार्च तक 240 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। इनमें सीआरपीएफ की 110 कंपनियां, सीमा सुरक्षा बल की 55 कंपनियां, आईटीबीपी की 27 कंपनियां, एसएसबी की 27 कंपनियां और सीआईएसएफ की 21 कंपनियां शामिल हैं। दूसरे चरण में 10 मार्च तक अतिरिक्त 240 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। इस जत्थे में सीआरपीएफ की 120 कंपनियां, बीएसएफ की 65, आईटीबीपी की 20, एसएसबी की 19 और अन्य केंद्रीय बलों की 16 कंपनियां शामिल होंगी। गृह मंत्रालय ने औपचारिक रूप से राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को तैनाती योजना की जानकारी दे दी है और राज्य प्रशासन को आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।


## शांतमनु बने जम्मू कश्मीर के ईसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राज्य चुनाव आयुक्त (ईसी) के रूप में शपथ लेने वाले पूर्व नौकरशाह शांतमनु ने इस केंद्र शासित प्रदेश में लंबे समय से लंबित पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने के महत्व पर जोर दिया। यहां लोक भवन में आयोजित एक समारोह में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को पद की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी आदि मौजूद रहे।

## डिजिटल जवाबदेही भी हुई सुनिश्चित

डिजिटल युग में तकनीक ने हमारे जीवन को सुगम बनाया है, लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उदय ने एक नई और जटिल चुनौती पेश कर दी है। आज एआई के माध्यम से ऐसी सामग्री बनाना संभव है जो हूबहू वास्तविक लगती है। यह तकनीक न केवल किसी व्यक्ति की छवि को धूमिल कर सकती है, बल्कि सामाजिक शांति और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भी प्रभावित कर सकती है। इसी खतरे को भांपते हुए, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईटी नियम, 2021 के तहत सख्त दिशा-निर्देश और परामर्श जारी किए हैं जो 20 फरवरी से लागू भी हो गए हैं। इन नियमों का प्राथमिक उद्देश्य डिजिटल विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स केवल कैरियर नहीं रह सकते, उन्हें प्लेटफॉर्म पर मौजूद सामग्री की शुद्धता के लिए जिम्मेदार बनाया गया है।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस




### सिंथेटिक सामग्री की पहचान

- कानूनी परिभाषा : नए आईटी नियमों के तहत पहली बार 'सिंथेटिक रूप से उत्पन्न जानकारी' (एसजीआई) को औपचारिक रूप से परिभाषित किया गया है। इसमें ऐसी ऑडियो, विजुअल या ऑडियो-विजुअल सामग्री शामिल है जो एल्गोरिदम या एआई के जरिए बनाई या बदली गई हों, और जो वास्तविक व्यक्तियों या घटनाओं के जैसी दिखाई देती हों। यानी डीपफेक एडिटेड या डिजिटली एडिटेड तस्वीरें या वीडियो। हालांकि, सामान्य संपादन (रूटिन एडिटिंग), सुलभता उपकरण (जैसे नेत्रहीनों के लिए टेक्स्ट-टू-स्पीच), शैक्षणिक सामग्री और सद्भावपूर्ण तकनीकी सुधारों को इन नियमों से बाहर रखा गया है, शर्त ये है कि वे सामग्री के अर्थ को न बदलें।

### यूजर्स की नई जिम्मेदारियां

- अनिवार्य घोषणा : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए अब यह जरूरी है कि वे यूजर्स से यह घोषणा लें कि उनके द्वारा अपलोड की गई सामग्री एआई से तैयार की गई है या नहीं।
- ईमानदारी की जरूरत : नई नियमावली के अनुसार, कंटेंट की प्रकृति के बारे में सच बोलने की जिम्मेदारी अब सीधे यूजर पर है। हालांकि प्लेटफॉर्म्स भी जांच करेंगे।
- लेबल और मेटाडाटा के साथ छेड़छाड़ पर रोक : यूजर्स को उन लेबल या स्थायी मेटाडाटा को हटाने, दबाने या उनके साथ छेड़छाड़ करने से स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है, जो प्लेटफॉर्म की तरफ से एआई की पहचान के लिए लगाए जाते हैं।
- कानूनी कार्रवाई को लेकर जागरूकता : प्लेटफॉर्म्स को अब हर तीन महीने में कम से कम एक बार यूजर्स को यह चेतावनी देनी होगी कि नियमों का उल्लंघन करने या एआई का गलत इस्तेमाल करने पर उन्हें सजा भुगतनी पड़ सकती है।

### प्लेटफॉर्म्स के लिए जिम्मेदारियां

- उपयोगकर्ता घोषणा : लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपने उपयोगकर्ताओं से यह घोषणा लेनी होगी कि अपलोड की गई सामग्री सिंथेटिक है या नहीं।
- सत्यापन : प्लेटफॉर्म्स को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से इन घोषणाओं की सटीकता की जांच करनी होगी।
- सुरक्षा उपाय : बाल यौन शोषण सामग्री, गैर-सहमति वाली अंतरंग तस्वीरें, धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले डीपफेक को रोकने को ऑटोमैटिक एआई फिल्टर लगाने होंगे।
- तीन घंटे में निष्कासन : सरकार या अदालत के आदेश के बाद, प्लेटफॉर्म्स को अवैध एआई सिंथेटिक सामग्री को 3 घंटे के अंदर हटाना होगा। पहले 36 घंटे दिया जाता था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पुणे में 19 झुग्गियां जलकर खाक

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे के हडपसर इलाके में बने राम मनोहर लोहिया उद्यान के पास एक श्रमिक बस्ती में कल देर रात भीषण आग लगने से 19 झुग्गियां और तीन दोपहिया वाहन जलकर राख हो गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह घटना पुणे-सोलापुर रोड पर उद्यान के पीछे स्थित अस्थायी बस्ती में तड़के करीब 2:30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि आग एक झुग्गी से शुरू हुई और तेजी से आसपास की झोपड़ियों में फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां और पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे।

### हमलों में मारे गए तीन हिजबुल्लाह कमांडर

**बेरूत।** इज़राइल की ओर से लेबनान के पूर्व में किए गए हवाई हमलों में हिज़्बुल्लाह समूह के तीन कमांडर और आठ सैनिक मारे गए, जबकि 35 अन्य घायल हो गए। लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज़ एजेंसी ने शुक्रवार को शुरुआती आंकड़ों की रिपोर्ट दी, जिसमें कहा गया कि पूर्वी लेबनान के रियाक में एक बिल्डिंग पर हुए हवाई हमलों में 10 से ज़्यादा लोग मारे गए और 30 से ज़्यादा घायल हो गए। लेबनान नागरिक रक्षा के एक सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है।

### यूनान में प्रवासियों की नाव पलटने से 5 मरे

**एथेंस।** यूनान के सबसे बड़े द्वीप क्रीट के दक्षिण में शनिवार तड़के दर्जनों लोगों को ले जा रही एक लकड़ी की नाव के पलट जाने से पांच प्रवासियों की मौत की पुष्टि हो गई है और 20 अन्य अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब प्रवासी समुद्र के रास्ते यूरोप में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। यूनानी तटरक्षक बल द्वारा बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है ताकि लापता लोगों का पता लगाया जा सके। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नाव पर कुल कितने लोग सवार थे।

### शिमला के होटल में मृत मिला ब्रिटिश नागरिक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में लोअर कैथू क्षेत्र स्थित एक होटल में 86 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक मृत पाए गए। मृतक की पहचान इंग्लैंड के 46 रटलैंड रोड निवासी बैरी एल्विन मॉस के रूप में हुई है। दोपहर करीब 12 बजे कैथू स्थित चितकारा पार्क के पास रहने वाले स्थानीय निवासी सूर्यवंशी ने सूचना दी कि उनके होटल के कमरा संख्या 103 में ठहरे एक विदेशी अतिथि अचेत पड़े हैं।

# राष्ट्रपति ट्रंप बोले-ईरान पर सीमित सैन्य हमला करने पर कर रहे विचार

## ईरानी विदेश मंत्री ने कहा- कुछ ही दिनों में तैयार कर लेंगे परमाणु समझौते का मसौदा

- ईरान ने कहा-क्षेत्र में अमेरिकी सेना की अधिक तैनाती गैरजरूरी

तेहरान/ वाशिंगटन, एजेंसी



ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते का मसौदा दो-तीन दिन में तैयार कर लेगा, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान पर सीमित सैन्य हमले करने पर विचार कर रहे हैं। अराघची ने एमएसएनबीसी चैनल को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि मेरा अगला कदम एक संभावित समझौते का मसौदा अपने अमेरिकी समकक्षों को सौंपना है।

यह मसौदा अगले दो से तीन दिनों में तैयार हो जाएगा। मसौदा पश्चिमी एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ़ को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक अच्छे निष्कर्ष की ओर काम करने से पहले एक और चर्चा के दौर की जरूरत होगी। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने मंगलवार को हुए अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर में कहा था कि ईरान ने अपने देश में यूरेनियम संवर्धन खत्म करने का प्रस्ताव नहीं रखा है, न ही अमेरिका ने ऐसी कोई मांग की है। अराघची ने कहा कि एक न्यायपूर्ण और बराबरी वाला समझौता हो सकता है, लेकिन पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सेना की बढ़ती उपस्थिति बिल्कुल अनावश्यक है। दूसरी ओर, ट्रंप ने कहा कि वह ईरान पर समझौता करने के लिए दबाव बनाने की खातिर सीमित हमला करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में कहा, ऐसा कह सकते हैं कि मैं इसपर विचार कर रहा हूं। अराघची ने ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के बारे में नवीनतम जानकारी देने के लिए अपने मिस्र और रूसी समकक्षों के साथ फ़ोन पर बातचीत की।

### रूस-मिस्र ने किया कूटनीतिक प्रक्रिया का स्वागत

मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने ईरान और अमेरिका के बीच चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया का स्वागत किया। उन्होंने आग्रह किया कि शामिल पार्टियों के लिए एक स्वीकार्य खाका हासिल करने के लिए बातचीत जारी रहें। एक अलग फ़ोन कॉल में, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि वह ऐसी बातचीत का समर्थन करते हैं, जिसका मकसद अप्रसार संधि के सिद्धांतों के तहत ईरान के वैध अधिकारों के सम्मान के आधार पर बराबर राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान ढूंढना है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि संरा ईरान के हालात को लेकर बहुत चिंतित है।

### जापान ने जारी की 50 से अधिक देशों के लिए यात्रा चेतावनी

टोक्यो। जापान ने शनिवार को पश्चिम एशिया में हाल के तनाव के मद्देनजर 50 से अधिक देशों और क्षेत्रों के लिए यात्रा पर सतर्कता चेतावनी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हालात में अचानक बदलाव होने की संभावना बनी हुई है और इससे अप्रत्याशित घटनाएं हो सकती हैं, न केवल पश्चिम एशिया बल्कि अमेरिका और यूरोप सहित अन्य भागों में भी। पश्चिम एशिया से बाहर, संयुक्त राज्य अमेरिका के क्षेत्र सहित अप्रत्याशित घटनाएं हो सकती हैं। यदि तनाव और बढ़ता है तो इससे हवाई मार्गों के बंद होने और हवाई अड्डों के अस्थायी रूप से बंद हो जाने की संभावना है।

# सर्वसम्मति पर आधारित होगा हिंद महासागर में संयुक्त समुद्री तंत्र

- गोवा समुद्री सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर बोले नौसेना प्रमुख

पणजी, एजेंसी



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने शनिवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में प्रस्तावित कोई भी संयुक्त समुद्री तंत्र भागीदार देशों के बीच आम सहमति पर आधारित होगा। एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने इसके साथ ही क्षमता निर्माण प्रयासों में भागीदार देशों के लिए भारत के समर्थन का आश्वासन दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने गोवा समुद्री सम्मेलन (जीएमसी) 2026 के दौरान एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन के पहले सत्र में हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के संबंध में चर्चा हुई, जिसमें संयुक्त कार्य बल जैसी व्यवस्था की संभावना भी शामिल है।

उन्होंने कहा, जीएमसी आम सहमति पर आधारित है। सभी देशों के बीच आम सहमति होनी चाहिए। सभी देशों के बीच सहमति होना जरूरी है। हम सबकी क्षमताएं अलग-अलग हैं, इसलिए हर देश जो योगदान दे सकता है, उसे ध्यान में रखना होगा। नौसेना प्रमुख ने कहा कि नजदीकी परिचालन सहयोग का विचार सर्वमान्य है और संयुक्त कार्य बल के तौर तरीके पर सामूहिक रूप से काम करना होगा। उन्होंने एक पिछली पहल का उल्लेख करते हुए इंडियन ओशन शिप (आईओएस) एसएजीएआर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) का उल्लेख किया, जिसके तहत पिछले साल हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के 10 देशों के कर्मी एक भारतीय नौसेना के प्लेटफार्म पर सवार हुए और 41 दिनों तक एकसाथ सफर करते हुए पूरे क्षेत्र के बंदरगाहों का दौरा किया।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि विभिन्न देशों के समुद्री और राजनीतिक नेतृत्व सहित हमें जो अनुभव और प्रतिक्रिया मिली, वह बहुत सकारात्मक थी। इसी के आधार पर हमने इस वर्ष आईओएस एसएजीएआर 2.0 आयोजित करने का निर्णय लिया है। हम तिथि तय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल, जिसमें हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) देशों के अधिकारी और नाविक एक साथ नौकायन और काम करते हैं, समुद्री वातावरण की एक साझा समझ विकसित करने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि जब वे एकसाथ नौकायन करते हैं और मिलकर काम करते हैं, तो वे जिस समुद्री वातावरण को देखते हैं चाहे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से या अपनी आंखों से वह एक समान होता है। इसलिए, उनके बीच एक साझा समझ होती है, जिससे स्वाभाविक रूप से एक-दूसरे के विचारों की अधिक स्वीकृति होगी और सहभागी देशों के बीच अंतर-संचालनीयता बढ़ेगी।

### मादक पदार्थ ट्रेड बड़ी समुद्री चुनौती

क्षेत्र में उभरती चुनौतियों पर, एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि हिंद महासागर का विशाल विस्तार जो विश्व का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है, लगातार निगरानी को एक बड़ी चुनौती बनाता है। उन्होंने विशेष रूप से मादक पदार्थ के व्यापार, मानव तस्करी और समुद्री आतंकवाद जैसे मुद्दों से निपटने के लिए वास्तविक समय में सूचनाओं के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया।

## महाराष्ट्र में परीक्षा से पहले ही 12वीं का पेपर आउट

**नागपुर।** महाराष्ट्र बोर्ड द्वारा नागपुर में आयोजित 12वीं के रसायन विज्ञान की परीक्षा होने से पहले प्रश्नपत्र के कथित तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस पेपर लीक के एक संदिग्ध मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि परीक्षा में कदाचार का यह मामला बुधवार को एक माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में सामने आया। उनके मुताबिक, एक छात्रा के बार-बार शौचालय जाने से संदेह उत्पन्न हुआ। परीक्षकों ने छात्रा के फोन की जांच की तो पता चला कि परीक्षा शुरू होने से पहले ही एक व्हाट्सएप समूह पर प्रश्नपत्र साझा किया गया था। उसी समूह में संभावित उत्तरों को भी साझा किया गया था।

## नहर में गिरा सीआरपीएफ का वाहन, 7 जवान घायल

- जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पास हुआ हादसा

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पास शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वाहन के नहर में गिर जाने से सात जवान घायल हो गए। यह हादसा सुबह डागपोरा-उमरहेयर रोड पर अहमदनगर क्षेत्र में हुआ। बताया गया कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण गाड़ी सड़क से फिसलकर नहर में जा गिरी। घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया और सभी घायल जवानों को तुरंत श्रीनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी घायलों की हालत स्थिर है। घटना के बाद नहर से सीआरपीएफ वाहन को बाहर निकालने के लिए भी अभियान चलाया गया।

### गांदरबल में सुरक्षा बलों ने निष्क्रिय किया आईईडी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को एक संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का पता लगाकर उसे नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आईईडी को एक बैग में रखकर जिले के सफापोरा इलाके में कोहेस्तान कॉलोनी के पास गुलाब शेख मोहल्ले में सड़क किनारे रखा गया था।

## दक्षिणी नेपाल के रौतहट जिले में कर्फ्यू लागू

**काठमांडू।** दक्षिणी नेपाल में मधेस प्रांत के रौतहट जिले में दो गुटों के बीच हुई झड़पों के बाद तनाव बढ़ने पर कुछ हिस्सों में शनिवार को कर्फ्यू लगा दिया गया। गुरुवार शाम को एक विवाद के बाद दो समुदायों के बीच झड़पें शुरू हुईं, जिसके बाद शुक्रवार और शनिवार सुबह तक जारी रही हिंसा में आठ लोग घायल हो गए। मुख्य जिला अधिकारी दिनेश सागर भुसाल के अनुसार, शनिवार दोपहर एक बजे से जिला मुख्यालय गौर और अन्य हिस्सों में अगले आदेश तक कर्फ्यू लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि यह निर्णय रौतहट जिला सुरक्षा समिति द्वारा लिया गया है। जिला प्रशासन ने कर्फ्यू क्षेत्र में लोगों की आवाजाही, सभाओं, रैलियों और प्रदर्शनों पर रोक लगा दी है।

## अजित पवार विमान दुर्घटना मामले में साजिश की जांच हो

- विधायक रोहित पवार ने पीएम मोदी और गृहमंत्री को भेजा पत्र

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के विधायक रोहित पवार ने शनिवार को आरोप लगाया कि बड़े व्यवसायी और नेता 28 जनवरी को पुणे के बारामती में हुए विमान दुर्घटना की जांच में विलंब और उसे नियंत्रित करने की साजिश कर रहे हैं जिसमें उनके चाचा एवं महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत हो गई थी।

दो बार के विधायक पवार ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखा है, जिसमें उनसे तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू को हटाने की अपील की गई है, जो सत्ताधारी भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रवादी जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की साझेदार है। रोहित पवार ने मीडिया से कहा, मैं मोदी जी से आग्रह करता हूं कि नागिरक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के मामले में तुरंत कार्रवाई करें। वीएसआर कंपनी और उनकी पार्टी के बीच रिश्तों पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इन रिश्तों की जांच एक स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से होनी चाहिए। अगर ज़रूरी हो तो अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को भी शामिल किया जाना चाहिए। जांच होने तक राम मोहन नायडू को मंत्री पद से इस्तीफा देने को कहा जाए।

## विमान खरीदने पर मरियम नवाज पर साधा निशाना


**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज अपने निजी इस्तेमाल के लिए 11.7 अरब पाकिस्तानी रुपये का एक आलीशान विमान खरीदने के मामले में कड़ी आलोचनाओं का सामना कर रही हैं। स्ट्रैटकॉम ब्यूरो के अनुसार, पंजाब सरकार ने वीआईपी परिवहन के लिए 2019 में निर्मित एक नया गल्फस्ट्रीम जी500 विमान खरीदा है। विमान की अनुमानित कीमत लगभग 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने कहा कि मरियम नवाज प्रशासन ने प्रस्तावित एयर पंजाब बेड़े के हिस्से के रूप में 19 सीट वाला वीआईपी विमान हासिल किया है। विपक्षी दलों ने मरियम नवाज की विलासितापूर्ण जीवन शैली की कड़ी आलोचना की है।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 22 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 11.09 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्विनी 17.54 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** - आज एकाग्र होकर अपनी परेशानियों के विषय में विचार करें। किंतु समस्याओं को किसी बाहरी व्यक्ति से शेयर न करें। आपका मन कुछ नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकता है। परिवार में आपको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष** - आज आपके ऊपर काम का दबाव अचानक से बढ़ सकता है। उधार दिए हुए धन की वापसी को लेकर समस्या हो सकती है। व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार धन लाभ नहीं होगा। पेटदर्द की समस्या हो सकती है। प्रेम संबंधों में टकराव देखने को मिल सकता है।

**मिथुन** - आज अपनी सेहत को लेकर अत्यधिक सजग रहेंगे। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। मित्रों की सलाह से लाभ होगा। आवश्यक कार्यों को कल पर न टालें। व्यवहार में विनम्रता के कारण लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** - आज महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पूर्वार्ध में कर लें। ऑनलाइन व्यवसाय से अत्यधिक लाभ मिल सकता है। राजनीति में आपका रुझान बढ़ सकता है। घर में मेहमान आ सकते हैं। निजी रिश्तों में दूरियां बढ़ने की संभावना है।

**सिंह** - आज निजी समस्याओं को लेकर आपको शुभचिंतकों से उत्तम सलाह मिल सकती है। व्यापार से आपको अपेक्षित लाभ मिल सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप अत्यधिक सक्रिय हो सकते हैं। मन में दूसरे कार्यों के कारण भटकाव हो सकता है।

**कन्या** - आज उच्च अधिकारियों से आपको प्रशंसा मिलेगी। आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी अच्छी रहने वाली है। दिखावे के चक्कर में आपको नुकसान हो सकता है। वित्तीय मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे।

**तुला** - आज आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्साहित रहेंगे। कोई विरोधी आपकी प्रशंसा कर सकता है। मन का भय दूर होगा। आप किसी पुराने केस को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है।

**वृश्चिक** - आज आपको योजनाओं से हटकर काम करना पड़ सकता है। आपके नए मित्र बन सकते हैं। आपके व्यक्तित्व से लोग अत्यधिक आकर्षित होंगे। पारिवारिक कामों में आपको धन खर्च करना पड़ेगा। अपने शत्रुओं को नजरअंदाज न करें।

**धनु** - आज अपनी क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। अपने ज्ञान के दायरे को बढ़ाने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में अनुशासन कम हो सकता है। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। संतान के व्यवहार से आपका मन आनंदित रहेगा।

**मकर** - आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक होने की संभावना है। संतान के व्यवहार से मन आनंदित रहेगा। कार्यशैली में बड़ा सुधार कर सकते हैं। उच्च शिक्षा की परेशानियां दूर होंगी। माता-पिता से सलाह लेकर नया काम शुरू करें।

**कुंभ** - आज आप दूसरों की परेशानियों को समझकर उनकी सहायता करेंगे। कारोबार में आयवृद्धि होगी। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मीन** - आज आपको धैर्य रखना होगा। कार्यक्षेत्र के वातावरण से असहज हो सकते हैं। परिजनों के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान झेलना पड़ सकता है। व्यवसाय में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।

## सुडोकू -69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | | | 7 | | |
| | | 2 | | 1 | 5 | 8 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 2 |
| | | 7 | | 4 | 8 | | | |
| | | 4 | | 6 | | 1 | | |
| | | | 8 | | | 2 | 3 | |
| | | 8 | | | 2 | | 5 | |

### सुडोकू - 68 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 |



> यह एक जबरदस्त मैच होने वाला है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका कोई आसान टीम नहीं है, वे पक्का मुकाबला करेंगे। और यह 2024 के वर्ल्ड कप फाइनल का रिपीट है, इसलिए हर कोई इसका इंतजार कर रहा है।
>
> **- रवि शास्त्री**



## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| इंग्लैंड-श्रीलंका | दोपहर 3 बजे |
| भारत-दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### वीनस विलियम्स को इंडियन वेल्स में वाइल्ड कार्ड मिला

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को अगले महीने दक्षिणी कैलिफोर्निया में होने वाले बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। यह 45 वर्षीय खिलाड़ी 2024 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। उस समय भी उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था लेकिन वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। वीनस तीन बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। उन्होंने 2001 की एक विवादित घटना के बाद 2002 से लेकर 2016 तक इस प्रतियोगिता का बहिष्कार किया था।

### संन्यास के नौ साल बाद वापसी करेंगे मेवेदर

**लॉस एंजिलिस।** दिग्गज मुक्केबाज फ्लॉयड मेवेदर ने कहा है कि वह नौ साल के अपने संन्यास को समाप्त करके इस साल गर्मियों में प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी में वापसी करेंगे। मंगलवार को 49 वर्ष के होने वाले मेवेदर ने 2017 के बाद से कोई पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबला नहीं लड़ा है। तब उन्होंने कॉनर मैकग्रेगर को हराया था। इस मुकाबले के बाद मेवेदर (50-0, 27 नॉकआउट) ने अपने करियर में तीसरी बार संन्यास की घोषणा की थी। पांच बार के पूर्व विश्व चैंपियन मेवेदर का रिंग में कोई सानी नहीं है। उन्होंने अब तक हर पेशेवर मुकाबला जीता है। संन्यास लेने के बाद भी वह प्रदर्शनी मुकाबलों में हिस्सा लेते रहे हैं।

### बांठिया-डोंस्की ने युगल का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सिद्धांत बांठिया और बुल्गारिया के अलेक्जेंडर डोंस्की की जोड़ी ने दिल्ली ओपन युगल खिताब जीत लिया। एकल ड्रॉ में पांचवीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के ओलिवर क्रॉफोर्ड का सामना यूनान के गैर वरीय स्टेफानोस साकेलारिडिस से होगा। बांठिया और डोंस्की ने दूसरी वरीयता प्राप्त भारत के निकी पूनाचा और इंडोनेशिया के प्रूच्या इसारो को 4-6, 6-4, 12-10 से हराया। यह बांठिया के कैरियर का दूसरा एटीपी चैलेंजर युगल खिताब है। उन्होंने दोनों खिताब डोंस्की के साथ ही जीते हैं।

### अर्जेंटीना के एचेवेरी सेमीफाइनल में

**रियो डी जेनेरियो।** अर्जेंटीना के आठवें सीडेड टॉमस मार्टिन एचेवेरी शुक्रवार को पुर्तगाल के जैमे फारिया को 7-6 (7-4), 6-4 से हराकर रियो ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। एचेवेरी ने अपने पहले सर्व पर 80% पॉइंट जीते और नौ एस लगाकर जॉकी क्लब ब्रासीलीरो की आउटडोर क्ले कोर्ट पर दो घंटे और चार मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। वर्ल्ड नंबर 147 फारिया अपने पांच ब्रेक पॉइंट मौकों में से किसी को भी भुना नहीं पाए और 21 अनफोर्स्ड गलतियां कीं। एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में एचेवेरी का मुकाबला 87वीं रैंक के विट कोप्रिवा से होगा, जिन्होंने अर्जेंटीना के जुआन मैनुअल को 6-4, 6-4 से हराया।

# तिलक और सूर्यकुमार को संभालनी होगी जिम्मेदारी

## टी-20 विश्व कप : द. अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 का मैच आज



एडेन मार्करम (कप्तान)



सूर्यकुमार यादव (कप्तान)

**अहमदाबाद, एजेंसी**

ग्रुप चरण में अपने चारों मैच जीतकर खिताब बचाने की अपनी दावेदारी को मजबूत करने वाली भारतीय टीम को टी20 विश्व कप के सुपर आठ में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की बड़े शॉट खेलने के बजाय स्थिर बल्लेबाजी करने की बदली हुई रणनीति की परीक्षा होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम के पास कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन, केशव महाराज और एडन मार्करम के रूप में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है जो मौजूदा चैंपियन भारत की कड़ी परीक्षा लेने के लिए तैयार है।

दोनों टीमें पिछले दो महीनों में छठी बार एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी और यह देखना बाकी है कि रविवार को कौन सी टीम परिस्थितियों का बेहतर फायदा उठाएगी। भारतीय टीम को ग्रुप चरण में खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन वह इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि उसकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन (दो अर्धशतक और 202 का स्ट्राइक रेट) को छोड़कर शीर्ष चार में शामिल अन्य तीन बल्लेबाजों ने अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। अभिषेक शर्मा लगातार तीन मैच में शून्य पर आउट हो चुके हैं और उन्हें टूर्नामेंट में अपने पहले रन का इंतजार है। सूर्यकुमार और तिलक ने हालांकि सूत्रधार की भूमिका निभाई है लेकिन इन दोनों ने ऐसी पिचों पर सहज प्रदर्शन नहीं किया है जहां गेंद रुककर आ रही हो। भारत रन बनाने के लिए हार्दिक पंड्या (स्ट्राइक रेट 155) और शिवम दुबे (स्ट्राइक रेट 178) पर भी काफी हद तक निर्भर रहा है। टीम को इन दोनों ऑलराउंडर से फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अभिषेक के लगातार दो बार ऑफ स्पिनरों के हाथों आउट हुए हैं और इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्क्रम पावरप्ले में ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करने का फैसला करते हैं या नहीं। भारतीय टीम के लिए भले ही अभिषेक की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन पहले चरण में तिलक की लचर बल्लेबाजी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

### टीम मैनेजमेंट अभिषेक के लगातार कम स्कोर से परेशान नहीं : कप्तान

**अहमदाबाद।** भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ओपनर अभिषेक शर्मा का साथ दिया है, जो अभी चल रहे टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, क्योंकि टीम रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पहले सुपर 8 मैच की तैयारी कर रही है। सूर्यकुमार ने साफ किया कि टीम मैनेजमेंट अभिषेक के लगातार कम स्कोर से परेशान नहीं है। भारतीय कप्तान ने बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की काबिलियत पर अपना भरोसा दोहराया और उम्मीद जताई कि टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ ही टॉप रैंक वाला टी20 बल्लेबाज जल्द ही अपनी फॉर्म में वापस आ जाएगा। सूर्या ने कहा मुझे उन लोगों की चिंता है जो अभिषेक के फॉर्म को लेकर परेशान हैं; मुझे उनकी चिंता है। वे अभिषेक के फॉर्म को लेकर इतने परेशान क्यों हैं? लेकिन मैं उन टीमों के बारे में सोचता हूं जो उसके खिलाफ खेलने वाली हैं।

● **दक्षिण अफ्रीका के पास है मजबूत गेंदबाजी आक्रमण, जो लेगा भारत की कठिन परीक्षा**

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकलटन, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, मार्को यानसन, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, केशव महाराज, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नार्किया, क्वेना मफाका, जॉर्ज लिंडे, जेसन स्मिथ।

### काली मिट्टी की पिच पर होगा मैच, स्पिन की उम्मीद कम

**अहमदाबाद।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को सुपर आठ चरण का मैच नियमित काली मिट्टी पर खेला जाएगा, जिससे स्पिनरों को शायद मदद नहीं मिले और इससे टीम प्रबंधन के सामने दुविधा हो गई है कि अतिरिक्त स्पिनर को चुने या तेज गेंदबाज का। अक्षर पटेल टीम में वॉशिंगटन सुंदर की जगह ले सकते हैं। डैथ ओवरों में अर्शदीप सिंह की उपयोगिता को देखते हुए भारतीय टीम तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को शामिल करने से पहले काफी सोच विचार करेगी। मोटेरा मैदान पर सभी तीन तरह की पिचें हैं, लाल मिट्टी, काली मिट्टी और मिश्रित मिट्टी की। इस मैच के लिये काली मिट्टी की पिच तैयार की गई है जिससे अच्छा उछाल मिलेगा। इससे घास पूरी तरह से छांट दी गई है। मोटेरा में क्रिकेट खेलते आये गुजरात के एक पूर्व कप्तान ने कहा कि इससे स्पिनरों को टर्न नहीं मिलेगी।


# सुपर-8 का पहला मुकाबला बारिश से रद्द

**पल्लेकल, एजेंसी**

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप दो का मैच शनिवार को बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया। इससे दोनों टीमों को एक एक अंक बांटना पड़ा। हल्की बूंदाबांदी के बीच पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया था। लेकिन अचानक तेज बारिश होने लगी जिससे मैच रद्द करने का फैसला लेना पड़ा।

पाकिस्तान ने टीम में ख्वाजा नफे की जगह फखर जमां को शामिल किया था। वहीं न्यूजीलैंड टीम में तीन बदलाव किये गए थे। कप्तान मिचेल सेंटनेर पेट के संक्रमण से उबरकर टीम में लौटे जबकि लॉकी फर्ग्यूसन और ईश सोढी को भी अंतिम एकादश में शामिल किया गया। अब पाकिस्तान को 24 फरवरी को इंग्लैंड से खेलना है। न्यूजीलैंड टीम 25 फरवरी को श्रीलंका से खेलेगी।

मैच रद्द होने से न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के लिए राह कठिन हो सकती है जिन्हें सुपर आठ में दो दो मैच और खेलने हैं। श्रीलंका के मौसम को देखते हुए अगर आगे कोई मैच रद्द होता है या हार का सामना करना पड़ता है तो सेमीफाइनल के रास्ते बंद हो सकते हैं।



टॉस के बाद बारिश शुरू होने के कारण मैदान को ढक दिया गया।

● **पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को मिला 1-1 अंक**

### एक हार पड़ सकती है दोनों टीमों के लिए भारी

अगर पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड की टीम अपने अगले दो मैच जीत जाती है तो वह सेमीफ़ाइनल में पहुंच जाएंगे लेकिन एक हार उन्हें तीन अंकों तक सीमित कर सकती है, जिससे उनपर बाहर होने का खतरा बढ़ जाएगा।

# श्रीलंका के खिलाफ पिछली शृंखला के प्रदर्शन से प्रेरणा लेगा इंग्लैंड

**पल्लेकल (श्रीलंका), एजेंसी**





श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका और इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक।

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली इंग्लैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट से पहले शृंखला में क्लीन स्वीप करने के प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने इसी महीने की शुरुआत में श्रीलंका को टी20 शृंखला में 3-0 से हराया था और वह सुपर आठ के मैच में अपने इस प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेगा।

इंग्लैंड का टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन अभी तक प्रभावशाली नहीं रहा है। उसे एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था जबकि पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज से उसे हार मिली थी। सह-मेजबान श्रीलंका ने आयरलैंड और ओमान पर जीत के साथ शुरुआत की। उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उसे आठ विकेट से हराया। लेकिन गुरुवार को कोलंबो में अपने आखिरी ग्रुप मैच में जिम्बाब्वे से हारने के बाद श्रीलंकाई टीम की लय बिगड़ गई। दोनों टीमों के लिए यह एक नई शुरुआत होगी, जिसमें श्रीलंका घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। दूसरी तरफ इंग्लैंड उस स्थान पर अपनी लय वापस हासिल करने की कोशिश करेगा जहां उसने कुछ दिन पहले अच्छा प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड ने लीग चरण के अपने सभी मैच भारत में खेले हैं और श्रीलंका लौटकर खुश होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़ने वाले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। वह इस टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले तीन खिलाड़ियों में से एक हैं।

### टीम

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रुक (कप्तान), टॉम बैंटन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, ल्यूक वुड।

**श्रीलंका :** दासुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, पथुम निसांका, कुसल परेरा, पवन रत्नायके, चैरिथ असालंका, दुशान हेमंथा, जेनिथ लियानगे, कामिंदु मेंडिस, दुशमंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, प्रमोद मदुशन, महीश तीक्षाना, डुनिथ वेललागे।

# टी-20 शृंखला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक जीत

**एडिलेड, एजेंसी**



जीत का जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

भारत ने उप कप्तान स्मृति मंधाना (82 रन) और करिश्माई बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स (59 रन) के बीच शतकीय साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को यहां निर्णायक तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 17 रनों से शिकस्त देकर इस मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक दशक में पहली द्विपक्षीय टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला अपने नाम की।

मंधाना (55 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के) और रोड्रिग्स (46 गेंद में चार चौके) ने मिलकर 121 रन की साझेदारी निभाकर भारत को छह विकेट पर 176 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। फिर भारतीय गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी की जिसमें युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल (22 रन देकर तीन विकेट) और तेज गेंदबाजी की अगुआई करने वाली रेणुका सिंह (29 रन देकर एक विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए स्कोर तीन विकेट पर 32 रन कर दिया।

इन शुरुआती झटकों ने भारत के दबदबे भरे प्रदर्शन की शुरुआत की और अंत में उसने मेजबान टीम को 20 आवेर में नौ विकेट पर 159 रन पर रोककर टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में 2-1 से यादगार जीत दर्ज की। इस तरह भारत ने 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला जीती। बाएं हाथ की युवा स्पिनर श्री चरणी (तीन विकेट) ने भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाते हुए तीन विकेट प्राप्त किए।

### जेमिमा के रवैये से लय हासिल करने में मिली मदद: मंधाना

**एडीलेड।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि जेमिमा रौड्रिग्स के साहसी रवैये से उन्हें धीमी शुरूआत के बाद लय हासिल करने में मदद मिली जिसके दम पर भारत ने आस्ट्रेलिया को तीसरे टी20 मैच में शनिवार को 17 रन से हराया। मंधाना ने 82 रन बनाये जबकि जेमिमा ने 59 रन की पारी खेली और दोनों ने 121 रन की साझेदारी करके भारत को छह विकेट पर 176 रन तक पहुंचाया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने आस्ट्रेलिया को नौ विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। मंधाना ने मैच के बाद कहा जब वह आई तब मैं 16 गेंद पर 15 रन बनाकर खेल रही थी। उसने आकर तीन चार चौके लगाये और मुझे लय हासिल करने के लिये समय मिल गया। उन्होंने कहा ये छोटी छोटी चीजें हैं जिन पर ध्यान नहीं जाता।

**कलह**

**विश्व कप न खेलने का मलाल, बोले-तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया गया**

# पूर्व खेल सलाहकार पर भड़के बांग्लादेश के सहायक कोच

**ढाका, एजेंसी**



सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन।

बांग्लादेश के सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने पूर्व खेल सलाहकार आसिफ नजरुल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया और मौजूदा टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी के संबंध में अपना रुख बदल दिया। सलाहुद्दीन ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के फैसले को स्वीकार करना बेहद मुश्किल था। उन्होंने दावा किया कि टीम के दो सदस्य मानसिक रूप से बुरी तरह टूट गए थे।

नजरुल ने शुरू में यह दावा किया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत की यात्रा न करने का फैसला सरकार ने लिया था। लेकिन अपने पद से इस्तीफा देने के बाद वह इससे मुकर गए और उन्होंने कहा था कि यह फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और खिलाड़ियों ने लिया था।

सलाहुद्दीन ने पत्रकारों से कहा उन्होंने सरासर झूठ बोला। मैं भी एक शिक्षक हूं और शिक्षक आम तौर पर कम झूठ बोलते हैं। वह इस तरह खुलेआम झूठ बोलेंगे। मैं सचमुच इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। मैं खिलाड़ियों को अपना चेहरा कैसे दिखाऊंगा। उन्होंने तो एकदम यू-टर्न ले लिया। सलाहुद्दीन ने कहा कि फैसला लेने में खिलाड़ियों की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा, वह ढाका विश्वविद्यालय में शिक्षक हैं। मेरे देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थान का कोई व्यक्ति इस तरह का झूठ बोल रहा है। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। हम इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं। उन्होंने पहले कुछ कहा और बाद में अपने बयान से पलट गए। बांग्लादेश ने अपने मैच खेलने के लिए भारत आने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में उसकी जगह शामिल किया गया था। सलाहुद्दीन ने कहा कि टी20 विश्व कप से बाहर किए जाने के बाद खिलाड़ी बेहद निराश थे। उन्होंने कहा विश्व कप में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है और उनका सपना एक पल में चकनाचूर हो गया। मैं जानता हूं कि हमारे दो खिलाड़ी पांच दिन तक सदमे में रहे। वे पूरी तरह से टूट चुके थे।

### आईसीसी का राजस्व मॉडल है प्रतिकूल : नीदरलैंड्स

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड के सदस्य राशिद शाह का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का मौजूदा वाणिज्यिक मॉडल एसोसिएट देशों के प्रतिकूल है क्योंकि इसमें अधिकांश हिस्सा टेस्ट खेलने वाले देशों को दिया जाता है। वर्ष 2024 से 2027 तक के चक्र में आईसीसी के राजस्व का लगभग 40 प्रतिशत यानी अनुमानित 231 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष भारत को मिलेगा। आईसीसी अपने राजस्व का सबसे बड़ा हिस्सा भारत से हासिल करता है जिसमें मीडिया अधिकार प्रमुख हैं। शाह ने हालांकि बीसीसीआई की उपलब्धियों और योगदान की प्रशंसा की।